सुप्रभात
रांची, सोमवार
12.08.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net सावन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 34 12




## न्यूज डायरी

### पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का निधन

**नयी दिल्ली।** पूर्व विदेश मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के नटवर सिंह (93) का शनिवार देर रात निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती थे, वहीं उन्होंने अंतिम सांस ली। राजस्थान के भरतपुर में 1931 में जन्मे नटवर सिंह मनमोहन सिंह सरकार में विदेश मंत्री थे।

### बालूमाथ के तीन लोग नदी के तेज बहाव में बहे

**बालूमाथ।** मारंग लोइया पंचायत के बिशुनपुर गांव के बलबल नदी में रविवार की शाम पानी के तेज बहाव में तीन लोग बह गये। जानकारी के अनुसार विशुनपुर गांव के ही सात लोग बकरी चराने गये थे। लौटने के क्रम में बलबल नदी में पानी कम देखकर पार करने लगे। अचानक पानी का बहाव तेज हो गया और तीन लोग बह गये। उनके नाम बसंती देवी (50), विवेक उरांव (12) और फूलो मसोमात (50) बताया जा रहा है।

### सरकारी स्कूलों लागू होगा स्कूल स्कोर कार्ड

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार के लिए अभियान चलाया जा रहा है। राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इस दिशा में एक और बड़ी पहल शुरू की है। राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों के शैक्षणिक स्तर में वृद्धि और स्कूलों की व्यवस्था में सुधार के लिए विभाग ने स्कूलों की रिपोर्ट कार्ड जारी करने का निर्णय लिया है।

### हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 21 को

**रांची।** जालंधर में 9 से 19 सितंबर तक होने वाली 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 के के लिए झारखंड टीम के चयन के लिए 21 अगस्त को ट्रायल होगा। बताया गया कि झारखंड टीम के गठन के लिए हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 21 अगस्त को रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में होगा। चयन ट्रायल 21 अगस्त को प्रातः 9 बजे से होना है।

### रांची-पटना वंदे भारत में नोटों भरा बैग बरामद

**पटना।** रांची से पटना पहुंची वंदे भारत ट्रेन से आरपीएफ ने 50 लाख कैश बरामद किया है। जब तलाशी ली गयी तो बैग से पैसों की इतनी बड़ी खेप मिली। बरामद सभी नोट 500 के थे। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसका नाम बजरंग सिंह ठाकुर बताया गया और आरोपी झारखंड के रामगढ़ का है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो स्मार्ट वॉच भी जब्त की है, जिनकी कीमत 30 हजार के करीब है। युवक से पूछताछ में पता लगा कि 50 लाख की रकम रांची से पटना में किसी शख्स को देनी थी। हालांकि वो शख्स कौन है उस बारे में आरोपी ज्यादा कुछ नहीं बता पाया है।

---

कोलकाता में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या

# आज से हड़ताल पर रहेंगे देशभर के रेजिडेंट डॉक्टर

**डॉक्टरों में आक्रोश**

**वारदात में शामिल आरोपी गिरफ्तार**



एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। जूनियर डॉक्टर पीड़िता के लिए इंसाफ की मांग कर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

इधर इस वारदात के विरोध में रेजिडेंट डॉक्टरों के संगठन 'फेडरेशन ऑफ आल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन' ने 12 अगस्त से पूरे देश में हड़ताल का ऐलान किया है। उन्होंने सभी सरकारी अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन से इस हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया है। इस दौरान ओपीडी, इलेक्टिव सर्जरी और लैब में कामकाज बंद रखने की बात कही गयी है। आरडीए ने भी अपनी तरफ से डॉक्टरों को हड़ताल पर जाने का नोटिस दे दिया है।

इस घटना के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कामकाज बंद है। जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि पुलिस ने केवल एक आरोपी को पकड़ा है, जबकि इस जघन्य कांड में कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं।

प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों का दावा है कि आरोपी संजय रॉय की गिरफ्तारी के पीछे किसी बड़ी बात को जान-बूझ कर छिपाने की कोशिश की जा रही है। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे अस्पताल में काम बंद रखेंगे।

### आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट को पद से हटाया गया

इस बीच बंगाल की ममता सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट को हटा दिया है। जानकारी के मुताबिक बंगाल सरकार ने अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट संजय वशिष्ठ को हटाकर छात्र मामलों के डीन प्रो. बुलबुल मुखोपाध्याय को सुपरिंटेंडेंट का अतिरिक्त प्रभार दिया है।

### 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया आरोपी



कोलकाता पुलिस ने शनिवार को एक आरोपी संजय रॉय को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां उसे 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी अब 23 अगस्त तक पुलिस की कस्टडी में रहेगा, जहां उससे इस केस के बारे में पूछताछ की जाएगी। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 64 और 103 के तहत केस दर्ज किया गया है। एक ब्लूटूथ ईयरबड के जरिए पुलिस उस तक पहुंच पायी।

### सुकांत ने केंद्र से सीबीआई जांच की मांग की

**कोलकाता।** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री एवं बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने रविवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखकर मामले की सीबीआई जांच की मांग की। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री मजूमदार ने नड्डा को लिखे पत्र में कहा कि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई से जांच कराने की जोरदार मांग हो रही है। अपराध की गंभीरता और त्वरित न्याय की आवश्यकता को देखते हुए, आपसे अनुरोध करता हूं कि केंद्र सीबीआई जांच की अनुशंसा करे और इस मामले में तेजी से कार्रवाई हो ताकि दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जा सके।

---

पार्टी एंज्वॉय करने चार दोस्तों के साथ रात को निकला था

# मनन विद्या स्कूल की दसवीं कक्षा का छात्र जुमार नदी में डूबा

**बच्चे की तलाश जारी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के मनन विद्या स्कूल में पढ़ने वाला दसवीं कक्षा का एक छात्र शनिवार रात से ही लापता है। वह हॉस्टल में रह कर पढ़ाई करता था। देर रात पांच दोस्तों संग स्कूल की दीवार फांद कर पार्टी करने निकले थे। सभी बच्चे जुमार नदी पार करने के लिए उसमें उतरे। नदी में छलांग लगाने के बाद कुछ बच्चे झाड़ी में फंस गये। फंसे दोस्तों को बचाने में पीयूष कुमार सिंह खुद पानी में बह गया। एनडीआरएफ की टीम लापता बच्चे की खोज में लगी है। अबतक वह नहीं मिल सका है।

पियूष गया का रहनेवाला है। हादसे की खबर मिलते ही उसके पिता रांची पहुंचे। इस संबंध में सदर थाना में एक रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीयूष अपने चार दोस्तों के साथ हॉस्टल के खिड़की का लोहा काट कर रात को एक बजे निकला था। रात दो बजे जानकारी हॉस्टल प्रबंधन को मिली। पांचों बच्चे की तलाश शुरू की। चार बच्चे मिल गये, लेकिन पीयूष का कहीं पता नहीं चल पाया। छात्र आशीष ने बताया कि सभी हॉस्टल में रहने के बाद बोर हो गये थे। वे लोग रात में एन्ज्वॉय करना चाहते थे इसलिये सभी वहां से निकल गये। स्कूल की प्रिंसिपल रेखा नायडू ने कहा कि सभी के परिजनों को फोन कर दिया गया है। पुलिस की मदद से पीयूष की तलाश की जा रही है।

### मंत्री संग शिक्षकों की बैठक स्थगित

**रांची।** स्कूली शिक्षा मंत्री के साथ शिक्षकों की होने वाली आज की बैठक स्थगित कर दी गयी है। राज्य के पारा शिक्षकों यानी की सहायक अध्यापकों की बैठक स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री बैजनाथ राम के साथ सोमवार को तय थी। बता दें कि यह बैठक मंत्री के रांची से बाहर होने के कारण स्थगित हो की गयी है। अगली बैठक की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। मालूम हो कि राज्य के सहायक अध्यापक वेतनमान की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। इसी को लेकर मंत्री के साथ अधिकारियों और सहायक अध्यापकों की बैठक होनी थी। इसमें मानदेय बढ़ाने पर विचार किया जाना है।

## देवघर और धनबाद सहित आठ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**पिछले 24 घंटे में मॉनसून की गतिविधि सामान्य**

**वेदर अलर्ट**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि 17 अगस्त तक राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। वहीं 13 से 15 अगस्त तक राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों के देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं आज सोमवार को कहीं-कहीं गरज के साथ वज्रपात हो सकता है।

इधर मौसम वैज्ञानिकों ने खराब मौसम रहने पर सतर्क रहने की अपील की है। बारिश और वज्रपात के दौरान सुरक्षित स्थान पर रुकने की सलाह दी है। पिछले 24 घंटे में राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। राज्य में मॉनसून की गतिविधि सामान्य रही। सबसे अधिक बारिश 86 मिलीमीटर गढ़वा के धुरकी में दर्ज की गयी। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस सरायकेला में रिकॉर्ड किया गया जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रांची में दर्ज किया गया।

---

## अमेरिका को सेंट मार्टिन द्वीप नहीं सौंपा इसलिए सत्ता से हाथ धोना पड़ा : हसीना

**बांग्लादेश जल्द लौटने की बात कही**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि वह जल्दी ही बांग्लादेश लौटेंगी। हसीना ने आरोप लगाया है कि अमेरिका को सेंट मार्टिन द्वीप नहीं सौंपने के कारण ही उन्हें सत्ता से हाथ धोना पड़ा है। उन्होंने बांग्लादेशी नागरिकों से कट्टरपंथियों के बहकावे में नहीं आने की अपील की है।

बांग्लादेशी अवाम (जनता) के नाम मीडिया को भेजवाये एक संदेश में हसीना ने कहा कि उन्होंने इसलिए इस्तीफा दे दिया क्योंकि वे लाशों का ढेर नहीं देखना चाहती थीं। शेख हसीना ने कहा कि वे सत्ता में बनी रह सकती थीं यदि वह सेंट मार्टिन द्वीप की संप्रभुता अमेरिका के हवाले कर दी होतीं और उसे बंगाल की खाड़ी में अपना प्रभुत्व स्थापित करने की अनुमति दी होतीं।

**अगर मैं देश में रहती तो और अधिक जानें जातीं :** शेख हसीना ने अपने संदेश में कहा कि अगर वे देश में रहती तो और अधिक जानें जातीं, और भी ज्यादा संसाधनों और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान होता। शेख हसीना ने कहा कि यह समाचार पाकर मेरा दिल रो रहा है कि मेरी पार्टी वामी लीग के कई नेता मार डाले गये।

उन्होंने कहा कि मेरे लोग जो बांग्लादेश में हैं, हिम्मत न हारें, निराश न हों, मैं जल्द ही लौटूंगी। कहा कि यह हार मेरी है, लेकिन जीत बांग्लादेश के लोगों की है। मैं हमेशा बांग्लादेश के भविष्य के लिए प्रार्थना करूंगी।

**छात्रों से कहा- मैंने आपको कभी रजाकार नहीं कहा :** हसीना ने जॉब कोटा को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन का जिक्र किया। कहा कि मैं बांग्लादेश के युवा छात्रों से दोहराना चाहती हूं कि मैंने आपको कभी रजाकार नहीं कहा।

## झारखंड के चिकित्सक 20 अगस्त से करेंगे बायोमेट्रिक अटेंडेंस का बहिष्कार : आइएमए

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** झारखंड के चिकित्सक 20 अगस्त से बायोमेट्रिक अटेंडेंस का बहिष्कार करेंगे। आईएमए भवन में रविवार को आईएमए और झासा ने आपात बैठक में यह निर्णय लिया। बैठक में अलग-अलग जिलों से आए चिकित्सकों ने राज्य सरकार द्वारा हाल में बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य किए जाने पर चिंता जतायी और अव्यवहारिक बताया।

आईएमए के सचिव डॉ प्रदीप सिंह ने कहा कि डॉक्टर्स का संगठन बायोमेट्रिक अटेंडेंस पद्धति का विरोध नहीं करता है लेकिन वर्तमान में तीन जिलों पलामू, साहिबगंज एवं गढ़वा में इसे वेतन से जोड़ा गया है। यहां तक कि इसी आधार पर वेतनमान में कटौती भी हुई है। विभाग द्वारा इससे संबंधित एक ऑनलाइन पोर्टल लागू किया गया है, जिससे ड्यूटी करने के बाद भी चिकित्सक एवं पाराकर्मियों को स्पष्टीकरण एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई, वेतन अवरुद्ध एवं वेतन की कटौती जैसी समस्याएं होंगी। इससे चिकित्सकों में रोष है। सचिव ने कहा कि हालांकि, वे निष्ठा पूर्वक एवं ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करेंगे। अपनी उपस्थिति ऑफलाइन रजिस्टर में अंकित करेंगे, लेकिन बायोमैट्रिक अटेंडेंस नहीं बनाएंगे।

**क्या है चिकित्सकों की मांगें**

- राज्य सरकार समान रूप से राज्य के सभी विभागों के सभी सरकारी कर्मियों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस लागू करें।
- ग्रामीण इलाकों में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था, नेटवर्क एवं सर्वर उपलब्ध कराए बिना बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य न किया जाये।
- डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ के ड्यूटी आवर एवं ड्यूटी प्लेस तय नहीं होते। सभी विभिन्न स्तर के स्वास्थ्य संस्थानों में आईपीएस नॉर्म्स के अनुसार, वेकेंट पोस्ट के विरुद्ध बहाली किए बिना बायोमेट्रिक अटेंडेंस से राहत मिले।
- आकस्मिक सेवा देने वाले विभाग में लागू नहीं करना चाहिये।

## राज्यपाल के प्रधान सचिव व सीएम के सचिव समेत 25 आइएएस बदले

**विप्रा भाल बनीं राज्यपाल की प्रधान सचिव, सुनील कुमार को नगर विकास सचिव का प्रभार, मंजूनाथ भजंत्री बने मनरेगा आयुक्त**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने शनिवार की देर रात राज्यपाल के प्रधान सचिव और सीएम के सचिव समेत दो दर्जन से अधिकारियों का तबादला कर दिया। अधिसूचना के मुताबिक आईटी सचिव विप्रा भाल को राज्यपाल का नया प्रधान सचिव बनाया गया है। वहीं राज्यपाल के प्रधान सचिव के पद पर पदस्थापित नितीन मदन कुलकर्णी को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। मंजूनाथ भजंत्री को मनरेगा आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दे दिया है। इनके अलावा पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे 5 आईएएस अधिकारियों की भी पोस्टिंग कर दी गयी है। कार्मिक, प्रशासनिक, सुधार तथा राजभाषा विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

**इन आइएएस अफसरों का हुआ तबादला**

| नाम | कहां गये |
|---|---|
| विप्रा भाल | राज्यपाल की प्रधान सचिव |
| नितीन मदन कुलकर्णी | प्रधान सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग |
| मस्त राम मीना | पेयजल एवं स्वच्छता का अतिरिक्त प्रभार |
| सुनील कुमार | प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, एमडी जूडको व एमडी जीआरडीए का अतिरिक्त प्रभार |
| डॉ अमिताभ कौशल | सचिव, जैप आईटी और सचिव, वाणिज्य-कर विभाग का अतिरिक्त प्रभार |
| मनीष रंजन | निदेशक श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान (स्कीपा) झारखंड |
| राजेश कुमार शर्मा | सचिव, आपदा प्रबंधन प्रभाग |
| अबुबक्कर सिद्धीख | सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग |
| मनोज कुमार | सचिव, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग का अतिरिक्त प्रभार |
| अरवा राजकमल | सचिव, भवन निर्माण विभाग, एमडी झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड तथा स्थानिक आयुक्त, झारखंड भवन, नई दिल्ली का अतिरिक्त प्रभार |
| जितेंद्र कुमार सिंह | सचिव उद्योग विभाग का अतिरिक्त प्रभार |
| उमा शंकर सिंह | प्रभारी सचिव, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले का अतिरिक्त प्रभार |
| अमीत कुमार | वाणिज्य कर आयुक्त, विशेष सचिव, वित्त विभाग का अतिरिक्त प्रभार |
| मंजूनाथ भजन्त्री | सीईओ जेएसएलपीएस, मनरेगा आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार |
| अमित प्रकाश | उत्पाद आयुक्त, एमडी झारखंड राज्य विभरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार |
| संदीप सिंह | नगर आयुक्त, रांची नगर निगम, उपाध्यक्ष, आरआरडीए का अतिरिक्त प्रभार |
| शैलेंद्र कुमार लाल | मिशन निदेशक सह सीईओ झारखंड कौशल विकास मिशन सोसायटी |
| सुनील कुमार सिंह | अपर सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग |
| अनन्य मित्तल | प्रशासक, सुवर्णरेखा परियोजना, जमशेदपुर का अतिरिक्त प्रभार |
| समीरा एस | निदेशक-सह-सदस्य सचिव, झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था, महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन, सीईओ सह निदेशक झारखंड राज्य जलछाजन मिशन का अतिस्थित प्रभार |
| रवि आनंद | संयुक्त सचिव, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग |
| दीपक कुमार दूबे | संयुक्त सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग |
| सौरभ कुमार भुवानिया | संयुक्त सचिव, वित्त विभाग |
| आलोक कुमार | संयुक्त सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग |
| शताब्दी मजूमदार | अवर सचिव, वित्त विभाग, झारखंड |

---

हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के तेजी से बढ़ते कदमों के बीच भारत का शक्ति प्रदर्शन

# परमाणु मिसाइलों से लैस पनडुब्बी आइएनएस अरिघाट भारतीय नौसेना के बेड़े में अब शामिल होने को तैयार

- पनडुब्बी पानी की सतह पर आईएनएस अरिघाट की गति 12-15 समुद्री मील (22-28 किमी/घंटा)
- समुद्र की गहराई में 24 समुद्री मील (44 किमी/घंटा) की गति प्राप्त कर सकती है यह पनडुब्बी



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के तेजी से बढ़ते कदमों के बीच परमाणु मिसाइलों से लैस पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल होने को तैयार है। विशाखापट्टनम के जहाज निर्माण केंद्र पर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी वेसल प्रोजेक्ट के तहत इसे बनाया गया है। भारत की पहली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत की लांचिंग 2009 में हुई थी। इसके अलावा पारंपरिक हथियारों के साथ दो परमाणु ऊर्जा चालित हमलावर पनडुब्बी निर्माण की परियोजना भी अंतिम मंजूरी के करीब है।

नौसेना को दूसरी 6,000 टन की परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बी आइएनएस अरिघाट मिलने के बाद भारत अब रणनीतिक प्रतिरोध के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की ओर से बढ़ रही चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा। भारतीय नौसेना की दूसरी परमाणु ऊर्जा वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आइएनएस अरिघाट तीन साल के समुद्री परीक्षणों के बाद अब इस वर्ष के अंत तक समंदर में गोते लगाने के लिए तैयार है। यह अरिहंत श्रेणी की भारत में निर्मित की गयी दूसरी पनडुब्बी है।

भारत की पहली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत को 9 साल के व्यापक परीक्षण के बाद अगस्त, 2016 में समुद्र में उतारा गया था। दो साल के परीक्षण के बाद 2018 में यह पूरी तरह से चालू हो गई थी। आइएनएस अरिघाट की लांचिंग लगभग पांच साल के लंबे इंतजार के बाद 2017 में हो पायी। इस पनडुब्बी को मूल रूप से आइएनएस अरिदमन के नाम से जाना जाता था लेकिन इसके लॉन्च होने पर इसे आइएनएस अरिघाट नाम दिया गया था। यह पनडुब्बी सात साल तक व्यापक परीक्षण से गुजरी है और अब समुद्र की गहराइयों में उतरने के लिए तैयार है। इसके बाद अरिघाट अपनी बहन आइएनएस अरिहंत से जुड़ जाएगी। आईएनएस अरिहंत के मुकाबले आईएनएस अरिघाट में मिसाइलों की संख्या दोगुनी होगी, जिससे भारत को 'पानी के युद्ध' में और अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता मिल जायेगी।

आईएनएस अरिघाट पानी की सतह पर 12-15 समुद्री मील (22-28 किमी/घंटा) की अधिकतम गति से चल सकती है और समुद्र की गहराई में 24 समुद्री मील (44 किमी/घंटा) की गति प्राप्त कर सकती है।

---

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 65900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 84000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**



# पंचायती राज की अवधारणा कांग्रेस ने एक विकसित भारत की सोच के तहत रखी थी : गुलाम अहमद मीर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के दो दिवसीय शिविर का समापन रविवार को हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल हुए। शिविर की अध्यक्षता राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने की। समारोह को संबोधित करते हुए गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पंचायती राज की अवधारणा कांग्रेस ने एक विकसित भारत की सोच के तहत रखी थी जो आज वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



भारत के लोकतंत्र की नींव पंचायत से ही शुरू होती है जो संसदीय स्तर तक चलती है। श्री मीर ने कहा कि जिला और पंचायत तक विकास कार्यों को पहुंचाने के लिए स्थानीय स्वशासन की परिकल्पना की गई थी ताकि ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाकर देश के विकास में उन्हें भागीदार बनाया जा सके। इस स्थानीय स्वशासन प्रणाली के जरिए ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही निर्णय लेने की व्यवस्था प्रारंभ की गई जो आज भी कायम है और पूरे विश्व के सामने एक उदाहरण के रूप में स्थापित है।

## मजबूत गांव ही एक मजबूत देश की होती है पहचान : राजेश ठाकुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जनता का विकास उनके हाथों में ही हो ऐसा कांग्रेस का मानना है और इसी सोच के तहत कांग्रेस ने लोगों को सुशासन का अधिकार देने के लिए पंचायती राज को मूर्त रूप दिया था। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी पंचायत को सशक्त बनाने के लिए हमेशा प्रयत्नशीलशील रहे थे। उनकी धारणा थी की मजबूत गांव ही एक मजबूत देश की पहचान होती है और इसके लिए गांव को स्वालंबी बनाना होगा,पंचायत को अधिकार देने होंगे। 1959 में पंचायती राज व्यवस्था की शुरूआत हुई थी और राजीव गांधी के सपनों के अनुसार इसे अधिक सशक्त बनाने के लिए इसके कार्यकाल, कार्य और जिम्मेवारियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हुए संविधान के 73 वें संशोधन के द्वारा 1993 में पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुणाल बनर्जी, डॉ अमित झा, सुभाष नाग,अंजनी रंजन, शांतनु मिश्रा, अनमोल तिर्की, जॉनसन मिंज, संदीप गुप्ता, नूतन एक्का सहित कई लोगों ने भाग लिया।

## खबर एक नजर में

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने विस चुनाव लड़नेवाले इच्छुक नेताओं से 15 दिनों में मांगे आवेदन

रांची। आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं से प्रदेश कांग्रेस ने उनका आवेदन मांगा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की ओर से उम्मीदवार बनने के इच्छुक सभी नेताओं से आवेदन सहित विस्तृत जानकारी और बायोडाटा प्राप्त कर उसकी सूची प्रदेश कांग्रेस को 15 दिनों के अंदर जमा करें।

**सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं :** उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक गंभीरता के साथ तैयारी में जुटी हुई है। सभी जिला अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्षों को पूर्व में निर्देश दिया जा चुका है कि जनता के हितों के संदर्भ में कांग्रेस के दृष्टिकोण से उन्हें पूरी तरह अवगत करायें, साथ ही साथ महागठबंधन सरकार द्वारा झारखंड में किए गए जनहित के कल्याणकारी योजनाओं को भी जनता के समक्ष रखें, ताकि भाजपा जनता को किसी भी तरह भ्रमित ना कर सके। भाजपा द्वारा फैलाये जा रहे हैं, झूठे प्रचार से भी आम लोगों को सावधान रखने के लिए निरंतर लोगों से संवाद स्थापित करते रहना है।

### झारखंड पुलिस मुख्यालय का आदेश, पुलिसकर्मियों को आवंटित हथियार की करें जांच

**रांची।** झारखंड पुलिस आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है। इसी क्रम में झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी और सभी वाहिनी के कमांडेंट को आवंटित हथियार के रखरखाव और जांच को लेकर आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को देखते हुए चुनाव ड्यूटी में प्रतिनियुक्त किये जाने वाले पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को आवंटित किये जाने वाले हथियार के रखरखाव और जांच अति आवश्यक है। इसलिए अपने-अपने जिला और इकाई से चुनाव ड्यूटी में प्रतिनियुक्त किये जाने वाले पुलिस पदाधिकारी और बलों को आवंटित हथियार की जांच करना सुनि>ित करें। साथ ही यह प्रमाण पत्र भी दें कि सभी हथियार कारगर हैं और अच्छे हालात में हैं। सभी जवानों और पदाधिकारी को लक्ष्य का अभ्यास कराना सुनि>ित करने का आदेश जारी किया गया है।

### राप्रसे के दो अधिकारी बदले, महेश संथालिया बने डीडीसी पाकुड़

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। संयुक्त सचिव स्वास्थ्य विभाग महेश कुमार संथालिया को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक उप विकास आयुक्त पाकुड़ के पद पर स्थापित किया गया है। अपर उपायुक्त सरायकेला-खरसावां संजय कुमार दास को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपने वेतनमान में परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण साहिबगंज के पद पर स्थापित किया गया है। इसके साथ ही वैसे पदाधिकारी जिनके स्थान पर किसी अन्य का पदस्थापन हो गया है एवं उनका पदस्थापन कहीं नहीं किया गया है वैसे पदाधिकारी को कार्मिक विभाग में योगदान करने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### पुराना हाई कोर्ट भवन में सरकारी लॉ कॉलेज खोलने की सीएम से मांग

**रांची।** पुराना हाईकोर्ट ब्लिडिंग को लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन दिया है। उन्होंने पूछा है कि क्यों ये इतना महत्वपूर्ण बिल्डिंग एक साल से उपर से बंद है। उन्होंने बताया कि जब डोरंडा में हाई कोर्ट था तो वहां के बाजार गुलजार रहते थे।लेकिन जैसे ही हाई कोर्ट धुर्वा गया। डोरंडा का सब रोशनी ही चला गया। उन्होंने कहा कि क्यों नहीं सरकार उस भवन मे एक गवर्मेंट लॉ कॉलेज खोल रही है। जिसमें 3-5 वर्ष लॉ का पढाई हो। लॉ रिसर्च का केंद्र हो। ज्ञापन की प्रति मुख्य सचिव, सचिव भवन निर्माण विभाग के साथ साथ उपायुक्त रांची, झारखंड बार काउंसिल के अध्यक्ष को दी गयी है।

### गाजा से प्यार और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं से तकरार : अमर बाउरी

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने झामुमो-कांग्रेस और राजद पर निशाना साधा है। ट्वीट कर कहा है कि आखिर कब तक दोहरी नीति चलेगी। उन्होंने सवाल उठाते हुये पूछा है कि बांग्लादेशियों के सबसे बड़े हितैषी झामुमो-कांग्रेस-राजद व उनके नेताओं द्वारा बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर किसी ने क्या एक भी पोस्ट देखा है। गाजा से प्यार और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं से तकरार, यही है झामुमो-कांग्रेस-राजद की नीति।

### राज्य संग्रहालय में चार दिवसीय आजादी उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ

**रांची।** झारखंड सांस्कृतिक कार्य निदेशालय की ओर से हर घर तिरंगा 2024 कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य संग्रहालय होटवार के प्रेक्षागृह में आजादी का उत्सव कार्यक्रम हुआ। एक से 14 अगस्त तक आयोजित चार दिवसीय आजादी का उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नाट्य , लोकगीत नृत्य एवं शास्त्रीय गीत नृत्य की प्रस्तुति की जानी है। निदेशालय द्वारा आयोजित नाट्य प्रतियोगिता में रविवार को पांच प्रतिभागी नाट्य कला दलों के द्वारा प्रस्तुतियां की गई। सभी ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन के अंतर्गत झारखंड कला मंदिर होटवार में प्रशिक्षणरत शास्त्रीय गीत संगीत, नागपुरी लोकगीत, मांदर वादन और मुंडारी लोकगीत नृत्य के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई।

## स्वतंत्रता दिवस पर समिति के कार्यालय में होगा झंडोत्तोलन

**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में रविवार को समिति के संयोजक ज्ञानदेव झा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 15 अगस्त को समिति के कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह सह झंडोत्तोलन कार्यक्रम प्रातः 10 बजे किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष जयंत झा ने बताया कि रांची नगर निगम के निवर्तमान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय के द्वारा झंडोत्तोलन किया जायेगा। इस बैठक में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष जयन्त झा, संयोजक ज्ञानदेव झा, उदित नारायण ठाकुर, मृत्युन्जय झा, पूर्णेन्दु ठाकुर, कृतेश झा, अमरनाथ झा, कुणाल रंजन, चितरंजन सिंहा, सुनील सिंहा, आशुतोष झा, आशु झा, अंजनीकांत झा, पवन झा, अनूप झा, छवि झा, इशांक झा, डॉक्ट पंकज रॉय, सुबोध झा,अवधेश मिश्रा, धर्मेंद्र झा, अशोक मिश्रा, रमेश भारती, भानु कच्छप, बिमल कच्छप, अशोक पाण्डेय, राधेश्याम यादव, हेमन्त झा, भुप्तो सिंह, रोहित चौरसिया, मोहित झा आदि मौजूद थे।

# निकम्मी सरकार से निजात दिलाने में संवाहक बने विस्तारक कार्यकर्ता : मरांडी

### भाजपा मुख्यालय में विधानसभा विस्तारकों का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में रविवार को विधानसभा विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। 8 सत्रों में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी की सैद्धांतिक विचारधारा, इतिहास विकास, चुनाव प्रबंधन सहित सोशल मीडिया जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा विचारधारा और कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक पार्टी है।इसका उद्देश्य भारत को परम वैभव को शिखर पर पहुंचना है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता इन उद्देश्यों की पूर्ति केलिये लगातार कार्य करते हैं। अंत्योदय और एकात्म मानव दर्शन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की परिधि में भाजपा केलिये सत्ता साध्य नहीं बल्कि मां भारती को विश्व गुरु बनाने का साधन है। उन्होंने कहा कि भाजपा आज केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नीतियों एवं कार्यक्रमों को तेजी से धरातल पर उतार रही है। तीसरी बार मोदी सरकार बनाकर जनता ने पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को सराहा है।




उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी चुनाव सिर पर है। राज्य में ठगबंधन सरकार के खिलाफ आक्रोश है। जनता भाजपा नेतृत्व की डबल इंजन सरकार बनाने के संकल्पित है। लोकसभा चुनाव परिणाम इसका स्पष्ट संकेत देता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में अलग झारखंड राज्य का निर्माण कराया। हमें विकसित झारखंड के संकल्प को पूरा करना है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि आगामी चुनाव में डबल इंजन की सरकार बनाने केलिये चुनाव प्रबंधन भी महत्वपूर्ण है। विस्तारक गण अपने अपने क्षेत्रों में प्रबंधन कार्यों को सुचारू रूप से संचालन में अपनी बड़ी भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा कि विस्तारक को उत्प्रेरक की भूमिका में कार्यों को गति देनी है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि विस्तारक की भूमिका नींव की पत्थर की तरह है। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती में बूथ ही केंद्र बिंदु है। बूथ जीतो चुनाव जीतो के संकल्प को हमे कार्यों में उतारकर अपने लक्ष्य को पूरा करना है। प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने भाजपा के इतिहास विकास, केंद्रीय टोली सदस्य मनोज सिंह ने भाजपा की पंच निष्ठा एवं विचारधारा, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां, राहुल अवस्थी एवं विवेक विकास ने सोशल मीडिया और आईटी विषय पर अपने विचार रखे। बैठक में मनोज कुमार दुबे आदि उपस्थित थे।

### परीक्षाओं के नाम पर किया जा रहा है भंडारे का आयोजन : बाबूलाल

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि हेमंत सरकार में साप्ताहिक परीक्षा के नाम पर मजाक चल रहा है। ऐसा लगता है कि परीक्षाओं के नाम पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कहीं, एक ही बेंच पर छह-छह विद्यार्थी बैठकर परीक्षा दे रहे हैं। तो कहीं बरामदे में बिछाई गई दरी में छात्र-छात्राओं का एक झुंड परीक्षा दे रहा है। मूल्यांकन के उद्देश्य से ली जाने वाली इन साप्ताहिक परीक्षाओं से मूल्यांकन छात्रों का तो नहीं। लेकिन, हेमंत सरकार का जरूर किया जा सकता है कि कैसे छात्रों के भविष्य के साथ खेल रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था को अपना राजनीतिक प्रयोगशाला बनाकर रख दिया। उन्होंने कहा कि स्कूलों में न तो बैठने की व्यवस्था है, न तो कक्षाओं को संचालित करने के लिये भवन हैं। न तो पठन-पाठन का वातावरण है, और न ही छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिये सरकार के पास कोई प्लान। ऐसे में झारखंड का भविष्य किधर जायेगा। आप खुद ही अंदाजा लगा सकते हैं। सरकारी स्कूलों में ना तो पर्याप्त शिक्षक हैं, ना ही बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त बेंच डेस्क। हेमंत सोरेन जी सरकारी स्कूल के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के प्रति थोड़ा गंभीर बनिये। और राज्य के सभी विद्यालयों को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराइये।

## कोडरमा की आंगनवाड़ी सेविका जाएगी 15 अगस्त को दिल्ली



**रांची।** कोडरमा की आंगनवाड़ी सेविका सावित्री देवी को स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली आने का न्योता मिला है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है और कहां है कि 15 अगस्त को दिल्ली के लाल किले पर होने वाले आयोजन में आमंत्रण मिलने से वह काफी खुश हैं। अब उनका सपना सच होने वाला है ,सावित्री देवी ने बताया कि प्रधानमंत्री के द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर निमंत्रण मिलने से न सिर्फ परिवार बल्कि उनके गांव और पंचायत के लोग भी काफी प्रसन्न है। मालूम हो कि सावित्री देवी ने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए कई बेहतरीन कार्यक्रम चला रखा है। इसकी सराहना झारखंड से लेकर दिल्ली तक हुई है। यही कारण है कि उन्हें 15 अगस्त पर दिल्ली में लाल किले पर होने वाले आयोजन का निमंत्रण भेजा गया है।

## मजहब की बुनियाद पर यह देश न चला है, न चलेगा : बलियावी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इस समय देश की स्थिति क्या है इससे हर एक समझदार व्यक्ति भली-भांति परिचित है। शिक्षा, राजनीति, रोजगार और आर्थिक क्षेत्र में विशेषकर मुस्लिम अल्पसंख्यकों को हाशिए पर धकेल दिया गया है। लेकिन मुस्लिम समुदाय गेहरी नींद में है। जबकि उन्हें एकजुट और मजबूत कदम उठाने की जरूरत है। इन्हीं समस्याओं को लेकर रविवार को हाजी अफसर कुरैशी ने रांची प्रेस क्लब, मोरहाबादी में एक विशेष प्रांतीय प्रतिनिधि बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बकौमी इत्तेहाद मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पुर्व सांसद मौलाना गुलाम रसुल बलयावी ने देश के विभिन्न भागों में समाज के बुद्धीजीवी, उलेमा, समाजसेवी, समाज के बारे में सोचने वालो से विचार विमर्श करते हुए उन्होंने कहा मुसलमानो को मायूस होने की जरूरत नहीं है। मजहब की बुनियाद पर यह देश न चला है न चलेगा। खुद बनने के चक्कर में हम किसी को बनने नहीं देते। हम मुसलमानो के अंदर से यह सोच निकालने की जरूरत है। कौमी इत्तेहाद मोर्चा मजलूमों के साथ कल भी खड़ी थी आज भी है। मुसलमानो में कोई मस्लक का झगड़ा नहीं है। झगड़ा लगाने वाले एर्जेसियो को समझने की जरूरत है। कुछ कमी हम में भी हैं। हम अपने नौजवानों को राजनीतिक नही बताया। इसकी अहमियत को नहीं समझाया, राजनीतिक से दूर रखा। हमने सिर्फ फजीलत ही बताई है, यह हमारी कमी है। हम सबको इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। हम आने वाले नस्लों को किया देकर जा रहे इसकी फिक्र करने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन युवा समाजसेवी एस अली ने किया। इस परिचर्चा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की कौमी इत्तेहाद मोर्चा पूरे झारखंड में हिस्सेदारी यात्रा शुरू करेगी। इसको लेकर एक स्टेंडिंग कमिटी बनाई गई।

## महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने महिलाओं के हित में सीएम से मिलकर सौंपी ज्ञापन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्षा अलका लांबा रविवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। इस मौके पर झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

मुलाकात के दौरान अलका लांबा ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से राज्य की महिलाओं के अधिकार और महिलाओं के आर्थिक न्याय, सामाजिक न्याय, राजनीतिक न्याय को लेकर विस्तार पूर्वक बातचीत की तथा एक मांग पत्र सौंपी। जिसमें महिला आयोग का गठन। महिला थानों का गठन,महिला पुलिस की भर्ती। सरकारी और निजी नौकरियों में 50 प्रतिशत महिला को आरक्षण। 18-21 की उम्र की बेटियों के लिया-योजना। राशनकार्ड में महिला का नाम जुड़ना। .मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी - यात्रासेवा मुफ़्त शामिल है।

## 5.30 करोड़ के बैंक फ्रॉड मामले में सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक आफ इंडिया से जालसाजी कर 5.30 करोड़ रुपये के फ्रॉड किए जाने के मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपियों के खिलाफ अपनी दबिश देनी शुरू कर दी है। डीजीएम बैंक ऑफ इंडिया रांची के द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई थी। सीबीआई की आर्थिक अपराध शाखा ने बैंक जालसाजी के मामले में झारखंड के कारोबारी जतिन सहाय, रोमी साहा, मयंक साहा के साथ साथ कारोबारी की दो कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आईपीसी की धारा 120बी, 409, 420, 465, 467, 468 और 471 तथा पीसी अधिनियम, 1988 की धारा 13(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

आरोप है कि 2018-2020 के दौरान रूमी साहा, मयंक केआर साहा, जतिन सहाय और अज्ञात अन्य ने एक-दूसरे के साथ आपराधिक साजिश रची, झूठे और मनगढ़ंत दस्तावेजों के आधार पर बैंक आफ इंडिया से लोन लिया और फिर उसे चुकाया नहीं। लोन की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए तथ्यों को छिपाया गया और उसके बाद उनका दुरुपयोग किया और इस तरह बैंक ऑफ इंडिया, रांची को 5.33 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया गया।

**रांची कोलकाता में रेड**

सीबीआई के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बीएनएसएस, 2023 की धारा 96 के तहत रांची के चार स्थानों और कोलकाता में एक स्थान पर स्थित आरोपियों के घरों में छापेमारी भी की गई। जिसमें कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं. मिली जानकारी के अनुसार जतिन सहाय ट्रस्ट डायग्नोस्टिक के मालिक हैं। सीबीआई ने शनिवार को रांची के चार और कोलकाता के एक ठिकाने पर छापा मारा था।

# वंचित लोगों को कुचलने का भाजपा का सपना टूट गया : गुलाम अहमद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस के महासचिव एवं झारखण्ड प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया था लेकिन जिस प्रकार से देश ने भाजपा को 240 सीट पर समेट दिया है। उसके बाद यह स्पष्ट है कि बैसाखियों पर चलती केन्द्र सरकार अगले 5 साल तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और पसमांदा को उसके हक और अधिकारों से वंचित नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी गलती से भाजपा को अपने सपने के अनुसार लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सीट मिल जाती तो आरक्षण समाप्त हो जाता। गुलाम अहमद मीर रविवार को राजधानी के बनहोरा जतरा मैदान में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री मीर ने कहा कि झारखण्ड सरकार ने गरीबों के लिये बहुत अच्छे काम किये हैं, जिसका लाभ राज्य की जनता को मिल रहा है। उन्होंने विशेष रूप से अबतक मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना में प्राप्त 37 लाख से अधिक आवेदनों की चर्चा करते हुए उन्होंने सरकार को यह सुझाव दिया है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर अगले 20 अगस्त से सांकेतिक रूप से ही सही लेकिन मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की शुरूआत की जाये। श्री मीर ने कहा कि झारखण्ड को मध्य प्रदेश और असम जैसे प्रदेशों से आये हुए लोगों की जरूरत नहीं है और वे खुद अपनी समस्याओं का समाधान करने में सक्षम हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि झारखण्ड विधानसभा चुनाव के लिये तैयार हो रहे कांग्रेस के घोषणापत्र के लिये अपनी वैसे विचार दें जो झारखण्ड और यहाँ की जनता के हित में हो। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी भाजपा और उसके नेताओं की साजिशों से बचकर रहने की जरूरत है।




प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की सभ्यता-संस्कृति, बरसों-बरस पुरानी है और इसी के कारण प्रकृति का स्वरूप कायम है। उन्होंने कहा कि आदिवासी जल, जंगल एवं जमीन से जुड़े हैं और इसे बचाने के साथ सबसे ज्यादा जरूरत देश के संविधान की रक्षा करने की है, क्योंकि वही आदिवासियों के अधिकार और उनके आरक्षण को हर हाल में बचाने की ताकत रखती है।

मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति के संरक्षण के लिए हमेशा बढ़-चढ़कर आगे रहने की जरूरत है। उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की चर्चा की और उससे लाभान्वित होने की सभी से अपील की। कार्यक्रम में शाहजादा अनवर, अजय नाथ सहदेव, मदन मोहन शर्मा, गजेंद्र सिंह रमा खलखो, रियाज अंसारी इत्यादि शामिल थे।

# बोल बम, हर हर महादेव के नारों से पूरा पहाड़ी मंदिर गूंजता रहा

## सैकड़ों बाल कांवरियों ने महाकाल बाबा पर किया जलाभिषेक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के तत्वावधान में रविवार को भव्य और विशाल बाल कांवर् यात्रा निकाली गयी। हटनिया तालाब से छोटे छोटे बच्चों ने पैदल ,रातू रोड चौक होते हुए पहाड़ी मंदिर स्थित महाकाल बाबा पर जलाभिषेक किया । बाल शिव -पार्वती के जीवंत स्वरूप ने सबका मनमोहन लिया । ताशा पार्टी एवं डीजे के धुन पर सभी लोग झूमते हुए , शिवमय होकर पहाड़ी मंदिर में जलाभिषेक किया। हटनिया तालाब द्वार पर वधायक सीपी सिंह , कांग्रेस महानगर अध्यक्ष कुमार राजा , महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू ,प्रवक्ता बादल सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से आरती कर बाल कांवर को प्रस्थान किया। सभी बच्चे बहुत ही उतसाहित हो कर कांवर लेकर चल रहे थे, पूरा रास्ता छोटे बच्चों के बोल बम के जयकारों से गूँजता रहा । पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार पर पूर्व आयुक्त जटा शंकर चौधरी , मंदिर के पुजारी मनोज बाबा एवं अन्य लोगो के द्वारा आरती कर सबका स्वागत किया गया । पहाड़ी मंदिर में काफी भीड़ रहा , सभी लोग कतारवध होकर अरघा से पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक किए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेश साहू , बादल सिंह , स्वीटी गुप्ता , मीरा गुप्ता , संजना शर्मा ,सुधांशु सिंह, दीपक नंन्दा , राजीव वर्मा , उर्मिला चौधरी , अर्चना मिर्धा , स्वपना चटर्जी , खुशबू गुप्ता, शुभाशीष चटर्जी , पंकज चौधरी , रीता दुबे , रंजीता पांडेय , राखी कौर ,अमन सिंह,गोविंद कुमार, मुरारी मंगल आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ये जानकारी श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के प्रवक्ता बादल सिंह ने दी।





# बीएयू में होगी आधुनिक बीज परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना

## बीज परिषद की 21वीं बैठक में निर्णय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कृषि निदेशक डॉ कुमार ताराचंद ने कहा है कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) एक आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त बीज परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना के लिए शीघ्र प्रस्ताव लाये, राज्य सरकार इसके लिए पर्याप्त राशि मुहैया कराएगी। बीज क्रय, वितरण एवं बोआई के पूर्व इस प्रयोगशाला में बीज गुणवत्ता की जांच होने से फसल नुकसान की संभावना न्यूनतम रहेगी। कृषि महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में बीएयू की बीज परिषद की वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की 80% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। राज्य की दो तिहाई आबादी कृषि कार्यों पर निर्भर है इसलिए राज्य के लिए कृषि से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है।

उन्होंने बीएयू में देश के अग्रणी बीज कंपनियों का एक सम्मेलन आयोजित करने पर बल दिया ताकि राज्य और केंद्र की विभिन्न योजनाओं के तहत निशुल्क और सब्सिडी पर वितरित किए जाने हेतु गुणवत्तायुक्त बीज की यथासमय उपलब्धता सुनि्ित की जा सके। बीएयू को आसपास के राज्यों के लिए अनुशंसित फसल प्रभेदों की उपयुक्तता का अपने यहां परीक्षण कर हर 6-8 महीने पर राज्य सरकार को अनुशंसा उपलब्ध करानी चाहिए। अलग राज्य बनने के 24 वर्षों बाद भी झारखंड अपनी खाद्यान्न आवश्यकताओं के मामले में आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है। राज्य में अवस्थित आईसीएआर के संस्थान, बीएयू, राज्य सरकार, तथा यहाँ कार्यरत अग्रणी स्वयंसेवी संगठन बेहतर तालमेल और समन्वय से कार्य करेंगे, तभी झारखंड में कृषि और किसानों के परिदृश्य में अपेक्षित बदलाव हो पाएगा।

बीएयू के कुलपति ने कहा कि राज्य में एक सुदृढ़ बीज नीति लागू करने की आवश्यकता है। इसमें उत्पादन से लेकर विपणन और उठाव तक की रणनीतियां और रोड मैप हो। मौसम परिवर्तन की स्थिति में कई विकल्पों का प्रावधान हो। प्रजनक बीज कहां से आएगा, आधार बीज और प्रमाणित बीज का उत्पादन कौन सी एजेंसियां करेंगी तथा सूखा पड़ने पर किस जिला में किस फसल के किस प्रभेद का इस्तेमाल होगा, इन सबका प्रावधान बीज नीति में हो। विश्वविद्यालय सीड हेल्थ टेस्टिंग लैब की स्थापना का प्रस्ताव शीघ्र सरकार को समर्पित करेगा। नई रिलीज पॉलिसी के तहत अब केवल स्ट्रेस टोलरेंट और पोषक तत्वों से भरपूर बायो फोर्टिफाइड फसल प्रभेदों को ही रिलीज किया जाएगा।

बीएयू के बीज एवं प्रक्षेत्र निदेशक डॉ शंभूनाथ कर्मकार ने बताया कि गत वर्ष विभिन्न खरीफ एवं रबी फसलों के कुल 6368 क्विंटल प्रजनक, आधार एवं प्रमाणित/ सत्यापित बीज पैदा किये गये। वर्तमान खरीफ एवं आगामी रबी मौसम में सीड हब का क्षेत्र मिलाकर विभिन्न कैटेगरी और किस्मों के कुल 9312 क्विंटल बीज उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, हजारीबाग के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ विशाल नाथ, बीएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह, प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ जगरनाथ उरांव तथा डॉ रवि कुमार ने भी अपने सुझाव रखे। डॉ रामप्रसाद मांझी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। एनजीओ प्रतिनिधि फादर बिपिन पानी तथा एफपीओ प्रतिनिधि अंजली लकड़ा एवं देवी चरण गोप को सम्मानित किया गया।

# लायन्स ईस्ट के सावन मिलन में शिवानी सोनी सावन क्वीन बनीं



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। लायन्स क्लब ऑफ रांची ईस्ट की महिला सदस्यों के द्वारा कोकर स्थित निरामया हॉस्पिटल हॉल में पारिवारिक स्नेह एवं सावन मिलन का भव्य आयोजन रविवार को किया गया । शिवानी सोनी सावन क्वीन बनीं और रीना तथा विमला शर्मा, क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय उप विजेता घोषित हुईं । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मिसेज क्वीन ऑफ इंडिया की विजेता इंद्राणी रॉय थीं। कार्यक्रम की शुरवात लायन स्वाति मिश्रा के गीत रिमझिम गिरे सावन ... से हुई और उसके बाद नृत्य , क्विज , बेस्ट कपल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के गीतों के बदलते रुख को लायन अनीता झा, लायन शिवानी एवं लायन शायरी ने नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जिसे दर्शकों ने काफी सराहा।सुनीता अग्रवाल ने शिव स्तुति पर नृत्य पेश किया । अभिषेक एवं स्वाति तथा दिवाकर एवं उमा , संयुक्त रूप से बेस्ट कपल प्रतियोगिता के संयुक्त विजेता घोषीत किए गए ।

कार्यक्रम का निर्देशन एवं संचालन, संयुक्त रूप से अनीता झा एवं जुथीका सानयाल ने किया। इस आयोजन में लायन्स ईस्ट की सदस्यों के परिवार सहित जिला 322अ के रीजन चेयरपरसन प्रेम शंकर मिश्र , कैबिनेट सह सचिव अभिषेक कुमार, लायन्स ईस्ट के अध्यक्ष संजय पोद्दार , उपाध्यक्ष भारतेन्दु झा , सचिव सुनीता अग्रवाल , कोषाध्यक्ष दिनेश ठाकुर , पूर्व जिलापाल राजेश गुप्ता पवन, पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया, नेमि अग्रवाल, मनोज नरेडी, दिवाकर राजगड़िया, रतन अग्रवाल, लेडी लायन सदस्य रेणु जयसवाल , श्वेता साहा , निशा अग्रवाल, बबीता गुप्ता , सुचित्रा अग्रवाल सहित लायन परिवार अन्य उपस्थित थे।

यह जानकारी लायन अनीता झा ने दी।

## माकजी मस्जिद परिसर में मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित



**रांची।** रविवार को कांके के मिल्लत कॉलोनी, मरकजी मस्जिद परिसर में एक मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प का सफल आयोजन किया गया। ये कैंप सेवा सदन ब्लड बैंक के सहयोग से लगाया गया था। इसमें मुख्य रूप से ब्लड बैंक के इंचार्ज मोहसिन खान और उनके सहयोगी शामिल थे। इसमें 10 यूनिट ब्लड का कलेक्शन हुआ। ये कैंप स्वर्गीय मजहरुल हक की याद में आयोजित किया गया।

ब्लड डोनेशन करने वालों में अनवर उल हक, इंतजह उल हक, मोहम्मद मकबूल अहमद, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद अली, मोहम्मद हसन, तारिक वाजी और उजैर अहमद शामिल थे। डोनर्स को सेवा सदन ब्लड बैंक की तरफ से सर्टिफिकेट और मोमेंटो प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तोहिद आलम और एहसान उल हक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# युवाओं की कलात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने की जरूरत : केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सेठ

## ग्रैंड होटल में रविवार को आगाज के तृतीय संस्करण का भव्य उदघाटन हुआ




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि बच्चों व युवाओं के कलात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने की जरूरत है। श्री सेठ रविवार को कोकर स्थित ग्रैंड होटल में आगाज के तृतीय संस्करण का उदघाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन शहर में होते रहने चाहिये। क्योंकि ये बच्चों और युवाओं की कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम के आयोजक संजीव विजयवर्गीय ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं और महिलाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना है। जहां वे अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय के राजनीतिक सफर को संजोते हुये उनकी पुस्तक सफर का विमोचन किया गया।

साथ ही, संजीव विजयवर्गीय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों को तिरंगे वितरित किये। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और गणेश वंदना से हुआ। इस अवसर पर पद्मश्री मुकुंद नायक, विधायक सीपी सिंह, आरती सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, महेश पोद्दार जैसी हस्तियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करायी।

## खबर एक नजर में

### डीएवी हेहल के साहित्य क्लब का आईएलसीसी दौरा

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के द लिटरेरी क्लब के 30 छात्रों ने द इंटरनेशनल लाइब्रेरी एंड कल्चरल सटेंर का दौरा किया। चकिूं अधिकांश छात्रों ने भौतिक कैटलॉगिंग प्रणाली के साथ पारंपरिक पुस्तकालय कभी नहीं देखा था, इसलिए उनके शिक्षकों ने उन्हें उजागर करने का फैसला किया। इस नवीन अनभुव के लिए यवु ा साहित्यिक क्लब के सदस्य, जो सभी शौकीन पाठक हैं, आईएलसीसी के परुानेदनिुनिया के आकर्षणर्ष और माहौल सेमत्रं मगु्ध थे। आईएलसीसी सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष रेखा मिश्रा ने उन्हें भारत में ब्रिटिश काउंसिल पुस्तकालयों की पृष्ठभमूिमि सहित पुस्तकालय का संक्षिप्त इतिहास बताया। उन्हें बताया गया कि कैसे पुस्तकालय वित्तीय बाधाओं और महीनों तक बदं रहने के बाद भी कोरोना के अनभुव के बावजदू जीवित रहा। लाइब्रेरियन निवेदिता शर्मा ने उन्हें उपलब्ध पुस्तकों के साथ-साथ आईएलसीसी सदस्यता नियमों के बारे में भी जानकारी दी। विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर दिया गया और उनकी जिज्ञासाओंको शांत किया गया। उन्होंने संक्षिप्त भ्रमण का भरपरू आनंद उठाया। उनके साथ डीएवी के शिक्षक वीके पांडे, डॉ. चक्रवर्ती और मौसमी मजमूदार भी थीं।

### लायंस क्लब ऑफ रांची ग्रेटर का सावन मिलन समारोह आयोजित




**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्रेटर ने रविवार को सावन मिलन समारोह का आयोजन किया। महिलाएं हरे रंग की पोशाक एवं पुरुष धोती और कुरता में शामिल हुए। कई मनोरंजक गेम्स खेले गए वहीं गीत एवं संगीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। लायन अपर्णा झा को सावन कवीन एवं लायन विजय गुप्ता को सावन किंग का खिताब मिला। इस अवसर पर मुख्य अथिति पीडीजी लायन सुषमा त्रिवेदी , पीडीजी राजेश गुप्ता पवन,लायंस क्लब रांची ग्रेटर के अध्यक्ष संजीव चौधरी, फर्स्ट लेडी लायन वर्षा चौधरी सचिव सुनील कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार झाझरीया, धर्मेंद्र सिन्हा , राकेश चौधरी , धर्मेंद्र सिंह, विजय पाठक लायन अपर्णा झा लीना गुप्ता ,दीपाली रस्तोगी , विजय गुप्ता चंद्रकांता सिन्हा, , रश्मि सिंह, आरसी प्रेमशंकर मिश्रा आदि उपश्थित थे।

# रोटरी के सावन महोत्सव सिंधारा में सावन गीतों पर थिरके लोग

## रुमा चटर्जी सावन क्वीन और प्रवीण राजगढ़िया बने सावन किंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** रोटरी क्लब में सावन महोत्सव सिंधारा का आयोजन किया। महोत्सव का उद्घाटन क्लब के वरिष्ठ सदस्य भंडारी लाल ने झूला झूलकर एवं टीम प्रिया ने गणेश वंदना के साथ किया । महोत्सव का मुख्य आकर्षण रैम्प वॉक रहा। इसमें सभी रोटेरियन महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने भाग लिया। अनिल सिंह एवं उनकी पत्नी रेखा सिंह, अजय साबु एवं सुषमा साबु जब रैम्प वॉक पर उतरे तो पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। लोग सावन के गीतों पर जमकर थिरके। विभिन्न प्रकार के रोचक गेम्स में हिस्सा लेकर महोत्सव को यादगार बनाया। महोत्सव में रुमा चटर्जी को सावन क्वीन एवं प्रवीण राजगढ़िया को सावन किंग चुना गया। बतौर निर्णायक मिसेज झारखंड क्वीन खुशी ने दोनों के नाम की घोषणा की। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष गौरव बागरॉय ने कहा कि इस तरह के आयोजन का लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कार्य्रक्रम में जोगेश गंभीर, राजीव मोदी, सुमित अग्रवाल , संजय वाधवा, मनोज तिवारी, मुकेश तनेजा, अमित अग्रवाल, लोकेश साहू, भावना तनेजा, अजय जैन अमित अग्रवाल, अश्विनी राजगढ़िया, खुशबु राजगढ़िया, दीपक श्रीवास्तव, गौरव प्रशांत, कविता प्रसाद, ललित त्रिपाठी, निशि जयसवाल, पवन जयसवाल, प्रकाश सरावगी, प्रियंका माहेश्वरी, रवीन्द्र सिंह चड्ढा, रमेश धरणीधरका, रितिका लखोटिया, रश्मी अग्रवाल, सुमन साबू का विशेष योगदान रहा।

### डीएवी आलोक में वन महोत्सव का आयोजन



**रांची।** अरगोडा स्थित डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल में शनिवार को वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा दो से कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर 100 से ज्यादा फल एवं छायादार पौधों को स्कूल के प्रांगण में विभिन्न स्थानों पर बड़े उत्साह के साथ लगाया गया। इसके पूर्व स्कूल के सभी छात्र एवं छात्राओं ने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में पर्यावरण को समृद्ध बनाने हेतु जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली निकाली। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार ने अपने संबोधन में छात्र एवं छात्राओं से आवाहन किया कि अपने जीवन काल में प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 10 फलदार एवं छायादार वृक्षों को जरूर लगाना चाहिए। वन महोत्सव को सफल बनाने में सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । नितू , रंजन , प्रिंस इत्यादि ने वन महोत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### बीआइटी के कार्यक्रम में बोले इसरो अध्यक्ष के डॉ एस सोमनाथ

# अलग-अलग इंजन के साथ चंद्रमा पर फिर से लैंडिंग करेगा भारत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा और भारतीय एरोनॉटिकल सोसाइटी के सीएफडी डिवीजन ने रविवार को एईएसआई सीएफडी की वार्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. एस सोमनाथ, संस्थान के कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना, एईएसआई सीएफडी डिवीजन के उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश, और एईएसआई सीएफडी 2024 के अध्यक्ष डॉ. प्रियांक कुमार थे।

डॉ. प्रियांक कुमार ने सभी का स्वागत किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में शामिल सभी लोगों के प्रयासों को सराहा। उन्होंने कम्प्यूटेशनल फ्लुइड डायनेमिक्स में नए विचारों को देखने की भी इच्छा जाहिर की।

प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना ने बताया कि कैसे इसरो की सफलता ने पूरे भारत को गौरवान्वित किया है। कैसे इसने भारतीयों को महान ऊंचाईयों को प्राप्त करने का दृढ़ विश्वास दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम को हमें स्व-आकलन के लिए समर्पित करना चाहिए, ताकि हम समझ सके कि आखिर हम कहा खड़े हैं।

डॉ. एस. सोमनाथ ने उनके सामने आने वाली अनेक चुनौतियों का वर्णन किया। उनसे निपटने के लिए उनके द्वारा किए जाने वाले अध्ययनों का भी ज़िक्र किया। उन्होंने यह भी कामना की कि आने वाले दिनों में भारत अलग-अलग इंजनों के साथ चंद्रमा पर फिर से लैंड करेगा। कार्यक्रम में स्मारिका सार की ई-बुक का विमोचन हुआ। स्थानीय आयोजन समिति की सदस्य डॉ. शैली बिस्वास ने धन्यवाद दिया।

आईआईएससी बैंगलोर के ऊर्जा अनुसंधान के लिए अंतरविष्य केंद्र और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. प्रदीप दत्ता ने अंतरिक्ष यान प्रणालियों के लिए निष्क्रिय थर्मल प्रबंधन पर एक प्रस्तुति दी। इस सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना ने की।

सत्र के अंत में एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (बैंगलोर) के अतिथि वक्ता डी. नारायण ने स्टोर ट्रैजेक्टरी एनालिसिस एट एडीए-पिट ड्रॉप टू फ्लाइट टेस्ट पर बात की। उन्होंने अलग-अलग सीएफडी तकनीकों की बात की, जो सुरक्षित पृथक्करण का अनुमान कर हमारा समय और धन दोनों बचाने की क्षमता रखते हैं। सत्र की अध्यक्षता आईआईटी मद्रास के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शांतनु घोष ने की।

# डीएसपीएमयू कुड़मालि विभाग में विदाई समारोह का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) पीजी तथा यूजी अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम विभाग के वर्तमान छात्र-छात्राओं द्वारा विदाई होने वाले अतिंम वर्ष के छात्र-छात्राओं को विधिवत सहसम्मान के साथ सभा-कक्ष में प्रवेश करा कर बैठाया गया, फिर उसका अभिवादन किया। ज्ञान असीमित है, इसको सीखने का कोई उम्र नहीं है हम पढ़ते पढ़ाते हुए कुछ न कुछ सीखते हैं। यह बात हो भाषा विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रो. दिलदार पूर्ति ने कहा। कुडुख विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रामदास उरांव ने अपने विभाग, भाषा संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हमें अपने पूरखों की बिरासत को बनाये रखना की जरूरत है। कुड़मालि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. परमेश्वरी प्रसाद महतो अपने विभाग में होने वाले सांस्कृतिक गति-विधि पर जोर देते हुए कहा कि हम सबों की यह जिम्मेबारी बनती है कि कुड़मालि भाषा, साहित्य एवं संस्कृति से जुड़े रहें। इस अवसर पर कई छात्र-छात्रों द्वारा कुड़मालि पुरखा गीत, झूमर नृत्य संगीत कर विदाई के इस गमनीय महौल को हर्षो-उल्लास से भर दिया। कई छात्र-छात्रों ने इस विभाग में बिते दिनों को यादों को तरोताजा किया। कार्यक्रम का मंच संचालन एम.ए. सेम - 2 के देव कुमार महतो एवं हेमंत अहीर ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन एम. ए. अंतिम वर्ष के छात्र अयुष नंदन ने किया।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का रांची में विरोध

# बंगाली समुदाय ने विरोध प्रदर्शन किया पीएम से हस्तक्षेप की मांग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में रविवार को बंगाली समुदाय के हजारों लोगों ने अल्बर्ट एक्का चौक के सामने विरोध किया। मौके पर डॉ शिवालिक मित्रा ने कहा कि बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं को राजनीति कर वहां से भगाने का साजिश रची जा रही है। हिंदुओं को टारगेट किया जा रहा है ताकि बांग्लादेश को छोड़कर भारत चले जाएं। उन्होंने पीएम मोदी से मांग की कि बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं पर हो रहे हमला पर हस्तक्षेप करें ताकि उन्हें सुरक्षा मुहैया करायी जा सके। चंदन रॉय ने कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं का जमीन को लूटा जा रहा है। उनके व्यवसाय की दुकानों को धवस्त किया जा रहा है। करोड़ों हिंदुओं को जान-बूझकर देश छोड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है। आराजा घोष ने कहा, आज शांति तरीके से विरोध कर रहे हैं।

## कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स में स्वतंत्रता पर्व का आयोजन

**रांची।** कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स डोरंडा एवं हटिया केंद्र और कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को स्वतंत्रता पर्व का आयोजन किया गया। इस मौके पर झारखण्ड जगुआर के पुलिस उपमहानिरीक्षक इंद्रजीत महथा उपस्थित थे। इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी में 300 से अधिक पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन रजनी कुमारी एवं हर्षिता ने किया। इस अवसर पर नृत्य, संगीत, फैंसी ड्रेस एवं इंस्ट्रूमेंट प्ले की प्रस्तुति बच्चों ने किया। इस अवसर पर संस्था निदेशक एवं कला शिक्षक धनंजय कुमार ने छात्रों को एकता और शांति के साथ रहने का सन्देश दिया।

# एनआइबीएम में नया बैच 16 अगस्त से प्रारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** प्रत्येक वर्ष लाखों युवा स्नातक पास करते हैं तथा उनके लिए बैंकिंग, आईबीपीएस, एसबीआई, आरबीआई, नाबार्ड, एसएससी रेलवे, स्टेट लेवल एसएससी में लाखों की नौकरियों के लिए प्रत्येक वर्ष रिक्तियां की घोषणा की जाती है।

वर्ष 2024 में भी रिक्तियां की घोषणा कर दी गई है तथा और आने वाले हैं। 10+2, स्नातक, बीटेक पढ़ाई कर रहे युवा के लिए सर्कुलर रोड स्थित एनआईबीएम में इन सभी रिक्तियों के लिए विशेष बैच हिंदी तथा अंग्रेजी माध्यम में 16 तथा 23 अगस्त से प्रारंभ की जा रही है। इस संस्थान में पढ़ाई गई प्रश्न विभिन्न परीक्षाओं में लगभग हूबहु पूछे जाते हैं तथा यहां फ्री लाइब्रेरी रीडिंग रूम के साथ शिक्षकों के द्वारा प्रतिदिन नई पैटर्न पर पढ़ाई करवाई जाती है तथा संबंधित डाउट को प्रतिदिन क्लियर भी किया जाता है निदेशक द्वारा चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है तथा सम्मान समारोह के दिन तैयारी कर रहे संस्थान के युवाओं को मोटिवेट किया जाता है। सफल होने की तकनीक को बताई जाती है इच्छुक विद्यार्थी संस्थान के यूट्यूब, फेसबुक, वेबसाइट कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।

# नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने का संकल्प



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** प्रखंड के हेसल पंचायत भवन में नशाखोरी और नशा का व्यापवर करने वालों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन के संग क्षेत्र के बुद्धिजीवियों और गणमान्य लोगों की एक बैठक हुयी। बैठक में अवैध शराब, गांजा, चरस, ब्राउन सूगर जैसे नशीली पदार्थों के व्यापार और इसके उपयोग पर हर संभव अंकुश लगाने का संकल्प लिया गया। सिल्ली डीएसपी रणवीर कुमार सिंह ने कहा कि नशाखोरी और नशीली पदार्थ पर स्थानीय लोगों के सहयोग के बिना रोक लगाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां अड्डाबाजी होती है उसको चिन्हित कर पुलिस को इसकी तत्काल सूचना दें, पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। थाना प्रभारी चमरा मिंज ने कहा कि यदि नशाखोरी पर सभी समाज के अगुआ लोग आगे आकर इसके लिए प्रयास नहीं करेंगे तो आज का युवा पीढ़ी तबाह और बर्वाद हो जाएगा। उन्होंने अफीम की खेती किए जाने वाले क्षेत्र में उस क्षेत्र के बुद्धिजीवियों और समाज के अगुवा लोगों को इस नशामुक्ति अभियान से जोड़ने की बात कही । बैठक में समाजसेवी मुस्तफा अन्सारी पूर्व विधायक रामकुमार पहान सहित दर्जनों लोगों ने अपने विचार रखे। बैठक में नशामुक्ति अभियान को धार देने के लिए एक कोर कमेटी का भी गठन किया गया। बैठक का संचालन अतीस कुमार महतो ने किया बैठक में मुख्य रूप जिप सदस्य अनुराधा मुडा पंसस शीला देवी मुखिया कविता कुमारी ग्राम प्रधान रामनाथ करमाली विष्णु महतो इब्राहीम अन्सारी अब्बास अन्सारी सुनील महतो कृष्णा भगत गबेश्वर महतो कारीनाथ महतो जगरनाथ महतो जगेश्वर महतो रामविहारी साहू अब्बास अन्सारी अरुण करमाली एसआई रविशंकर सिंह थे।

# जन सेवक सम्मेलन संपन्न,17 अगस्त से होगी जन संदेश यात्रा की शुरूआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** हरमु स्थित मारवाड़ी भवन में जन सेवा मंच के द्वारा जनसेवक सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें रांची शहर से सैंकडो की संख्या में जन सेवक उपस्थित हुए। इस अवसर पर जन सेवा मंच के संस्थापक मुनचुन राय ने जन सेवकों को संबोधित करते हुए कहा की जन सेवा मंच के द्वारा 17 अगस्त से खुशहाल रांची के निर्माण के प्रथम चरण में रांची शहर में जन संदेश यात्रा की शुरूआत की जायेगी। जिसमे रांची शहर की मूलभूत समष्याओं जैसे सीवरेज ड्रेनेज, चुटिया में रेलवे ब्रिज का निर्माण,बिजली पानी की समष्या, नदी, तालाब एवं पर्यावरण संरक्षण, ऑटो चालक एवं वेंडरों की समस्या को लेकर जन जन से संपर्क किया जायेगा और इन समष्याओं से राज्य सरकार को अवगत कराया जायेगा। इस अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड के जाने माने जियोलॉजिस्ट नितीश प्रियदर्शी ने पर्यावरण से जुड़ी समस्या और समाधान पर अपना विचार रखा। डीजल ऑटो चालक संघ के अध्यक्ष दिनेश सोनी ने ऑटो चालकों को हो रही समष्याओं को लेकर अपना बात रखी।

## विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के आवास पर जुटे भाजपा विधायक, हिमंत विश्व सरमा भी रहे



**खूंटी।** खूंटी के विधायक और भाजपा के वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा के रांची स्थित आवास में रविवार को भाजपा विधायकों की बैठक में विधानसभा चुनाव और पार्टी संगठन को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया।

बैठक में झारखंड के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमन्त विश्व सरमा, विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, सदन में प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाऊरी, विधायक रणधीर सिंह, विधायक भानू प्रताप शाही, विधायक नवीन जायसवाल, विधायक अमित मंडल, विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व विधायक सीता सोरेन थे। जानकारी के अनुसार बैठक में लोकसभा में भाजपा के प्रदर्शन, बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

## विश्वंभर फॉउंडेशन में 15 अगस्त को ध्वजारोहण एवं पौधारोपण कार्यक्रम

**रांची।** रविवार को विश्वम्भर फॉउंडेशन के कार्यालय मे निर्णय लिया गया आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन भगवती एम्पायर के प्रांगण मे प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया जायेगा। 15 अगस्त से पूर्व विश्वम्भर फॉउंडेशन के सचिव नविन कुमार झा ने फॉउंडेशन से जुड़े लोगो एवं समाज के सभी लोगो से अपील की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन के बात के कार्यक्रम में जो हर घर तिरंगा का आह्वान किया था, उसके निमित प्रत्येक घर पर भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अवश्य लगाये। स्वतंत्रता दिवस के दिन ध्वजारोहण उपरांत फॉउंडेशन के द्वारा पौधारोपण का कार्यक्रम भी किया जायेगा। इस कार्यक्रम के निमित फॉउंडेशन से जुड़े कुंदन सिंह को संयोजक बनाया गया है।

# हर घर तिरंगा अभियान के लिए राहे में तिरंगा यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**राहे।** भाजपा युवा मोर्चा रांची के तत्वावधान में रविवार से हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत राहे मंडल से किया गया। बुंडू से आयी तिरंगा यात्रा को राहे प्रखंड के चंदनडीह चौक से भगत सिंह चौक तक लाया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह और सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाना है। लोगों में देशभक्ति की भावना व जोश भरने के लिए यह यात्रा निकाली गई। इस दौरान यात्रा में शामिल लोगों ने भारत माता की जय का उद्घोष कर माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। भाजपा नेता व कार्यकर्ता हाथ में तिरंगा लिए बाइक से चल रहे थे। भाजयुमो जिला अध्यक्ष विवेकानंद जायसवाल, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज मंडल अध्यक्ष चित्तरंजन महतो, लक्ष्मण सिंह मुंडा, रंजीत लाहेरी, दिलेश्वर कोईरी, सृष्टिधर प्रजापति, मनोज महतो, भगीरथ महतो,धीरेन महतो, आलोक दास, गंगाधर साव, जीतू महतो, मनोज महतो, परिक्षित मंडल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# झारखंड मिथिला मंच ने अशोकनगर स्थित देवालय में महारुद्राभिषेक का किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मिथिला मंच द्वारा अशोकनगर स्थित देवालय में महारुद्राभिषेक का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें मुख्य यजमान मंच के अध्यक्ष डॉ आनंदशेखर झा और डॉ बसुधा झा थी। मुख्य पुरोहित दरभंगा के पंडित सुधीर झा के द्वारा रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया गया। रुद्राभिषेक में भाजपा के यदुनाथ पांडेय, बिधायक सी पी सिंह, बिधायक नवीन जयसवाल, अशोक नगर कॉपरेटिव के अध्यक्ष डॉ माधव, मंदिर सोसाइटी के सचिव बिपिन बिहारी मिश्रा, ऑक्सफोर्ड स्कूल के प्राचार्य आर के ठाकुर, स्मार्ट सिटी के जी एम राकेश नंद कुलियार समाजसेवी कुमुद कुमार झा, शिक्षा पदाधिकारी अरविन्द झा, शिक्षा पदाधिकारी मोहन जी झा, समाजसेवी दुर्गाशंकर झा, संरक्षक श्रीपाल झा, संयोजक मनोज मिश्रा, महासचिव मिथिलेश मिश्रा, सुनील झा, सुजीत झा, कन्हैया झा, अशोक सिंह , निशिकांत पाठक जानकी प्रकोष्ठ की महासचिव निशा झा, उषा पाठक, सबिता मिश्रा, अवन्तिका झा, प्रियंका के आदि सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी संजीत झा ने दिया।

# बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति के दो दिवसीय सावन मेला का हुआ समापन, जम कर हुई खरीदारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रातू रोड स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी के गुरुनानक भवन हॉल में बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय सावन मेला समापन रविवार को हो गया। मेले में महिलाओं में खरीदारी के प्रति विशेष उत्साह देखा गया और दोनों दिन जमकर खरीदारी हुई। मेले में राखी,प्लास्टिक के समान, महिलाओं के परिधान, बेडशीट, दोहर, कॉस्मेटिक, कुर्ती, कोर्ड सेट, बच्चों के परिधान, क्रॉकरी, पापड़, आचार, खाद्य पदार्थ समेत अन्य जरूरी वस्तुओं के स्टॉल तथा गेम्स का एक काउंटर समेत कुल 39 स्टॉल लगाए गए। कॉस्मेटिक, घरेलू उपयोग के प्लास्टिक के सामान, फ्लावर पॉट, साड़ी, दोहर, केक, पूजा का सामान, राखी, भगवान की पोशाक के स्टॉल पर भारी भीड़ जुटी रही। दो दिवसीय आयोजन में समाज की लगभग एक हजार महिलाएं शामिल हुईं और मेले में मिल रहे ऑफर का लाभ उठाया। सावन प्रिंसेस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले नन्हे मुन्नों ने सावन की थीम के परिधानों में लोगों को आकर्षित किया। तीन से छह वर्ष आयु वर्ग में माही मुंजाल, छह से आठ वर्ष आयु वर्ग में तानसी तलेजा, आठ से बारह वर्ष आयु वर्ग में बाणी धमीजा ने सावन प्रिंसेस का खिताब जीता।

संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि न्यू मेंबरशिप के लिए समिति द्वारा एक विशेष काउंटर लगाया गया, जिसमें काफी संख्या में महिलाओं ने बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति की सदस्यता ग्रहण की। मेले के सफल आयोजन में कमलेश मिढ़ा, रवि नागपाल, बिमला किंगर, गीता कटारिया, नीता मिढ़ा, शीतल मुंजाल, ऋचा मिढ़ा, ज्योति मिढ़ा, ज्योति अरोड़ा, पिंकी सिन्हा, कंचन सुखीजा, निशा तलेजा, नीतू मनुजा



स्पीड न्यूज

### रातू : मुरगू के युवक के साथ मारपीट और लूटपाट



**रातू।** मुरगू के युवक रमेश कुमार को झखराटांड़ के निरंजन यादव व सत्यम कुमार समेत तीन लोगों ने जमकर पिटाई कर दी और उसके पर्स से 20 हजार नकद तथा गले से सोने की चेन भी लूट ली। मारपीट में उसके सिर पर चोटें आयी है। सीएचसी में उसका इलाज कराया जा रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि वह खतरे से बाहर है। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में दो नामजद समेत तीन के खिलाफ प्रस्थमिकी दर्ज करायी है। घटना रविवार शाम करीब 6 बजे रातू तालाब के पास की है। जानकारी अनुसार, भुक्तभोगी रमेश कुमार अपनी गर्ल्स फ्रेंड के साथ तालाब के पास बैठा हुआ था। इसी बीच तीनों लाल रंग के बुलेट में आ धमके और रॉड से मारपीट करना शुरू कर दिया। लड़की के हल्ला करने के बाद तीनों फरार हो गये। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### ग्रामीणों ने चोर को पकड़ा, चकमा देकर हुआ फरार

**रातू।** थाना क्षेत्र के उषामातु में रहने वाली संजू देवी के घर में डेढ़ साल पूर्व हुयी चोरी के मामले में ग्रामीणों ने जगत राम नामक व्यक्ति को धर दबोचा और चोरी का सामान भी बरामद कर लिया। लेकिन, लोगों को चकमा देकर दरवाजे में ताले जड़ पत्नी गुड़िया देवी के साथ फरार हो गया है। आरोपी बिहार का रहने वाला है। वह उसी गांव के तेजू महतो का दामाद है। उसके घर से चोरी के गैस सिलिंडर, जेवरात, बर्त्तन, लोहे की कड़ाही, आलू व प्याज आदि मिले हैं। पिछले दिनों वह अपने पड़ोसी और मलमाडू के वार्ड सदस्य मनबहाल लोहरा, मुकेश राय तथा कन्हैया के यहां भी चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है।

### हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के पापरीदा, कोकाडीही, और दुलमी गांव में शनिवार की रात जंगली हाथियो के झुंड ने काफी नुकसान किया है। पापरीदा गांव के संबद्ध महतो का घर को क्षतिग्रस्त कर दिया है। गांव के एक चापानल क्षतिग्रस्त किया। माथुर महतो का सब्जी फसल को नष्ट किया।कोकाडीह गांव के आमीन महतो, तथा दुलमी गांव के अशोक कोइरी और कार्तिक कोइरी का सब्जी फसल को खाया और नष्ट किया। गांव में हाथियों के उत्पात की सूचना पर वनपाल दिलीप मुंडा, हाथी मित्र तापस कर्मकार गांव जाकर नुकसान की जानकारी लिए। किसानों से मिलकर मुआवजा प्रक्रिया की जानकारी दिए।

### टाटी में पीसीसी सड़क का शिलान्यास

**सिकिदिरी।** प्रखंड के टाटी पंचायत के अरवाबेड़ा में विधायक निधि से बनने वाले 500 फीट पीसीसी पथ का शिलान्यास अनगड़ा पूर्वी के जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा ने नारियल फोड़ कर किया। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी लगातार गांव के सम्मस्याओं को लेकर सचेत है ग्रामीण के हितों को ध्यान में रहकर हर छोटे बड़े योजना को धरातल पर उतारा जा रहा है। मौके पर जिला सचिव शंकर बेदिया, अमर सिंह मुंडा, संजय महतो पंचायत प्रभारी छुटूलाल बेदिया, पंकज कुमार गुप्ता, सहजू बेदिया, सत्यनारायण मुंडा, संजय मुंडा, सज्जाद आलम, उर्मिला देवी, राजेंद्र बेदिया, महिराम बेदिया, महरू बेदिया, बब्लू अंसारी मौजूद थे।

### टांगर पंचायत भवन में ओबीसी मोर्चा की बैठक में विचार-विमर्श

**चान्हो।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रखंड कमेटी की बैठक रविवार को टांगर पंचायत भवन में कुलदीप की अध्यक्षता में हुई। इसमें 25 अगस्त को रांची जिला में होनेवाले सम्मेलन में ओबीसी को 52 प्रतिशत हिस्सेदारी को सफल बनाने पर विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रतपेश्वर गोप ने कहा कि ओबीसी का हक सुरक्षित करने के लिए केंद्र सरकार इसे नवमी अनुसूची में शामिल करे।

# तिरंगा से भारत को एक सूत्र में पिरोना है

**केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री पहुंचे शाश्वत बीएड कॉलेज, तिरंगा यात्रा में हुए शामिल**

● **2047 तक आत्मनिर्भर भारत का करना है निर्माण**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** शाश्वत इंस्टीच्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन हुटुप ओरमांझी में आयोजित देश के बलिदानियों के सम्मान व तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व भी किया। इस दौरान हाथों में तिरंगा लिए छात्र-छात्राएं के साथ केंदीय रक्षा राज्यमंत्री ने भारत माता की जयकारा लगा रहे थे। यात्रा शालिनी हॉस्पिटल से हुटुप गोशाला होते हुए कॉलेज पहुंची। जहां उन्होंने देश के बलिदानियों को श्रद्धांजिल दी और बलिदानियों के सम्मान में पौधे भी लगाए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की तकदीर व तस्वीर काफी बदल गई है। जिस देश की सेना के पास बुलेटप्रूफ जैकेट नहीं थे। आज उसी देश भारत 80 देषों को डिफेंस सामग्री भेज रही है। तिरंगा हांथों थामते ही उर्जा व देषभक्ति का संचार होने लगती है। उन्होंने कहा कि सिर्फ 15 अगस्त व 26 जनवरी को ही नही तीरंगा का सम्मान प्रत्येक दिन होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सभी रेलेवे स्टेषन व एयर पोर्ट में भी राष्ट्रध्वज लगाने को कहा गया है। नौ से 15 अगस्त तक देश के बलिदानियों के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसका उदेश्य भारत के 140 करोड़ देश वासियों को एक सूत्र में पिरोना है। कहा सुर्योदय से सुर्यास्त तक ही नही, अब 24 घंटे राष्ट्रध्वज लगा सकते हैं। लेकिन ध्यान रहे जहां राष्ट्रध्वज लगा हो वहां अंधेरा नही होना चाहिए। उन्होंने देशभर के छात्रों से आत्मनिर्भर भारत निर्माण में योगदान करने की अपील किया। कहा भारत के आजादी के सौ वर्ष 2047 तक आने वाले जनरेशन के लिए हमें मजबूत भारत छोड़ जाना है। कॉलेज के निर्देशक अनिल शर्मा ने केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री का स्वागत किया और कार्यक्रम में शामिल होने पर अभार प्रकट किया।



कॉलेज छात्रों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ।

**छात्राओं ने नाटक से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

छात्राओं ने गणेश वंदना नृत्य व पर्यावरण संरक्षण को लेकर नाटय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. एसके सिंहा, आकाश भूषण, स्नेह रंजन, अनुपम शशांक, नागेंद्र प्रसाद सिंह, सुरेश प्रसाद सिंह, सुबोध कुमार सिंह, ममता कुमारी, अंजली कुमारी, विनीता कुमारी रोहित सिंह, और शिक्षक छात्राएं उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचाया तिरंगा

**बलिदानियों को सम्मान दें और अपने-अपने घरों में तिरंगा लगायें**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भाजपा मेसरा मंडल द्वारा रविवार को तिरंगा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला महामंत्री अनिल टायगर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों को तिरंगा दिया और तिरंगा को सम्मान पूर्वक घर में लगाने की जानाकरी दी। जिला महामंत्री ने बताया कि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू के सहयोग से तीन हजार तिरंगा घर-घर पहुंचाया गया। इसके अलावे विभिन्न पंचायतों में लगभग और दस हजार घरों में तिरंगा पहुंचाए जा रहे हैं। लोगों को देश के बलिदानियों को सम्मान देने को लेकर अपने घरों में तिरंगा लगाने को कहा जा रहा है। मौके पर जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष राजेंद्र मानकी शाही, मंडल अध्यक्ष गोपाल महतो, कामेष्वर महतो, महानंद महतो, राजा महतो, अर्जुन मंडल, जीतेंद्र कुमार सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता शामिल थे।



घर-घर जाकर तिरंगा पहुंचाते भाजपा कार्यकर्ता।

# अलग-अलग सड़क हादसे में सात घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क सड़क हादसे में सात लोग घायल हो गए। जहां पहली दुर्घटना रांची गुमला मुख्य मार्ग पर तेतरटोली गांव के समीप एक सड़क हादसा में छह लोग घायल हो गए। जिसमें एक व्यक्ति को गंभीरावस्था में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। घटना रविवार की पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे की है। घायलों के स्वजनों ने बताया कि वे एक ऑटो पर सवार होकर लापुंग प्रखंड स्थित घघारी धाम घघारी बाबा के मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिए जा रहे थे। इसी बीच बेड़ो थाना क्षेत्र के तेतरटोली गांव के समीप विपरित दिशा गुमला से रांची की ओर जा रही एक ट्रक से असंतुलित होने के कारण उनकी ऑटो की टक्कर हो गई। जिससे वे घायल हो गए। घायलों में चुटिया रांची निवासी 55 वर्षीय शिवशंकर पाण्डेय, बुढ़ि चुआं कर्रा खूंटी निवासी 18 वषीर्या प्रीति रोशियाला बाड़ा, चुटिया पावर हाउस निवासी 30 वषीर्या अंजू देवी, 21 वर्षीय राकेश कुमार व 7 वर्षीया छोटी कुमारी तथा हेंदलासो लोहरदगा निवासी 25 वर्षीय बबलू बैठा घायल हो गए। इधर सूचना मिलने के बाद घायलों को पीसीआर पुलिस ने सीएचसी बेड़ो पहुंचाया। जहां डा सुमन ने घायलों का इलाज किया। साथ ही गंभीर रूप से घायल शिवशंकर पांडेय को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद एएसआई अक्षय कुमार सिंह ने सीएचसी बेड़ो पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इधर एक दूसरी घटना थाना क्षेत्र के विशु भगत महिला कॉलेज के समीप बेड़ो मांडर मार्ग पर रविवार की अपराह्न लगभग साढ़े चार बजे हुई, जिसमें एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बेड़ो हरिहरपुर जामटोली कुहू गढ़ा गांव निवासी 35 वर्षीय बाइक सवार पास्कल तिर्की गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता रामनारायण भगत सीएचसी पहुंचे और घायल युवक की जानकारी ली।



### हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक

**इटकी।** हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक रविवार को इटकी स्थित विवाह मंडप में मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड प्रभारी संजय तिवारी व विशिष्ट अतिथि रामनारायण भगत शामिल हुए। बैठक में प्रखंड प्रभारी संजीव तिवारी ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर विचार विमर्श किया व इटकी प्रखंड में इसे सफल बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं को कई दिशा-निर्देश जारी किए।

### डीएमएफटी मद से चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास

**खलारी।** डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज में चहारदीवारी एवं दो कमरों का शिलान्यास किया गया। कांके विधायक समरीलाल व वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र नाथ पांडेय ने नारियल फोड़कर एव शिलापट्ट हटाकर शिलान्यास किया। स्कूल में डीएमएफटी मद से विद्यालय के चहारदीवारी व कमरों का निर्माण किया जाएगा। वही डीएमएफटी मद से प्राथमिक विद्यालय जोराकाठ में भी दो कमरा और चाहरदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस दौरान स्कूल परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। मौके पर समाजसेवी सुरेंद्रनाथ पांडेय, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह,मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, महामंत्री अनिल गंझू, अरविंद सिंह, शत्रुंजय सिंह, सुबोध रजक, सुनील गिरी, कुलदीप साहू, राधेश्याम प्रसाद, रविंद्र मुंडा, जितेंद्र भारती, हरी पाहन, सीताराम प्रजापति,लखन प्रसाद साहू मौजूद थे।

# रातू : मच्छरों से मलेरिया फैलने की आशंका

- प्रत्येक घर में हैं दो-चार मरीज
- निजी अस्पतालों हो रहा इलाज

**स्वास्थ्य कर्मियों को किया गया अलर्ट**



उप स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों को अलर्ट कर दिया गया है। मलेरिया इंस्पेक्टर को निर्देश दे दिये गये हैं। लेकिन, अस्पताल में डीडीटी और ब्लीचिंग की उपलब्धता नहीं है। अल्वत्ता, मरीजों के लिये पर्याप्त दवा है।

**डॉ सुजीत कुमार कश्यप, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीएचसी, रातू।**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राज्य सरकार मलेरिया उन्मूलन के लिये करोड़ों खर्च कर रही है। लेकिन, न तो इसका उन्मूलन हो रहा है और न ही डीडीटी का छिड़काव किये जा रहे हैं। मच्छर के आतंक से ग्रामीणों को मलेरिया फैलने की आशंका है। प्रखंड में कोई भी घर ऐसा नहीं, जहां दो से चार लोग सर्दी-बुखार से पीड़ित न हों। निजी अस्पतालों में मरीजों का इलाज कराया जा रहा है। इससे चिकित्सकों की चांदी हो गयी है। इसके बावजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीन काम कर रहा मलेरिया विभाग के अधिकारी व कर्मचारी संवेदनशील नहीं है। बताते चलें, कि पिर्रा में डेंगू से दर्जनों ग्रामीण हलकान रहे। रिंची ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में इलाज कराकर पीड़ितों ने अपनी जान बचायी।

**एक नजर में**

### पर्यावरण संतुलन के लिए बूटी गांव में लगाये गये एक हजार पौधे



**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस पर बूटी गांव में हजार पेड़ लगाए। बीते भीषण गर्मी को देखते हुए पेड़ लगाने का निर्णय राम ओहदार एवं बुटी के युवाओं ने लिया ताकि पर्यावरण को संतुलित रखा जा सके और झारखंड के जल, जंगल, जमीन को बचाया जा सके, जो अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का काम करें। मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र महतो केंद्रीय महामंत्री झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने कहा कि अपनी मां के नाम हर इंसान को एक पेड़ लगाना चाहिए और बूटी के युवाओं द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। अतिथि के रूप में अगमलाल महतो, महावीर मुंडा, तुलसी महतो, अमर महतो, कपिल महतो, राजकिशोर ओहदार, हलधर बैठा, राजेश महतो, अजित महतो, उमेश महतो, मनीष कुमार एवं गांव के अनेकों समाज सेवी शामिल हुए।

### अनगड़ा में सावन महोत्सव सह महिला सम्मान समारोह आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** नामकोम प्रखंड के उप प्रमुख वीणा कुमारी एवं आजसू पार्टी जिला कोषाध्यक्ष संध्या वांडो की अगुवाई में रविवार को सावन महोत्सव सह महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सावन महीना के उपलक्ष्य में आयोजित सावन महोत्सव सह महिला सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में टाटीसिलवे थाना के महिला सहायक पदाधिकारी स्वेता सिंह ने अपने संबोधन में सावन महोत्सव पर सभी महिलाओं को अपने हक अधिकार के संदर्भ जानकारी साझा की। इस बीच महिलाओं के सम्मान में आजसू पार्टी महिला जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी एवं जिला कोषाध्यक्ष संध्या वाण्डो द्वारा चूड़ियां प्रदान की गयीं।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य श्रीमती फुलकुमारी देवी पूर्व प्रमुख अनिता गाड़ी पूर्व मुखिया किरण प हान मुखिया सुनीता देवी पंचायत समिति सदस्य इन्दु देवी जयन्ती देवी किरण देवी निर्मला देवी वीणा देवी सरस्वती देवी सावित्री देवी श्रीमती कमला कुमारी सरिता देवी पिन्की देवी मंजू देवी लिना रानी सहित सैंकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।

### नौकरी और शादी का झांसा देकर यौनशोषण

**नामकुम।** सामलोंग की रहनेवाली एक युवती से नौकरी एवं शादी का झांसा देकर यौन शपषण करने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़िता ने नामकुम थाने में छोटा घाघरा, हुंडरू के रहने वाले अमन चौबे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। आवेदन में पीड़िता ने बताया कि दो माह पूर्व अमन चौबे ने उसके मोबाईल पर फोन कर उसे नौकरी दिलाने की बात कहकर हटिया स्टेशन बुलाया। अमन ने उसे विश्वास में लेने के लिए अपना आईडी कार्ड भी भेजा, जिसके बाद सुनयना हटिया स्टेशन जाकर नौकरी के लिए सारे कागजात अमन के पास जमा करायी। इस दौरान अमन उसके घर आने जाने लगा और एक दिन पीड़िता घर में आकर शादी का प्रस्ताव देकर उसके साथ घूमना फिरना शुरू कर दिया। इस दौरान अमन ने उसके सामलोंग स्थित घर में यौन शोषण भी किया। कुछ दिन बाद जब घर वालों ने शादी की बात कही तो मुकर गया।

### रातू : वेदिका साइबर कैफे से 40 हजार रुपये की ठगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के काठीटांड़ चौक स्थित वेदिका साइबर कैफे के संचालक सतीश कुमार से अपराधियों ने 40 हजार रुपये की ठगी कर ली। घटना रविवार दोपहर एक बजे की है। जानकारी के अनुसार, श्री कुमार को मोबाइल नंबर 8920732610 से कॉल आया। उसने अपना पता सिमलिया हाजी चौक बताया और कहा कि 40 हजार नकद लेकर मेरा आदमी जायेगा, उसे मेरे नंबर पर डाल दीजियेगा। इसके बाद ठग ने सेनेटरी दुकानदार को फोन कर कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में 3 सिंटेक्स लगाने का झांसा दिया और कहा कि नजदीक के सेनेटरी दुकानदार को फोन कर दीपू मेडिकल से 20 हजार रुपये एडवांस लेने को कहा। जब वह मेडिकल में पहुंचा, बंद था। स्टॉफ ने उपरोक्त नंबर पर कॉल कर दुकान बंद होने की जानकारी दी। उसने समीप के कैफे में जाकर पैसे लेने की बात कही। जैसे ही सेनेटरी स्टॉफ को देखा उसने बिना पूछे 40 हजार उपरोक्त नंबर पर ट्रांसफर कर उससे रुपये की मांग की। इस पर उसने पैसे देने से इंकार करते हुये बताया कि वह कैफे से रुपये निकालने आया है। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आह्वान

**बेड़ो।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने लेकर रविवार को भाजपा नेता रामनारायण भगत की अध्यक्षता में बेड़ो प्रखंड के जरिया गांव स्थित करमचंद भगत स्टेडियम में ग्रामीणों की एक बैठक की गई। जिसमें इसे सफल बनाने के लिए गांव गांव में जनसंपर्क अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। मौके पर भाजपा नेता रामनारायण भगत ने ग्रामीणों से हर घर पर आगामी 13 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा अभियान का आह्वान किया। उन्होंने तिरंगा लगाकर इसका सेल्फी हर घर तिरंगा डॉट कॉम में डालने की अपील किया।

### बुद्धिजीवी मंच और पेंशनर समाज ने किया भिक्षाटन



**पीएचसी में डॉक्टर की पदस्थापन की मांग**

**इटकी।** प्रखंड के पीएचसी में डॉक्टरों का शीघ्र पदस्थापन और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग को लेकर बुद्धिजीवी मंच और पेंशनर समाज के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को स्थानीय सीएनआई चर्च परिसर में भिक्षाटन कार्यक्रम किया गया। इस दौरान ईसाई समुदाय के लोगों ने भिक्षाटन में स्वेच्छा से राशि दी। ज्ञात हो की पीएचसी में पिछले 11 माह से डॉक्टर के अभाव में महिलाओं का प्रसव के अतिरिक्त अन्य चिकित्सा सेवा का कार्य नही हो पा रहा है। भिक्षाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से इटकी बुद्धिजीवी मंच व पेंशनर समाज के प्रतिनिधियों के अलावे राजद प्रदेश सचिव अजीत केसरी, मुजाहिद इस्लाम, चंद्रकांत महतो, पादरी एन कंडूलना, निशित तिग्गा, अनूप टोप्पो, रवि बेलस कुजूर, सज्जाद अहमद व नुरुल सहित अन्य शामिल थे।

### शौंडिक युवा मंच ओरमांझी की बैठक

**ओरमांझी।** शौंडीक युवा मंच ओरमांझी की एक बैठक रविवार को पालु गांव में हुई। मंच के अध्यक्ष अमित राज की अध्यक्षता में हुई बैठक में शौंडिक युवा मंच की मजबूती व विस्तार पर चर्चा हुआ। साथ ही निर्णय लिया गया कि मंच का विस्तार के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। अमित राज ने समिति के सदस्यों को घर-घर जाकर समाज के लोगों को सदस्य बनाने को कहा और बताया शौंडिक युवा मंच को समाज के लोगों को काफी सहयोग व समर्थन मिल रहा है। मिल रहे समर्थन से मंच को समाजहित में बेहतर कार्य करने में उर्जा प्रदान करेगी। बैठक में समाज के कई लोगों ने संबोधन किया। संचालन सचिव राजधाम साहू ने किया। मौके पर कोषाध्यक्ष अजय साहू, संरक्षक जलेश्वर साहू, रामचरण साहू, रोहित साहू, शायमु साहू, शिवप्रसाद साहू, कृष्णा साहू, रणधीर साहू, योगेंद्र साहू, संतोष कुमार साहू, रामप्रकाश साहू, मुकेश साहू, जनकप्रसाद साहू, सतीश साहू, सुनील कुमार साहू, अजीत कुमार साहू, तारकेश्वर साहू, बालेश्वर साहू, विकास कुमार साहू, उमेश कुमार साहू सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

# सिमलिया में जर्जर आरईओ पथ का विरोध

**रोड नहीं तो वोट नहीं के लगे नारे, प्रतिनिधियों के प्रति दिखा आक्रोश**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सिमलिया मुंडा मसना से अगड़ू मार्ग तक करीब दो किलोमीटर आरईओ पथ की जर्जरता के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा उबाल पर है। वह आंदोलित हो रहे हैं। रविवार की सुबह सैकड़ों लोगों ने अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष जावेद मंसुरी की अगुआई में विरोध प्रदर्शन किया और सांसद-विधायक समेत अन्य प्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश जताते हुये रोड नहीं, तो वोट नहीं के नारे लगाये। वहीं रिंग रोड जाम करने की भी चेतावनी दी है। बताते चलें कि सड़क में जगह-जगह बने जानलेवा गढ्ढे से अब तक कई लोग गिरकर जख्मी हो चुके हैं। जलजमाव से डायरिया समेत अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका है।

**इन्होंने लिया हिस्सा**

पूर्व मुखिया मुकेश भगत, सरपंच महावीर उरांव, मो इमरान, ग्यासुद्दीन अंसारी, बरकत अंसारी, इमरान अंसारी, रंजित उरांव, सुखराम उरांव, धनंजय उरांव, मनोज भगत, अमित गोप, मनोज गोप, करमु उरांव, सोनू गोप, परवेज मंसूरी, मो आकिब, मो वसीम, ताहिर मंसूरी, निरोज मंसूरी, मो अबीस, जैनुल अंसारी, अलीजन अंसारी, मो नकीब, आफताब आलम, मो आरिफ, अब्दुल रसीद, शोएब अंसारी, मो अताउल्लाह व परवेज आलम आदि।

**मंत्री से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल**

ग्रामीणों ने बताया कि विभाग की ओर से आठ वर्ष पूर्व सड़क की मरम्मत करायी गयी थी, लेकिन घनी आबादी और व्यस्त यातायात की वजह से अधिक दिनों तक नहीं चल सका। दोबारा किसी ने सुधि तक नहीं ली। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और विधायक नवीन जायसवाल पर गांव के विकास में रुचि नहीं लेने का आरोप है। पथ और पक्की नाली निर्माण की मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल मंत्री इरफान अंसारी से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा।

# अधर में हसीना

शेख हसीना का अगला कदम क्या होगा, इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। लेकिन जिस तरह अपनी सुरक्षा के लिए उन्होंने सबसे पहले भारत से ही संपर्क किया और वह भी काफी कम वक्त में, उससे जाहिर होता है कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते कितने मजबूत रहे हैं। अब जो नयी सरकार गठित होगी, क्या उसके साथ भी भारत के संबंध सौहार्द्रपूर्ण और भरोसे के रहेंगे, इसे परखना होगा। क्योंकि बांग्लादेश भारत का पड़ोसी देश ही नहीं है, हमारी सीमाओं के साथ-साथ आर्थिक, सामरिक, सांस्कृतिक हितों की भी साझेदारी है। जिन हालात में इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने पाकिस्तान के दो हिस्से कराकर बांग्लादेश का निर्माण करवाया था, उस हार का स्वाद पाकिस्तान अब तक नहीं भूला है और चीन ने भी भारत की सक्षमता को तब देख लिया था। लेकिन अब चीन और पाकिस्तान दोनों बांग्लादेश को आधार बनाकर भारत में अपने गलत इरादों को अंजाम देने की कोशिश करेंगे, इस बारे में भारत को पहले से सचेत रहना होगा। यह जानकारी छोटी सी है, लेकिन इसके मायने काफी गहरे हैं। पाकिस्तान के राजनयिक अगर विद्रोहियों को समर्थन दे रहे हैं, तो जाहिर है कि बांग्लादेश की राजनैतिक अस्थिरता या वहां कठपुतली सरकार बनाने में बाहरी ताकतों की दिलचस्पी है। ये ताकतें कौन सी हैं, और इनका असल मकसद क्या है, इसे बेहद सावधानी के साथ विश्लेषित करने की जरूरत है। क्योंकि बांग्लादेश केवल मोहरा हो सकता है और निशाने पर कोई और हो सकता है। आंदोलन के प्रत्यक्ष कारण कुछ और होते हैं और छिपे हुए एजेंडे जब तक सामने आते हैं, तब तक देश बर्बाद हो चुके होते हैं। ऐसे आंदोलनों में धर्म और नस्ल के नाम पर अत्याचार सहउत्पाद की तरह आता है।

# कांस्य सं संतोष

हॉकी की टीम ने स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक देश के नाम किया। टीम ने लगातार दूसरे ओलंपिक में भी हॉकी का कांस्य पदक भारत की झोली में डाला। टीम की दृढ़ता व टीम भावना के चलते यह कामयाबी मिली है। अपने इस परंपरागत खेल से भारतीयों का भावनात्मक लगाव सदैव रहा है, जिसको भारतीय टीम ने संबल ही दिया। निस्संदेह, इससे हॉकी की लोकप्रियता को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम ने मजबूत टीमों को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। हालांकि, वह अपने एक मजबूत खिलाड़ी की अनुपस्थिति में सेमीफाइनल में जर्मनी से हार गई थी। लेकिन कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी टीम से खेल प्रेमियों ने कहा कि यह उपलब्धि सोने की चमक से कम नहीं है। हालांकि एक समय था कि अंतिम मुकाबले में स्पेन एक शून्य की बढ़त लिए हुए था, लेकिन भारतीय टीम ने न केवल खेल में वापसी की बल्कि स्पेन को 2-1 से हराया भी। उल्लेखनीय है कि भारतीय हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक के अंतिम मुकाबले में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कप्तान वाली पारी खेली। उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके पहले स्कोर बराबर किया और फिर दूसरे गोल से प्रतिपक्षी टीम पर अजेय बढ़त ले ली। जर्मनी से हुए मुकाबले में जिस फर्स्ट रशर अमित रोहिदास की कमी खली थी, अंतिम मुकाबले में उन्होंने अपनी सार्थक उपस्थिति दर्ज की। उल्लेखनीय है कि ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ रोहिदास को रेड कार्ड मिला था। जिसके चलते उन पर एक मैच खेलने का प्रतिबंध लगा था। यही वजह कि जर्मनी के मुकाबले में उनकी कमी टीम को खली थी। कालांतर में भारत ने जर्मनी के खिलाफ मैच 3-2 से गंवाया था।

# देहरादून का खाराखेत, जहां नमक कानून तोड़ा गया



चाहे 15 अगस्त का पावन पर्व हो या 26 जनवरी का। हमें ऐसे सेनानियों की याद बरबस आ जाती है जिन्होंने इस राष्ट्र के लिए अपना आत्मोत्सर्ग कर दिया। जिन सेनानियों के कारण हम आज स्वतंत्र भारत में सांस ले पा रहे हैं उन्होंने इस स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

इतिहास के दर्पण में यदि उत्तराखंड का आकलन किया जाए तो यहां के चप्पे-चप्पे से भारत की स्वतंत्रता का जुड़ाव है। कुछ स्थानों का स्ववतंत्रता आंदोलन से जुड़ाव है तो कुछ स्थान सम्राट अशोक के काल से जुड़े हुए है जहां कण कण में स्वतंत्रता की अलख जगती दिखती है। ऐसा ही एक स्थान है विकासनगर का खाराखेत। जहां नून नदी के पानी से नमक बनाकर ब्रिटिश हुकूमत को चुनौती दी गई थी। यह घटना 20 अप्रैल 1930 की है जहां स्वतंत्रता आंदोलन के सपूतों ने नमक बनाकर कानून तोड़ा था। ऐसे लोगों की स्वतंत्रता आंदोलन में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका थी और उसी के बल पर हम सब आज पूरी तरह स्वतंत्रता का आनंद ले रहे हैं।

उत्तराखंड के देहरादून जनपद के विकासनगर में स्थित है खाराखेत गांव। यह वही स्थान है जहां स्थित खाराखेत स्वतंत्रता आंदोलन का गवाह है। इन स्थानों से हमें राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा और पाथेय मिलता है। राष्ट्रवाद की यह भावना इसी बात का संकेत देती है कि अंग्रेजों के शासनकाल में नमक सत्याग्रह के माध्यम से पीढ़ी को जगाने का काम किया गया था। खाराखेत वह गांव है जहां गांधीजी के आह्वान पर स्वतंत्रता के संवाहकों ने अंग्रेजों का कानून तोड़ा था। इतिहास बताता है कि 20 अप्रैल 1930 को नून नदी के पानी से नमक बनाकर ब्रिटिश शासन को बड़ी चुनौती दी गई। स्वतंत्रता के प्रेमियों ने नून नदी के किनारे नमक बनाकर अंग्रेजों के नमक कानून को तोड़ा था। ऐसे महापुरुषों का नाम इतिहास में भले ही राष्ट्रीय फलक पर प्रचलित न हुआ हो लेकिन खाराखेत में एक शिलापट्ट पर उनके नाम अंकित है।

देहरादून नगर से 18 किलोमीटर दूर खाराखेत में 20 अप्रैल, 1930 को अखिल भारतीय नमक सत्याग्रह समिति के नेतृत्व में स्वतंत्रता के पुजारियों ने नमक बनाकर अंग्रेजों के नमक कानून को तोड़ा था। इसी अभियान में खाराखेत को पूरे देश में प्रसिद्धि दिलाई। खाराखेत में एक स्तंभ बना है जिसे गांधीजी का स्तंभ कहा जाता है। इस स्तंभ पर जिन सेनानियों के नाम अंकित है उनमें हुकम सिंह, अमर सिंह, रीठा सिंह, धनपति, रणवीर सिंह, कृष्ण दत्त वैद्य, नारायण दत्त, महावीर त्यागी, नरदेव शास्त्री, दाना सिंह, श्रीकृष्ण, नत्थू राम, ध्रुव सिंह, किशन लाल, गौतम चंद, चौधरी बिहारी लाल, स्वामी विचारानंद, हुलास वर्मा, रामस्वरूप, नैन सिंह, किरण चंद आदि के नाम शामिल है। इसे प्राकृतिक परिवेश का नाम दिया जाए या नमक कानून तोड़ने का परिणाम के आज भी खाराखेत में बह रही नून नदी का पानी खारा लगता है।



\- रामप्रताप मिश्र

> देहरादून और उसके आसपास के स्वतंत्रता सेनानी जिनमें महावीर त्यागी, कृष्ण दत्त वैद, नारायण दत्त डंगवाल, नरदेव शास्त्री, स्वामी विचारानंद, हुलास वर्मा, राम स्वरूप, चौधरी बिहारी और अन्य शामिल थे, 20 अप्रैल से 19 मई के बीच छह समूहों में खाराखेत में एकत्र हुए और नमक बनाया और फिर इसे देहरादून के टाउन हॉल (वर्तमान तहसील चौक क्षेत्र) में जनता को वितरित किया गया।

देहरादून नगर से बाहर मसूरी पर्वतमाला की तलहटी में बसा, खाराखेत गांव आज भी छोटा गांव है। जहां लगभग 40 घर हैं। प्रकृति के सुरम्य वातावरण में बसा यह शांत गांव स्वतंत्रता आंदोलन की अलख जगाने वाला गांव रहा होगा कोई नहीं कह सकता। यहां का दैनिक जीवन किसी भी आम पहाड़ी गांव से अलग नहीं है। कुछ साल पहले तक, गांव पहुंचने के लिए लगभग दो किलोमीटर की चढ़ाई चढ़नी पड़ती थी और नून नदी की धारा को पार करना पड़ता था। 'नून' पर पुल बनने और गांव की सीमा को छूने वाली कंक्रीट की सड़क बनने से यहां के गांव के लोगों का जीवन बेहतर होता दिख रहा है। औपनिवेशिक काल के दौरान यहां एक खास घटना घटी और इस घटना ने इस शांत गांव को इतिहास के पन्नों में एक अच्छी पहचान दिलाई।

खाराखेत गांव से नीचे आती नून नदी घाटी से नीचे की ओर बहती है। दांडी मार्च या नमक सत्याग्रह या दांडी सत्याग्रह एक अहिंसक सविनय अवज्ञा आंदोलन था जो राज सरकार के चंगुल से आजादी की लड़ाई पर केंद्रित था। नमक पर ब्रिटिश सरकार द्वारा कर लगाया जाता था, जो उनके कुल राजस्व का लगभग 8 प्रतिशत था।

नमक एक ऐसी वस्तु थी जिसका प्रयोग हर कोई करता था और इसलिए इस पर केंद्रित विरोध का उद्देश्य एक आम उद्देश्य यानी स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए जनमानस के एक बड़े हिस्से को एकजुट करना था। दांडी मार्च (पैदल यात्रा) 12 मार्च 1930 से 06 अप्रैल 1930 तक चला , जिस दिन महात्मा गांधी ने दांडी में नमक बनाकर नमक कानून तोड़ा था। कानून तोड़ने के लिए गांधीजी के साथ कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। लेकिन इस आंदोलन का दूरगामी असर हुआ। देश के दूसरे हिस्सों में भी इसी तरह के विरोध प्रदर्शन शुरू हुए।

दांडी मार्च से प्रेरित होकर, देहरादून और उसके आस-पास के कई क्रांतिकारियों ने इसी तरह का विरोध करने का फैसला किया। यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि 'खाराखेत' नाम खुद हिंदी शब्द ₹नमकीन₹ से लिया गया है। नून नदी (जिसके बारे में हमने शुरूआत में लिखा था) गांव के पास बहती है। यह एक बारहमासी नदी है, हालांकि पिछले कुछ सालों में पानी की मात्रा में काफी कमी आई है। चूंकि ढाल कम है, इसलिए पानी का प्रवाह भी धीमा है और इसलिए यह अधिक वाष्पीकरण की अनुमति देता है, जिसके परिणामस्वरूप नमक बनता है।

देहरादून और उसके आसपास के स्वतंत्रता सेनानी जिनमें महावीर त्यागी, कृष्ण दत्त वैद, नारायण दत्त डंगवाल, नरदेव शास्त्री, स्वामी विचारानंद, हुलास वर्मा, राम स्वरूप, चौधरी बिहारी और अन्य शामिल थे, 20 अप्रैल से 19 मई के बीच छह समूहों में खाराखेत में एकत्र हुए और नमक बनाया और फिर इसे देहरादून के टाउन हॉल (वर्तमान तहसील चौक क्षेत्र) में जनता को वितरित किया गया। तत्कालीन नमक कानून के अनुसार, यह असंवैधानिक था और इसके लिए 6 महीने से लेकर 1 साल तक की सजा हो सकती थी। खाराखेत के वीर स्वेच्छा से जेल गए, लेकिन इससे महात्मा गांधी द्वारा पहले दिए गए आह्वान के अनुरूप एक स्पष्ट संदेश गया। राष्ट्र ₹सम्पूर्ण स्वराज्य₹ (ब्रिटिश शासन के चंगुल से पूर्ण स्वतंत्रता) की तलाश

## खास बात

## वक्त की मांग

**नागेन्द्र सिंह**

निस्संदेह बेहतर प्रशिक्षण और अभ्यास के लिये आधुनिक संसाधन जुटाने से खिलाड़ियों के प्रदर्शन में अप्रत्याशित सुधार होता है। खिलाड़ी जहां मौलिक प्रतिभा और अभ्यास से अर्जित प्रतिभा से लक्ष्य हासिल करते हैं, वहीं सक्षम कोच व साधन भी जरूरी हैं।

निस्संदेह वक्त के साथ विश्वस्तरीय सुविधा, प्रशिक्षण व संसाधनों की खेलों में पदक जीतने में बड़ी भूमिका हो गई है। खेल के बारीक गुर और आधुनिक तकनीक भी खेलों की दशा-दिशा तय करती है। टोक्यो ओलंपिक व पहले की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उन भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन में अविश्वसनीय सुधार हुआ है, जिन्होंने विदेशों में या देश में विदेशी कोचों के जरिये प्रशिक्षण लिया। भारत में जहां हमारी मौलिक प्रतिभाएं रहती हैं, वहां खेल प्रशिक्षण की मूलभूत सुविधाओं का नितांत अभाव है। इन प्रतिभाओं को घर के पास खेल अकादमियां नहीं मिलती, दूर के शहर में सुविधा मिलती है तो उनके पास अकादमियों की फीस भरने के पैसे नहीं होते। गांव-देहात के कम आय वर्ग के बच्चे दिल्ली, बेंगलुरु, पटियाला और चेन्नई जैसी अकादमी वाले शहरों में लंबे समय तक रहकर प्रशिक्षण लेने में सक्षम भी नहीं होते। कई खिलाड़ियों को सैकड़ों किलोमीटर केवल अभ्यास के लिये रोज आना-जाना पड़ता है। इस दिशा में सुधार के लिये दृढ़ इच्छाशक्ति भी राजनेताओं में नजर नहीं आई। निस्संदेह रातों-रात ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ी तैयार नहीं होते। दशकों पहले खेलतंत्र विकसित करना होता है। जरूरी है खिलाड़ियों को घर के नजदीक खेल का कौशल सुधारने वाला बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाये। इसके अभाव में कई खेल प्रतिभाएं बीच में खेलना छोड़ देती हैं। हर जिले में राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। अपने मूल स्थानों पर ये प्रतिभाएं बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं। उन्हें पढ़ाई में कुछ छूट देने के साथ आर्थिक सहायता भी मिले ताकि वे बेफिक्र होकर खेल पर ध्यान लगा सकें। ऐसी खेल संस्कृति के विकास से हम अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन करने में भी सक्षम हो सकेंगे।

# समुदाय का सत्य

## विचार-प्रवाह

**अमीश**

दूसरा सत्य है समुदाय। दुख का कारण जुड़ा है इससे। ललक, लगाव और इच्छाओं का घेरा रहता है हमारे चारों ओर। यह एक अचेतन भावनात्मक और मानसिक अवस्था है। तीसरा सच है निरोध। यानी दुख समाप्त होने की संभावना। और चौथा सच है मार्ग यानी दुख से छुटकारा पाने की राह। दुख इस राह की ओर ले जाता है।

कोविड महामारी चीन के वुहान से शुरू हुई और अब इसने पूरी दुनिया के दिलोदिमाग को झकझोर दिया है। मौत, तबाही और आर्थिक अफरातफरी का आलम है। कंपनियां पस्तहाल हैं। 15 लाख से ज्यादा लोग जा चुके हैं इस दुनिया से। इससे कहीं ज्यादा लोगों को तकलीफ सहनी पड़ी है और तमाम लोग अब भी बीमार हैं। यह भयानक और दिल तोड़ने वाला मंजर है। इसका खात्मा भी हाल-फिलहाल होता नहीं दिख रहा। अधिकतर विशेषज्ञ इस बात पर सहमत हैं कि महामारी का खात्मा हो जाने पर भी आने वाले कई सालों तक बने रहेंगे माली और दिमागी तौर पर लगे जख्मों के निशान।

तो ऐसे में क्या धर्म के सिद्धांतों और दुख की भूमिका का सहारा लेकर हम इस महामारी के असर से उभर सकते हैं? क्या इनके जरिए हम पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और समझदार बन सकते हैं? या कहीं ऐसा तो नहीं है कि हममें से कई लोगों, खासतौर से अमीर तबके को ज्यादा दुश्वारियां नहीं झेलनी पड़ी हैं? लेकिन ये तो हुआ ही है कि हमें अपने घरों में सिमटे रहना पड़ा है। खाना-पानी के साथ एक तरह का कैदखाना। फेस मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग है तो बिजली, वाई-फाई, नेटफ्लिक्स और एमेजॉन प्राइम भी हैं।

ये जो ज़िंदगी की किताब है
ये किताब भी क्या किताब है,
इंसान जिल्द सँवारने में व्यस्त हैं
और पन्ने बिखरने को बेताब हैं.. :)

**– अनुपम खेर अभिनेता**

## आपके ट्वीट

**झारखण्डी** माटी के वीर पुत्र, महान आंदोलनकारी अमर वीर शहीद निर्मल महतो जी के शहादत दिवस पर शत-शत नमन। झारखण्ड के वीर शहीद अमर रहे! अमर वीर शहीद निर्मल महतो अमर रहे!

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





हॉकी में कांस्य पदक जीतने वाली हॉकी टीम और रजत विजेता नीरज चोपड़ा को मैं देश के लिये पदक जीतने पर हार्दिक बधाई और शुभकामना देता हूं।

**– राहुल गांधी, कांग्रेस**

# अब बांग्लादेश से कौन करेगा द्विपक्षीय व्यापार

## सामयिक

योगेश कुमार सोनी

बांग्लादेश में जो कुछ हुआ, उसका बड़ा खामियाजा उसे भुगतना पड़ सकता है। सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर हुए इस आंदोलन की परिणति शेख हसीना की निर्वाचित सरकार के पतन के रूप में हुई है। यही नहीं शेख हसीना को जान बचाकर बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा। इस सारे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि को समझने के लिए कुछ पीछे लौटना होगा। बांग्लादेश को 1971 में स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में चिह्नत किया गया। 1972 में उसे बतौर देश मान्यता मिली। 1972 में तत्कालीन सरकार ने मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और उनके वंशजों को सरकारी नौकरियों में 30 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया, लेकिन इसका लगातार विरोध हुआ। वर्ष 2018 में सरकार ने इस व्यवस्था को खत्म कर दिया।

इस साल जून में हाई कोर्ट के फैसले ने इस आरक्षण प्रणाली को खत्म करने के फैसले को गैरकानूनी बताते हुए इसे दोबारा लागू कर दिया। हाई कोर्ट के फैसले के बाद बांग्लादेश में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। शेख हसीना सरकार ने हाई कोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। अगली सुनवाई सात अगस्त को होनी थी। इससे पहले विरोध प्रदर्शन तेज हो गया। नौजवान सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए। मारकाट मचने लगी। आंदोलनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के बातचीत के न्योते को भी ठुकरा दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस थानों, पुलिस चौकियों, सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यालयों और उनके नेताओं के घरों पर हमले शुरू कर वाहनों को आग लगानी शुरू कर दी। इस तरह छात्रों का यह आंदोलन कट्टर इस्लामिक पंथियों के पंजों में चला गया। लड़ाई वर्चस्व में बदल गई। कट्टरपंथियों ने इस आड़ में बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं पर अत्याचार शुरू कर दिए। मंदिरों को धराशायी किया जाने लगा। साधुओं की हत्या की जाने लगी। हिंदुओं की दुकानें लूट ली गईं। हिंदू लड़कियों और औरतों की इज्जत तार-तार की गई।

दरअसल बांग्लादेश पर चाइना, पाकिस्तान व अमेरिका जैसे देशों की निगाह बहुत लंबे समय से थी। बीते बुधवार खुलासा हुआ कि अमेरिका ने हिंद महासागर में स्थित एक ऑस्ट्रेलियाई द्वीप समूह पर मिलिट्री बेस स्थापित करने की योजना बनाई है। यह द्वीप समूह मलक्का जलडमरूमध्य के पास स्थित है। इस जलडमरूमध्य से होकर चीन के आधे से अधिक तेल का आयात होता है। अमेरिका यहां से चीनी पनडुब्बियों की भी निगरानी कर सकता है। यह खुलासा बांग्लादेश में हिंसा शुरू होते ही हुआ। बताया गया है कि अमेरिका, भारत के पूर्वी इलाके में भी एक ठिकाना चाहता है जिससे थाईलैंड व हिंद प्रशांत में अपनी निगरानी रख सके। इन देशों के साथ बांग्लादेश की अंतरिम सरकार किसके करीब होगी, यह फिलहाल भविष्य के गर्भ में है।बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच अंतरिम सरकार के कार्यवाहक के तौर पर नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस शपथ भी ले चुके हैं। इस अंतरिम सरकार पर कई संवैधानिक सवाल भी खड़े होने लगे हैं। मोहम्मद यूनुस के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने की होगी। साथ ही आरक्षण के मुद्दे पर उन्हें अग्निपथ से गुजरना पड़ेगा। इसके अलावा सबसे बड़ी व अहम चुनौती यह है कि अब बांग्लादेश के पड़ोसी देशों से द्विपक्षीय रिश्ते कैसे होंगे। शेख हसीना के भारत से रिश्ते हमेशा बेहतर रहे हैं। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि वो 57 इस्लामिक राष्ट्रों को छोड़कर भारत पहुंचीं।ऐसे में सवाल यह है कि क्या भारत अब बांग्लादेश से व्यापारिक संबंध बनाए रखेगा।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### राजनीतिक अपरिपक्वता

**हाल** ही के दिनों में देश के चुनावी अभियानों में राजनेताओं की अमर्यादित भाषा बेचैन करने वाली है। किसी भी सभ्य समाज में हर जिम्मेदार नागरिक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखेगा। नेताओं के शब्दों की अमयार्दा और अशालीनता आजादी के सात दशक बाद भी लोकतंत्र की अपरिपक्वता को ही दशार्ता है। **-पूनम जमशेदपुर**

### सहयोग जरूरी

**सामाजिक** दृष्टि से जरूरी छोटी बचतों को संरक्षण लेख कोरोना कॉल में महत्वपूर्ण और सारगर्भित था। कोरोना संक्रमण की दूसरी पारी पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों और आमजन के सहयोग से ही विजय पायी जा सकती है। इस महामारी को मानवीय असावधानी का परिणाम भी कहा जा सकता है। अब मई मध्य तक लाखों पीड़ित होंगे, सभी सावधान रहें यह जरूरी है। **-अनिल कौशिक, रांची**

# बुद्धदेव भट्टाचार्य ने छोटे से मकान में बिताई जिंदगी, औद्योगीकरण के रहे समर्थक

## सामयिक

पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और कद्दावर मार्क्सवादी नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य को इतिहास में एक व्यावहारिक कम्युनिस्ट के रूप में जाना जाएगा, जिन्होंने अपने राज्य में औद्योगीकरण के लिए पूंजीवादियों को लुभाने के वास्ते अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता तक की परवाह नहीं की थी।

बेदाग छवि वाले उत्कृष्ट बंगाली भद्रलोक कहे जाने वाले भट्टाचार्य को 2011 में राज्य में 34 साल के वामपंथी शासन के पतन के लिए भी याद रखा जाएगा। उन्होंने एक ऐसे युग का अंत देखा, जिसमें उन्होंने सबसे लंबे समय तक लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई कम्युनिस्ट सरकार का नेतृत्व किया, लेकिन राजनीतिक रूप से अत्यधिक ध्रुवीकृत राज्य में वाम मोर्चे को लगातार आठवीं बार जीत दिलाने में असफल रहे।

भट्टाचार्य का 80 वर्ष की आयु में कोलकाता में उनके घर में बृहस्पतिवार को निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटी है। पश्चिम बंगाल के सातवें मुख्यमंत्री रहे भट्टाचार्य ने अपनी पार्टी की उद्योग विरोधी छवि मिटाने तथा बंगाल की मरणासन्न अर्थव्यवस्था में नयी जान फूंकने के उद्देश्य से औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए जी तोड़ मेहनत की।

पार्टी के शक्तिशाली पोलित ब्यूरो के सदस्य होने के बावजूद, उन्होंने निडरता से ह्यबंदह्व (हड़ताल) की राजनीति की निंदा की, जिसे वाम दल विभिन्न मुद्दों पर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए बात-बात पर इस्तेमाल करते थे। पार्टी में और उसके बाहर इसके लिए उनकी आलोचना और प्रशंसा दोनों हुई।

हालांकि, तेजी से औद्योगीकरण की महत्वाकांक्षा उनके और माकपा दोनों के लिए नासूर बन गई, क्योंकि ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने भूमि अधिग्रहण विरोधी प्रदर्शनों का चतुराई से फायदा उठाया। उनके दादा कृष्णचंद्र स्मृतितीर्थ एक संस्कृत विद्वान थे जिन्होंने पुजारियों के लिए एक पुस्तिका लिखी थी। वह प्रसिद्ध बंगाली कवि सुकांत भट्टाचार्य के दूर के रिश्तेदार थे, जिन्होंने आधुनिक बंगाली कविता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें खुद एक सफल लेखक के रूप में जाना जाता है और वह विभिन्न परिस्थितियों में रवींद्रनाथ टैगोर को उद्धृत करने में माहिर थे।

भट्टाचार्य को सादगीपूर्ण जीवन जीने के लिए जाना जाता था क्योंकि वह मुख्यमंत्री रहने के दौरान और उसके बाद पाम एवेन्यू स्थित अपने दो कमरे के सरकारी फ्लैट में ही रहे। बंगाली में प्रेसीडेंसी कॉलेज से स्नातक करने के बाद उन्होंने पूरी तरह से राजनीति में आने से पहले एक शिक्षक के रूप में काम किया और 1960 के दशक के मध्य में माकपा में शामिल हो गए।

इस दौरान प्रमोद दासगुप्ता की नजर उन पर पड़ी, जिन्होंने बिमान बोस, अनिल विश्वास, सुभाष चक्रवर्ती और श्यामल चक्रवर्ती जैसे बंगाल के अन्य पार्टी नेताओं के साथ भट्टाचार्य को राजनीति का ककहरा सिखाया। वह 1977 में पहली बार कोसीपुर निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा के लिए चुने गए और 33 साल की उम्र में ज्योति बसु के नेतृत्व में वाम मोर्चा की पहली सरकार में सूचना और संस्कृति मंत्री बने।भट्टाचार्य ने बंगाली संस्कृति, रंगमंच, साहित्य और गुणवत्तापूर्ण फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए प्रशंसा अर्जित की और कोलकाता में फिल्म एवं सांस्कृतिक केंद्र ह्यनंदनह्व की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन 1982 में वह चुनाव हार गये। इसने उन्हें अपना निर्वाचन क्षेत्र बदलकर शहर के दक्षिणी हिस्से में जादवपुर से चुनाव लड़ना पड़ा और वह 1987 में राज्य मंत्रिमंडल में लौटे।

हालांकि, एक नौकरशाह के साथ अपने अशिष्ट व्यवहार के लिए कथित तौर पर फटकार लगाए जाने के बाद उन्होंने 1993 में अचानक कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली और उन्होंने ह्यदुष्शामाईह्व (बैड टाइम्स) नामक नाटक लिखा। उनकी स्थिति में उस समय नाटकीय बदलाव आया जब उम्रदराज हो चुके बसु का उत्तराधिकार तलाश रही और सत्ता विरोधी कड़ी लहर का सामना कर रही माकपा ने भट्टाचार्य को राज्य के गृह मंत्री के रूप में मंत्रिमंडल में फिर से शामिल किया।तीन साल के भीतर ही वह उपमुख्यमंत्री बने और आखिरकार नवंबर 2000 में मुख्यमंत्री के रूप में बसु का स्थान लिया। अगले वर्ष उन्होंने राज्य विधानसभा चुनावों में वाम मोर्चे को जीत दिलाई और कृषि प्रधान राज्य में तेजी से औद्योगीकरण के लिए महत्वाकांक्षी पहल शुरू की। उन्होंने निवेशकों को आकर्षिक करने के लिए अपनी विचारधारा तक की परवाह नहीं की।

# सांसद जायसवाल के सौजन्य से कांवरियों से भरी बस देवघर रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से सदर प्रखंड स्थित ओरिया से भूतनाथ कांवरिया संघ श्रद्धालुओं से भरा बस का एक जत्था दिन रविवार को हर हर महादेव व बोलबम के उद्घोष के साथ कांवर यात्रा के लिए निकली। मुख्य रूप से सांसद मनीष जायसवाल से जुड़े सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार, सदर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रंधीर पांडेय, ओरिया पंचायत समिति सदस्य जीतु यादव एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि शिवपाल यादव ने हर हर महादेव के जयकारा के साथ श्रद्धालुओं को बोल बम के लिए रवाना किया। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने ओरिया स्थित शिवमंदिर में माथा टेका तथा



भगवान भोलेनाथ से शुभ आशिर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद गाजे- बाजे के साथ ग्राम का भ्रमण कर हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय, बोल बम एवं जय शिव शंभु के जयकारा से क्षेत्र गुंजयमान तथा शिव भक्ति में लीन हुआ। बस रवाना के दौरान उपस्थित गणमान्य लोगों ने श्रद्धालुओं को बोल बम का यात्रा मंगलमय होने की शुभकामनाएं दी।

**धर्म कर्म के कार्यों में काफी रूचि रखते हैं मनीष जायसवाल : विजय**

मौके पर सांसद मनीष जायसवाल से जुड़े सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार ने कहा कि सांसद धर्म कर्म के कार्यों में काफी रूचि रखते हैं। सभी यात्रियों को बोल बम यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं भगवान भोलेनाथ से यात्रा मंगलमय होने की कामना करता हूँ। मौके पर विशेष रूप से कौलेश्वर साव, रंजीत गोप, निरंजन यादव, राजेश राणा, शीतल पवन रजक, प्रेम कुमार, दिलीप कुमार, बाबुलाल राम, आनंद कुमार, द्वारिका साव, अमित कुमार, बादल पासवान, राजदीप कुमार, राजदीप राम एवं बादल कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य ने कोयला खदानों का किया निरीक्षण



भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविंद्र नाथ सिंह और निशि पांडेय ने शनिवार को बरका-सयाल क्षेत्र के कई परियोजनाओं में खान सुरक्षा संबंधी चीजों का निरीक्षण किया। इस दौरान एरिया सेफ्टी ऑफिसर, परियोजना पदाधिकारी, खान प्रबंधक सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान खानों में कई ऐसी कमियों को लोगों ने प्रबंधन के सामने उजागर किया। रविंद्र नाथ सिंह एवं निशि पांडेय ने कहा कि मजदूरों का सुरक्षा सर्वोपरि है। निरीक्षण में अशोक शर्मा, चमन मुंडा, दशरथ कुर्मी, महेंद्र सिंह, विनय सिंह, शिवचरण करमाली, बैजनाथ कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

### दर्जनों लोग कांग्रेस में शामिल



भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक शनिवार को देवरिया में हुई। इसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी और संचालन कार्तिक महतो ने किया। बैठक में प्रदेश इंटक सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज व विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवाओं ने कांग्रेस का दामन थामा। सभी नये सदस्यों को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए अंकित राज ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। कांग्रेस में सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। मौके पर शिव नारायण यादव, प्रशांत मुंडा, मंजू देवी, शीला देवी, चंद्र मुंडा, कार्तिक महतो, बंटी यादव, राकेश मुंडा, शुभम यादव सहित महिला-पुरुष शामिल थे।

### मोक्ष कल्याणक महोत्सव मना



रामगढ़। रांची रोड पारसनाथ जिनालय में रविवार को भगवान पारसनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। 23वें जैन तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष्य में जयकारों एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान का अभिषेक, विश्व की मंगल कामना एवं सुख-समृद्धि के लिए शांतिधारा, सामूहिक पूजा की जाती है। निर्वाण कांड के सामूहिक उच्चारण के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया जाता है तथा भगवान पार्श्वनाथ की आरती की जाती है। जलाभिषेक का सौभाग्य शिखरचंद बज, धीरज बज और उषा अजमेरा मिला। शांतिधारा का सौभाग्य हरकचंद जी,विवेक, विकास अजमेरा और सुरेश चंद सेठी को मिला। निर्वाण लाडू का सौभाग्य विनय जैन, मिथलेश जैन को मिला।

### सेवा मंच ने गरीब को कराया भोजन



भुरकुंडा (रामगढ़)। उरीमारी निवासी समाजसेवी श्याम सुंदर प्रसाद की मां स्व. करुणा देवी की 17वीं पुण्यतिथि के असर पर सेवा मंच के बैनर तले रविवार को भुरकुंडा साप्ताहिक हाट में ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को भोजन कराया गया। अध्यक्ष डब्लू सिंह व श्याम सुंदर प्रसाद द्वारा करीब 150 गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरुष और बच्चों के भोजन के पैकेट का वितरण किया गया।

### पप्पू सिंह ने कांवड़ियों को कराया नाश्ता



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा निवासी सीसीएल कर्मी सह कोलफील्ड मजदूर यूनियन के कार्यकारिणी सदस्य और भुरकुंडा परियोजना के सचिव पप्पू सिंह ने भुरकुंडा बाजार रेलवे लाइन जनता टॉकिंज के कुछ समाजसेवियों के सहयोग से मेन रोड भुरकुंडा में करीब 1500 कांवड़ियों को रात्रि विश्राम के लिए जगह की व्यवस्था कराई। साथ ही उनके लिए चाय-नाश्ते का भी उत्तम प्रबंध कराया। वहीं जन सहयोग के माध्यम से सभी के लिए भोजन स्वरूप प्रसाद बनवाया। रात्रि में पप्पू सिंह और उनके सहयोगियों ने सभी कांवड़ियों को खिचड़ी का प्रसाद खिलाया। पप्पू सिंह ने कहा कि ऐसे नेक कार्यों से आत्मसंतुष्टि तो मिलती ही है आत्मा भी तृप्त होता है।

### कोषाध्यक्ष अशोक सोनी का स्वागत



भुरकुंडा (रामगढ़)। सुंदरनगर निवासी सह भाजपा के नवमनोनित रामगढ़ जिला कोषाध्यक्ष अशोक सोनी का शनिवार को जी-16 ने जोरदार स्वागत किया । जी-16 ग्रुप के लोग अशोक सोनी के सुंदरनगर स्थित आवास पहुंचे। यहां लोगों ने उन्हें फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए बधाई दी। साथ ही हर्ष व्यक्त करते हुए अशोक सोनी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में डीपी मेहता, जेपी सिंह, जीवन गुप्ता, दिलीप सिंह, अशोक राम, अशोक, मनीष, वीरेंद्र भदानी, नंदलाल रजक, आनंद अग्रवाल, अशोक कुमार, अजय गुप्ता आदि शामिल थे।

### हर घर तिरंगा को ले भाजपा की बैठक

कुजू। भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा रामगढ़ नगर परिषद की बैठक रविवार को अयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी व संचालन उपाध्यक्ष रामप्रसाद मलिक ने किया। बैठक में हर घर तिरंगा अभियान चलाकर हर शक्ति केंद्र में टोली बनाकर तिरंगा यात्रा निकालना एवं संगठन के विषयों पर चर्चा हुई।कार्यकर्ताओं के बीच तिरंगा झंडा वितरण किया गया। बैठक में वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, दिलेश्वर कुशवाहा, जगत नारायण शाह, राजेश प्रजापति, दुलाल पंडा, गणेश प्रसाद, अनिल यादव, मनोज यादव, नरेश यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे. इधर धन्यवाद जापान भाजपा युवा नेता संतोष शर्मा ने किया।

## मंईयां सम्मान योजना का भाजपा फैला रही है भ्रम : जानकी प्रसाद



बरकट्ठा । मंईयां सम्मान योजना का भाजपा फैला रही है भ्रम। योजना को लेकर महिलाओं में उत्साह को देखकर विपक्षी नेता बौखलाहट में हैं। उक्त बातें पूर्व विधायक और झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव ने आवासीय कार्यालय बरकट्ठा में प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता योजना का दुष्प्रचार करने में लगे हैं। भाजपा के लोग महिलाओं का अहित चाहती है। उन्होंने कहा कि यह योजना बहुत पहले लागू होता। लेकिन भाजपानीत केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परेशान करने में लगी रही। इतना ही नहीं बेवजह फसा कर पांच महीने जेल भेजा। भाजपा राज्य के विकास नहीं बल्कि षडयंत्र में रहती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने इसके पूर्व 50 से 59 वर्ष के लोंगो को सर्वजन पेंशन योजना से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कमरतोड़ महंगाई की मार से मंईयां योजना से महिलाओं का घरेलू बजट ठीक होगा।। प्रत्येक लाभुक को प्रति माह एक हजार रुपये मिलेगा। वहीं झामुमो और गठबंधन के नेता से लेकर कार्यकर्ता तक योजना की सफलता के लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं। प्रेस वार्ता में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मो कुदुश अंसारी, चंद्रदीप पांडेय, प्रमोद गुप्ता, मुखिया निजाम अंसारी, मनोहर चौधरी मौजूद थे।

## बड़कागांव : रोशन लाल चौधरी ने कांवरियों को खिलाया खाना



बड़कागांव। प्रसिद्ध शक्तिपीठ रजरप्पा से प्राचीन बुढ़वा महादेव महूदी पहाड़ (बड़कागांव) के लिए भैरवी नदी से पवित्र जल उठाकर पैदल 117 किलोमीटर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गावों के श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए निकले। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के कांवरिया भाई बहनों को सबसे पहले अपने पैतृक आवास मे सभी को फल, चना, गुड़, सरबत और पानी की समुचित व्यवस्था कर स्वयं लोगों की अपने हाथों से सेवा कर गंतव्य की ओर रवाना किया,तत्पश्चात रात मे बरककाना से भुरकुंडा तक कांवरियों के लिए रात्रि विश्राम और भोजन की उत्तम प्रबंध की। दूसरे दिन भुरकुंडा के मतकमा चौक के राजनंदनी मैरेज हॉल मे सभी के लिए भोजन की उत्तम प्रबंध कर स्वयं श्रद्धालुओं को सेवा की, इस मौके पर आजसू रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार दांगी, हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार महतो,जिला सचिव गिरेंद्र कुमार दांगी,प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा,प्रखंड प्रवक्ता तापेश्वर कुमार तापस,प्रखंड उपसचिव घनश्याम कुमार दांगी, मुरली कुमार,बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष दिनेश मेहता, प्रखंड युवा सचिव पप्पू कुमार दांगी,सुरेश प्रसाद दांगी,चिंतामणि महतो,जगदीश महतो, बीजू दांगी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बरही में भाजपा का तिरंगा यात्रा आज : केशरी



बरही। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सोमवार को भाजपा युवा मोर्चा बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी के नेतृत्व में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकालेगा। यात्रा अनुमंडल अस्पताल से शुरू होकर बरही के चारों रोड से होते हुए कोबरा बटालियन के समीप संपन्न होगी। यात्रा का शुभारंभ सुबह 10 बजे किया जाएगा। भाजपा के सभी मंच और मोर्चा के मंडल अध्यक्षों और उनकी टीम, पदाधिकारियों तथा युवा मोर्चा के सदस्यों से इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल होने का आग्रह किया है। बताया कि तिरंगा यात्रा में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### कराटे संघ का रेफरी सेमिनार आयोजित



रामगढ़। जिला कराटे संघ के रेफरी सेमिनार में रविवार को 10 जज शामिल हुए। उन्हें वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के नए नियमों की जानकारी दी गई। सेमिनार में भाग लेने वालो में जोगेंद्र गंझू, मर्शेल टुडू, राशि सिन्हा, कमल नायक, बिनय रंजन, रूपेश कुमार महतो, नंदु साव शामिल थे। सेमिनार में प्रशिक्षण नेशनल रेफरी नरेन्द्र सिन्हा और संजय सोनकर द्वारा दिया गया। यह सेमिनार जिला कराटे संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र सिन्हा और सचिव शशि पांडे की देखरेख में संपन्न हुआ। इसमें सार्थक पांडेय, रक्षा रानी, आर्य प्रगति, लाली कुमार, अभिनव, पार्थ , युकता राज का आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने बांटा छाता



बरही। विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन और बुद्धा फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पदमा प्रखंड के सरैया स्थित बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के समीप गरीब और असहाय परिवारों के बीच छाता वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव और बुद्धा फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक राजकुमार दास के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद अधिवक्ता उमेश कुमार के नेतृत्व में छाता का वितरण किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता उमेश कुमार ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय है और समाज के गरीब एवं असहाय लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। छाता वितरण कार्यक्रम में विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव, बुद्धा फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक राजकुमार दास, अधिवक्ता उमेश कुमार, शरीफुल हक, नरेश सिंह, धर्मेंद्र यादव, देवधारी रविदास, अर्जुन महतो, प्रकाश पासवान, अजीत कुमार दास, अमित कुमार, नागो भुइंया, गंगिया देवी, कन्हैया भुइंया, गुजरी देवी, पतवा देवी, गेनसी देवी, अतवरी देवी, झन्वा देवी, बसंती देवी, कुंती देवी, सुदामा देवी, सरिता देवी, अनार देवी, दहनी देवी, पारो देवी, शंकर प्रजापति, जसवा देवी, देवकी देवी, कौशल्या देवी, चमेली देवी, नगिया देवी, नागेश्वर रविदास, यशोदा देवी, उषा देवी और तुलेश्वर रविदास सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। इस छाता वितरण अभियान को स्थानीय समुदाय ने बेहद सराहा और इसके माध्यम से सामाजिक सेवा की भावना को आगे बढ़ाने की प्रशंसा की।

### बरही में एआइएमआइएम के विस कमेटी का हुआ विस्तार



बरही। रविवार को एआईएमआईएम की विधानसभा कमेटी का विस्तार और वक्फ बोर्ड में संसोधन बिल को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एआईएमआईएम नेता उमेश कुमार यादव एवं संचालन अब्दुल कादिर साहब ने किया। बैठक मेंहजारीबाग के जिलाध्यक्ष सह बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास शामिल हुए। सूरज दास ने कहा कि केंद्र ने वक्फ बोर्ड में संसोधन बिल ला कर मुसलमानों के निजी हक पर छेड़छाड़ कर रही है। एआईएमआईएम पार्टी हर जुल्म, अत्याचार पर मुखर होकर बोलने के लिए जानी जाती है। सरकार यदि गलत और काले कानून लाती है तो हम इसका कड़ा विरोध करने को बाध्य होंगे। विधानसभा कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से उमेश यादव को विधानसभा अध्यक्ष एवं अफसर आलम को विधानसभा सचिव मनोनीत किया गया।

## उरीमारी में महिलाओं ने धूमधाम से मनाया सावन महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

- सावन के गीतों पर जमकर झूमीं महिलाएं, क्षेत्र की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना
- ऐसे आयोजनों से होता है नये ऊर्जा का संचार : निशि पांडेय

भुरकुंडा (रामगढ़)। उरीमारी चेकपोस्ट स्थित झामुमो कार्यालय में रविवार को महिला मंडली द्वारा व्यवस्थापक गौरी देवी के नेतृत्व में सावन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि उरीमारी पीओ दिलीप कुमार की पत्नी रेशमी कुमारी और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय ने केक काटकर किया। इसके पूर्व गौरी शंकर मंदिर में महिलाओं ने पुरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की। साथ ही भगान के समक्ष मत्था टेक अपने परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात सावन महोत्सव हुआ। महिलाओं ने सावन माह पर आधारित गीत गाकर माहौल को खुशनुमा कर दिया। साथ ही आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर महोत्सव का जमकर आनंद उठाया। मौके पर रेशमी कुमारी व समाजसेवी निशि पांडेय ने कहा कि ऐसे आयोजनो से महिलाओं को एक-दूसरे से मिलने का अवसर प्रदान होता है। साथ ही इंजॉय के साथ-साथ सभी में नये ऊर्जा का भी संचार होता है। निशि पांडेय ने कहा कि समय-समय पर महिलाओं को इस तरह आयोजन करते रहना चाहिए। समारोह में सबों को केक और मिठाई खिलाकर सावन महोत्सव की बधाई दी गई। कार्यक्रम में स्थानीय मुखिया आशा



देवी, पंचायत समिति सदस्य कंचन कुमारी, व्यवस्थापक गौरी देवी, संगीता श्रीवास्तव, आरती देवी, सुनीता कविता देवी, संतोषी देवी, रेशमी कुमारी, रश्मि कुमारी, भारती देवी, मालती देवी, वीणा सिंह, शोभा मुंडा, गीता देवी, प्रीति सेन गुप्ता, श्वेता प्रियदर्शी, सरिता देवी, सुधा कुमारी, बबीता देवी, बबीता पांडेय, पिंकी देवी, वीणा देवी सहित आदि शामिल थीं।

## एक नजर में

### कांवड़ियों के बीच अंबा प्रसाद ने बांटा प्रसाद



बड़कागांव। सावन के चौथी सोमवारी को लेकर रजरप्पा मंदिर से बुढ़वा महादेव जलाभिषेक करने जा रहे श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए विधायक अंबा प्रसाद ने जरजरा में सेवा शिविर लगाया । अंबा प्रसाद ने शिविर में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद व जूस का वितरण किया। विधायक ने भगवान भोलेनाथ से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामना पूर्ण करने एवं क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि हेतु कामना की। कांवड़ियों के बीच विधायक ने काफी वक्त बिताया एवं बोल बम के नारे से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो गया। मौके पर कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता,सुनील कुमार, चंदन गुरु,दसरथ प्रसाद किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष,रोहित सिंह,गौतम कुशवाहा, संजय ठाकुर, कुलदीप बेदिया,हरिनाथ बेदिया,प्रवीण बेदिया, निखिल चौधरी,पिंटू चौधरी, अमीरलाल बेदिया सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### कस्तूरबा विद्यालय पदमा में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन



पदमा । कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन विभागीय पर्यवेक्षक जयशंकर सिंह एवं प्रभु कुमार साव की उपस्थिति में शानिवार को उप प्रमुख सत्येंद्र राणा एवं प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष संजय कुमार यादवकी अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सर्व समिति से अध्यक्ष पद के लिए जयश्री देवी एवं उपाध्यक्ष पद के लिए सोनम कुमारी का चयन किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को वार्डेन मेनका मेहता ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया । अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने कहा कि विद्यालय परिवार की ओर से जो जिमेवारी हम सबों को दी गई है उसे इमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा।

### बहेरा पंचायत में कृषक पाठशाला आयोजित

चरही। बहेरा पंचायत भवन के समीप रविवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा हजारीबाग के द्वारा कृषक पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसके तहत कतारबद्ध आईपीपी विधि से धान की उन्नत खेती और धान की रोपाई किया गया। साथ ही इस विधि से धान रोपाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।प्रमुख और पूर्व उप प्रमुख ने महिलाओं के साथ धान रोपाई करने में लगे।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक थे।मौके पर पूर्व उप प्रमुख सह विधायक प्रतिनिधि चौलेश्वर महतो,एटीएम नकुल कुमार,किसान मित्र तामिर अंसारी,शयामलाल महतो,बिनोद केसरी,सुशिला देवी, शिला देवी,कौशल्या देवी,मालती देवी,कलावती देवी,धाजो देवी,मैरचो देवी,कुलेश्वरी देवी, सोनाली कुमारी, रानी कुमारी,लक्ष्मी देवी सहित कई महिलाएं शामिल थे।

### जिप सदस्य गीता देवी ने किया भंडारा



बड़कागांव। रविवार को रजरप्पा से जल उठा कर 105 किलोमीटर पैदल चलकर बुढ़वा महादेव मंदिर में श्रावण महीने के चौथे सोमवारी को जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं के बीच पूर्वी जिप सदस्य गीता देवी एंव उनके प्रतिनिधि समाजसेवी दीपक करमाली के सौजन्य से पसरिया इंदरा मोड़ के पास भंडारा किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन ग्रहण किया।इस दौरान पूर्वी जिला परिषद सदस्य गीता देवी, प्रतिनिधि दीपक करमाली ने कहा कि रजरप्पा से पैदल आने वाले शिव भक्तों श्रद्धालुओं के बीच भोजन की व्यवस्था की गई है। सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है,भोले बाबा सभी शिवभक्तों श्रद्धालुओं का मनोकामना पूर्ण करें।मौके पर विशेश्वर नाथ चौबे, नन्दकिशोर मेहता, अजित प्रसाद, प्रवीण कुमार,बीरबल साव,राजेश, नरायन,बिनोद ,बंसो,देव नरायन,महेंद्र,फुलू राणा,विशाल साव,अमित गुप्ता,चितामन पंचू,किशुन करमाली सहित अन्य उपस्थित थे।

### दारू में गणपति पूजा को लेकर बैठक संपन्न

दारू। बासोबार फुटबॉल मैदान के सामने गणपति पूजा स्थल के प्रांगण में पूजा को सफल संचालन के लिए बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता नागेश्वर प्रसाद ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 7 सितंबर से गणपति पूजा पांच दिवसीय शुरू होगी। इस वर्ष भी पूरे धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। बैठक में संयोजक भैया नवजीत सिन्हा, अध्यक्ष राजकुमार आर्ट, सचिव रौशन सिन्हा, कोषाध्यक्ष बजरंग सहाय, दशरथ दास, किशोरी प्रसाद, रॉकी रवानी, आलोक राज सहित कई सदस्य उपस्थित थे ।

### भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का अभिनंदन

दारू। देवदयाल स्मृति भवन झुमरा में रविवार को भाजपा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अभिनंदन सह स्वतंत्रता दिवस समारोह की आमंत्रण को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण एवं संचालन विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू ने किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा को पुष्प माला पहनाकर उनका स्वागत किया और उसके बाद कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से माला पहनाकर उनका स्वागत किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी से जुड़े प्रत्येक सदस्य बराबर हैं। विधानसभा चुनाव सामने है इसे लेकर चर्चा परिचर्चा होनी चाहिए इस बार चुनाव परिणाम बेहतर करना है। नए मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेवारी दी है मैं इसे पूरे निष्ठा से करूंगा। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, मेडकुरी पंचायत मुखिया भोला तुरी,विकास यादव, धनपत, विनोद कुमार, लक्ष्मी देवी, सोनी कुशवाहा, संतोष कुमार, राजेंद्र प्रसाद, पुनीत कुमार, जीतन प्रसाद, रामाशीष इत्यादि कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### काला बिल्ला लगाकर शिक्षकों ने किया विरोध



हजारीबाग। जिले के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों ने शनिवार को काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया। झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ शिक्षकों के लिए एमएसीपी लागू करने, कार्यरत शिक्षकों को वरीयता के आधार पर प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति देने की मांग को लेकर स्कूलों में पठन-पाठन का कार्य काला बिल्ला लगा कर किया। संघ के जिला सचिव रविंद्र कुमार चौधरी ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और बीएलएवी विद्यालयों में पदस्थापन एवं प्रतिनियोजन प्रक्रिया की विसंगतियों को दूर करने की मांग की है। अल्पकाल की सूचना में इस आह्वान को सफल बनाने के लिए जिले के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों के प्रति संघ के जिला अध्यक्ष विजय कुमार मसीह ने आभार प्रकट किया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकार हमारी मांगों को पर विचार नही करती है तो आने वाले दिनों में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन चलाया जाएगा। चौधरी ने कहा कि संघ शिक्षकों की समस्याओं के निदान लिए सदा तैयार है। सरकार अगर हमारी मांगों पर सक्रियता नहीं दिखाती है तो प्रखंड से राज्य तक आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के संरक्षक प्रेम प्रकाश, बिनोद कुमार दास, जितेंद्र कुमार, महेंद्र राम, परितोष झा, कुलेश्वर महतो, मनोज कुमार, संजय रजक, इति अपराजिता, रिंकी यादव, शिल्पा सुहासिनी, अनिल कुमार सहित कार्यकारिणी के सदस्यों ने बड़ी भूमिका निभाई।

# शिव क्या है, शिव कौन हैं



जग्गी बासुदेव

## शिव है भी और नहीं भी है, वह बहुत विशाल है और निम्न भी है, वह बहुत सुन्दर हैं और वीभत्स्य भी हैं

सनातन धर्म में देवों के देव महादेव शिव शंकर स्वयंभू का सबसे बड़ा महत्त्व है,14 जुलाई 2022 से श्रावण मॉस का आरंभ हुआ है. सनातन धर्म में सावन का महीना ना सिर्फ धार्मिक आस्था से जुड़ा है बल्कि इसके पीछे गहरा विज्ञान हैं. सावन मास से तीनों लोकों में परिवर्तन होता है, एक तरह से पृथ्वी का पुनर्जीवन शुरू होता है. करोड़ों लोग शिव जी को इस संसार का पालनहार मानते हैं तो कई शिव के पीछे के विज्ञान को जानने की जिज्ञासा रखते हैं. आज हम आपको सदगुरु जग्गी वासुदेव के अनुसार बताए शिव के स्वरुप और शिव के विज्ञान के बारे में जानेंगें

हिन्दू धर्म के अलावा कई समुदाय के लोग शिव को मानते हैं, शिव को आप किसी धर्म, जाति, पंथ तक सिमित नहीं रख सकते क्योंकि शिव खुद असीमित और असाधारण हैं. ना तो शिव का कोई आरभं है और ना ही कोई अंत है जैसे ब्रम्हांड। बहुत से लोग शिव को जानना चाहते हैं, समझना चाहते हैं, क्या शिव कोई आकृति हैं या निरंकार हैं? वो ईश्वर हैं? या मन्युष्य रुपी देवता हैं? शिव क्या हैं, कौन हैं, उनकी उत्पत्ति कैसे हुई, यह सारे सवाल एक शिव भक्त के चित्त में विचरण करते हैं. ऐसा कहा जाता है कि जो व्यक्ति यह दावा करे की उसने यह समझ लिया है कि शिव क्या है और कौन है तो इसका अर्थ यह है कि या तो वह झूठ बोल रहा है या उसे अभी भी इसका ज्ञान नहीं है. शिव को समझा नहीं जा सकता।

## महादेव के बारे में सद्गुरु जग्गी वासुदेव क्या कहते हैं

सद्गुरु कहते हैं कि- जब हम ₹शिव₹ कहते हैं, तो इसकेदो मूलभूत पहलू हैं जिनका हम उल्लेख कर रहे हैं। ₹शिव₹ शब्द का शाब्दिक अर्थ है, ₹जो नहीं है।₹ आज आधुनिक विज्ञान हमें यह साबित कर रहा है कि सब कुछ, कुछ नहीं से आता है और वापस कुछ भी नहीं जाता है। अस्तित्व का आधार और ब्रह्मांड का मौलिक गुण विशाल शून्य है। आकाशगंगाएँ तो बस एक छोटी सी घटना है - एक छिड़काव। बाकी सब विशाल खाली स्थान है, जिसे शिव कहा जाता है। यही वह गर्भ है जिससे सब कुछ पैदा होता है, और वह विस्मरण है जिसमें सब कुछ वापस चूसा जाता है। सब कुछ शिव से आता है और शिव में वापस चला जाता है।



यहां से जानें कैसे ड्रीम 11 पर करना है लॉगिन और रजिस्टर, रातो-रात कमा सकते हैं करोड़ों रुपए

शिव शब्द का शाब्दिक अर्थ है, जो नहीं है। दूसरे स्तर पर, जब हम शिव कहते हैं, तो हम एक निश्चित योगी, आदियोगी या प्रथम योगी, और आदि गुरु, प्रथम गुरु का भी उल्लेख कर रहे हैं।

तो शिव को एक अस्तित्व के रूप में नहीं, बल्कि एक गैर के रूप में वर्णित किया गया है। शिव को प्रकाश के रूप में नहीं, बल्कि अंधकार के रूप में वर्णित किया गया है। मानवता प्रकाश की स्तुति करने के बारे में केवल दृश्य तंत्र की प्रकृति के कारण चली गई है जो वे ले जाते हैं। अन्यथा, केवल एक चीज जो हमेशा रहती है, वह है अँधेरा। प्रकाश इस अर्थ में एक सीमित घटना है कि प्रकाश का कोई भी स्रोत - चाहे वह प्रकाश बल्ब हो या सूर्य - अंततः प्रकाश देने की अपनी क्षमता खो देगा। प्रकाश शाश्वत नहीं है। यह हमेशा एक सीमित संभावना होती है क्योंकि ऐसा होता है और यह समाप्त हो जाता है। अंधकार प्रकाश से कहीं अधिक बड़ी संभावना है। कुछ भी जलने की जरूरत नहीं है, यह हमेशा है - यह शाश्वत है। अंधेरा हर जगह है। यह एकमात्र ऐसी चीज है जो सर्वव्यापी है।

लेकिन अगर मैं ₹दिव्य अंधकार₹ कहता हूं, तो लोग सोचते हैं कि मैं शैतान उपासक हूं या कुछ और। दरअसल, पश्चिम में कुछ जगहों पर यह प्रचार किया जा रहा है कि शिव राक्षस हैं! लेकिन अगर आप इसे एक अवधारणा के रूप में देखते हैं, तो सृष्टि की पूरी प्रक्रिया और यह कैसे हुआ है, के बारे में ग्रह पर अधिक बुद्धिमान अवधारणा नहीं है। मैं दुनिया भर के वैज्ञानिकों को ₹शिव₹ शब्द का उपयोग किए बिना वैज्ञानिक शब्दों में इसके बारे में बात कर रहा हूं, और वे चकित हैं, ₹क्या ऐसा है? यह ज्ञात था? कब?₹ यह हम हजारों वर्षों से जानते हैं। भारत में लगभग हर किसान अनजाने में इसके बारे में जानता है। वह इसके पीछे के विज्ञान को जाने बिना भी इसके बारे में बात करता है

## शिव इस संसार के पहले योगी हैं

दूसरे स्तर पर, जब हम ₹शिव₹ कहते हैं, तो हम एक निश्चित योगी, आदियोगी या प्रथम योगी की बात कर रहे होते हैं, और साथ ही आदि गुरु, पहले गुरु, जो आज हम जिस योग विज्ञान के रूप में जानते हैं, उसका आधार हैं। योग का मतलब सिर के बल खड़े होना या सांस रोककर रखना नहीं है। योग विज्ञान और तकनीक है जो इस जीवन की आवश्यक प्रकृति को जानने के लिए है और इसे इसकी अंतिम संभावना तक कैसे ले जाया जा सकता है.

योग विज्ञान का यह पहला प्रसारण कांति सरोवर के तट पर हुआ, जो हिमालय में केदारनाथ से कुछ मील की दूरी पर एक हिमनद झील है, जहां आदियोगी ने अपने पहले सात शिष्यों के लिए इस आंतरिक तकनीक का एक व्यवस्थित प्रदर्शन शुरू किया, जिसे आज सप्त ऋषि के रूप में मनाया जाता है। यह सभी धर्मों से पहले का है। इससे पहले कि लोग मानवता को इस हद तक खंडित करने के विभाजनकारी तरीकों को विकसित करें जहां इसे ठीक करना लगभग असंभव लगता है, मानव चेतना को बढ़ाने के लिए आवश्यक सबसे शक्तिशाली उपकरण महसूस किए गए और प्रचारित किए गए।

## शिव क्या नहीं हैं

दुर्भाग्य से आज अधिकांश लोगों का परिचय भारतीय कलैण्डर कला के माध्यम से ही शिव से हुआ है। उन्होंने उसे गोल-मटोल, नीले रंग का आदमी बना दिया है क्योंकि कैलेंडर कलाकार का केवल एक ही चेहरा होता है। कृष्ण को मांगोगे तो हाथ में बांसुरी रख देंगे। राम को मांगोगे तो हाथ में धनुष रख देंगे। अगर तुम शिव से मांगोगे, तो वह अपने सिर पर एक चाँद लगा देगा, और बस!

हर बार जब मैं इन कैलेंडरों को देखता हूं, तो मैं हमेशा एक चित्रकार के सामने कभी नहीं बैठने का फैसला करता हूं। तस्वीरें ठीक हैं - वे आपको वैसे ही पकड़ लेती हैं जैसे आप हैं। अगर आप शैतान की तरह दिखते हैं, तो आप शैतान की तरह दिखते हैं। शिव जैसा योगी गोल-मटोल क्यों दिखेगा? यदि आप उसे पतला दिखाते हैं तो ठीक है, लेकिन एक गोल-मटोल-गाल शिव - वह कैसा है?

## शिव ईश्वर हैं या इंसान

योगिक संस्कृति में शिव को भगवान के रूप में नहीं देखा जाता है। वह एक ऐसे प्राणी थे जो इस भूमि पर चले थे और हिमालय क्षेत्र में रहते थे। योग परंपराओं के स्रोत के रूप में, मानव चेतना के निर्माण में उनके योगदान की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

## शिव क्या हैं

कुछ लोगों के लिए यह समझना बहुत मुश्किल है कि शिव क्या हैं? शिव कोई आकृति नहीं हैं, शिव सबसे सुन्दर हैं और वीभत्स्य भी हैं, वो हैं भी और नहीं भी हैं, शिव कल्पना भी हैं और वास्तविकता भी हैं, शिव सब कुछ हैं और कुछ भी नहीं भी हैं, शिव इंसानों के भी हैं और दानवों के भी, वो अच्छे भी हैं और विनाशक भी हैं, शिव एक योगी भी हैं और अघोरी भी हैं, शिव सात्विक भी हैं और भांग का भी सेवन करते हैं. शिव शून्य से भी परे हैं. आप शिव को किसी एक भगवान तक सिमित नहीं रख सकते, आप ये नहीं कह सकते की यही शिव है, शिव असाधारण है. या कुछ यूं कहें कि ध्यान मुद्रा में जब आपके चित्त में कोई भी विचार न हो सिर्फ अंधेरा हो जिसमे ऊर्जा का संचार हो वो शिव है।

# चरम पौरुष के प्रतीक हैं नटराज, वही हैं भगवान शिव

बासुकीनाथ पाण्डेय



शिव सर्व-समावेशी हैं। वे हर किसी के साथ सहज हैं। सिर्फ देवता ही नहीं, बल्कि दैत्य, पिशाच, दानव और सभी किस्म के प्राणी उनकी पूजा करते हैं। वे सारे प्राणी, जिन्हें हर किसी ने खारिज कर दिया है, उन्हें भगवान शिव ने स्वीकार किया है। वे सर्व-समावेशी हैं। वे किसी के साथ भी सहज रह सकते हैं।

शिव सिर्फ देवता ही नहीं हैं, जो उनकी पूजा करते हैं। दैत्य, पिशाच और सभी किस्म के प्राणी उनकी पूजा करते हैं। भूत, असुर, पिशाच, दानव, दैत्य - ये सारे प्राणी, जिन्हें हर किसी ने खारिज कर दिया है, उन्हें शिव ने स्वीकार किया है। जब उनकी शादी हुई, तो लोक-कथाएं बताती हैं कि सारे देवता और दिव्य प्राणी, सारे असुर, दैत्य, नशे में बावले, दानव और भूत-प्रेत, हर कोई आया। आमतौर पर ये लोग एक दूसरे से मेल नहीं रखते, लेकिन शिव की शादी में हर कोई वहां था।

## शिव के परमानंद का आकर्षण

चूंकि शिव पशुपति, पशु-प्रकृति के भगवान थे, तो सारे पशु भी आए और निश्चय ही सांप भला कैसे चूकने वाले थे, तो वे सारे भी आए. पक्षी और कीड़े भी चूकना नहीं चाहते थे, तो वे भी मेहमान थे। इस शादी में हर जीवित प्राणी आया। यह कहानी बता रही है कि जब हम इस प्राणी की बात करते हैं, तो हम सुशील, सभ्य आदमी की नहीं, बल्कि एक आदिकालीन मनुष्य की बात कर रहे हैं, जो जीवन संग पूरी तरह से एकत्व में है। आमतौर पर शिव चरम पौरुष के प्रतीक माने जाते हैं, लेकिन शिव के अर्धनारीश्वर रूप में आप देखेंगे कि उनका आधा हिस्सा एक पूर्ण विकसित स्त्री का है। मैं उसकी कहानी बताता हूं। शिव परमानंद की अवस्था में थे और उस कारण पार्वती उनकी ओर आकर्षित हुईं। उनको लुभाने के लिए पार्वती ने बहुत सी चीजें कीं। उसके बाद उन दोनों की शादी हो गई. शादी के बाद, स्वभाविक रूप से शिव अपने अनुभवों को साझा करना चाहते थे। पार्वती ने कहा, 'आप अपने भीतर जिस अवस्था में हैं, मैं भी उस अवस्था को अनुभव करना चाहती हूं। मुझे क्या करना चाहिए? शिव ने कहा, तुम मेरी गोद में बैठ जाओ. पार्वती उनकी बाईं गोद पर बैठ गईं। शिव ने उन्हें अपने भीतर खींच लिया और वे उनका आधा हिस्सा बन गईं।

## अर्धनारीश्वर बनना नहीं है आसान

हमें समझने की जरूरत है कि अगर उन्हें पार्वती को अपने शरीर में शामिल करना हो, तो उन्हें खुद का आधा हिस्सा त्यागना होगा। तो उन्होंने अपना आधा हिस्सा त्यागकर पार्वती को शामिल किया। यह मौलिक रूप से यह दशार्ना है कि पुरुषत्व और नारीत्व आपके अंदर बराबर-बराबर बंटे हुए हैं। नटेश या नटराज, नृत्य के भगवान के रूप में शिव-उनके सबसे महत्वपूर्ण रूपों में से एक है। जब मैं स्विट्जरलैंड में सर्न प्रयोगशाला गया, जहां परमाणुओं को तोड?ा होता है, तो मैंने प्रवेश द्वार के सामने नटराज की मूर्ति देखी, क्योंकि उन्होंने यह पहचाना कि वे अभी जो कर रहे हैं, उससे ज्यादा नजदीक मानव संस्कृति में कुछ नहीं। यह सृष्टि के उल्लास को, सृष्टि के नृत्य को दशार्ता है, जिसने स्वयं को शाश्वत स्थिरता से स्वतः पैदा किया है।

## वैज्ञानिक ने खोजा शिव का परमानंद देने वाला नशा

अब बात करें कि वे हमेशा आनंद में होते हैं। शिव को एक ही समय में एक नशेड़ी और एक तपस्वी के रूप में निरंतर दशार्या गया है। वे एक योगी हैं, अगर वे ध्यान में बैठते हैं, तो वे निश्चल हो जाते हैं। योग का विज्ञान यह संभावना प्रदान करता है कि आप शांत रहें और फिर भी हर समय सुख के चरम भाव में रहें। योगी छोटे-मोटे सुख से संतुष्ट होने को तैयार नहीं हैं। वे लालची हैं। वे जानते हैं कि अगर आप एक गिलास शराब पीते हैं, तो यह आपको थोड़े सुरूर के बाद फिर कल सुबह सिरदर्द देगी। आप नशे का आनंद सिर्फ तब ले सकते हैं, जब आप पूरी तरह से धुत हों, लेकिन सौ प्रतिशत स्थिर और सजग हों। पकृति ने आपको यह संभावना दी है। एक इजराइली वैज्ञानिक ने मानव मस्तिष्क के कुछ पहलुओं पर कई साल तक शोध किया और उसने पाया कि मस्तिष्क में भांग के लिए करोड़ों ग्राही-कोशिकाएं होती हैं! फिर स्नायु-वैज्ञानिकों को पता चला कि शरीर एक केमिकल - अपनी खुद की भांग पैदा कर सकता है। जब उन्हें इस केमिकल का पता लगा, जो उन ग्राही-कोशिकाओं की ओर जाता है, तो वह वैज्ञानिक उसे ऐसा नाम देना चाहता था, जो सचमुच प्रासंगिक और सटीक हो। जब उसने विभिन्न ग्रंथों में खोजा, तो उसे आश्चर्य हुआ कि सिर्फ भारतीय ग्रंथ ही हैं, जो आनंद की अवस्था की बात करते हैं। तो उसने उस केमिकल को 'आनंदामाइड' नाम दिया।

## आप भी थोड़ा-सा आनंदा माइड पैदा करें

वे सबसे बड़े नियम-विरोधी हैं। जब आप 'शिव कहते हैं तो यह धर्म के बारे में नहीं है। आज, दुनिया इस संदर्भ में विभजित हो गई है कि आप किस धर्म से संबंध रखते हैं। इस वजह से, अगर आप कुछ बोलते हैं तो ऐसा लगता है कि आपका किसी धर्म से संबंध है। यह धर्म नहीं है, यह आंतरिक विकास का विज्ञान है। यह सीमाओं से परे उठने और मुक्ति के बारे में है। भौतिक प्रकृति के नियमों को तोड?ा आध्यात्मिक प्रक्रिया है। इस मायने में हम नियम-विरोधी हैं और शिव सबसे बड़े नियम-विरोधी हैं। मेरी कामना है कि शिवरात्रि की यह रात सिर्फ जगे रहने की रात ही न रहे, बल्कि आपके लिए यह तीव्र जीवंतता और जागरूकता की रात भी बन जाए।

# जन जागरूकता से पोलियो की तरह थैलेसीमिया का भी उन्मूलन संभव : अनन्य मित्तल

■ डीसी ने 'मेगा थैलेसीमिया जागरूकता' कार्यक्रम को किया संबोधित

■ विशेषज्ञों, चिकित्सकों एवं थैलेसीमिया सोसायटी सदस्यों ने भी किया संबोधित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** केरला पब्लिक स्कूल, कदमा के सभागार में मेगा थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, पूर्वी सिंहभूम एवं थैलेसीमिया सोसायटी, जमशेदपुर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल डीसी अनन्य मित्तल एवम अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। मेगा जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य थैलेसीमिया जैसी आनुवंशिक रोग के कारण एवं उससे बचाव के उपायों पर चर्चा करते हुए युवाओं को शिक्षित और सशक्त बनाना रहा, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है। यह आयोजन थैलेसीमिया के कारणों को शीघ्र पता लगाने और रोकथाम के महत्व की गहरी समझ को बढ़ावा देने का प्रयास था।

डीसी ने अपने सम्बोधन में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता लाने पर बल देते हुए कहा कि इस अनुवांशिक रोग से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है। उन्होंने थैलेसीमिया सोसायटी, जमशेदपुर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की यह जिम्मेदारी बनती है कि आप जिस भी कार्यस्थल या क्षेत्र में काम कर रहे हों, अपनी सामाजिक




जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन करते उपायुक्त अनन्य मित्तल। साथ में शरत चंद्रन व अन्य।

जिम्मेदारियों को समझते हुए थैलेसीमिया के बारे में लोगों को जागरूक करें, पोलियो की तरह ही इस रोग का समूल उन्मूलन किया जा सकता है। उन्होंने थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता लाने के इस मुहिम में स्वयंसेवकों के कार्यों की भी सराहना की और उनकी निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

थैलेसीमिया एक रक्त विकार है जो परिवारों (वंशानुगत) से गुजरता है जिसमें शरीर असामान्य रूप या अपर्याप्त मात्रा में हीमोग्लोबिन बनाता है। हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं में प्रोटीन है जो ऑक्सीजन ले जाता है। विकार के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लाल रक्त कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं, जिससे एनीमिया होता है।

कार्यक्रम में थैलेसीमिया सोसायटी, जमशेदपुर के श्री शरत चंद्रन, सुनील मुखर्जी व अन्य, जमशेदपुर ब्लड बैंक के डॉ संजय चौधरी समेत अन्य ने भी सम्बोधित किया तथा स्वस्थ भविष्य को आकार देने में जागरूकता की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने वक्तव्य रखे। डॉ. अमित मुखर्जी ने थैलेसीमिया के चिकित्सा आयामों और प्रयास को लेकर जानकारी साझा की।

कार्यक्रम में जमशेदपुर स्थित निजी और सरकारी स्कूलों के प्राचार्य, कॉरपोरेट घराने, स्कूल के बच्चे, चैंबर, रोटरी व लायंस क्लब के प्रतिनिधि, चिकित्सा क्षेत्र के प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए।

थैलेसीमिया सोसाइटी ऑफ जमशेदपुर, एक स्वैच्छिक निकाय का गठन किया गया है। थैलेसीमिया से पीड़ित रोगियों की पहचान करना, समय पर रक्त उपलब्धता सुनिश्चित करना, माता-पिता और अभिभावकों के बीच जागरूकता बढ़ाना, नए मामलों की घटनाओं को रोकने के लिए सक्रिय उपायों को लागू करना, विवाह के लिए पंजीकरण करते समय पूर्व-गभार्धान परीक्षण की पुष्टि करना आदि शामिल है।

थैलेसीमिया सोसाइटी ऑफ जमशेदपुर कोर टीम का नेतृत्व अध्यक्ष शरत चंद्रन, केरल पब्लिक ग्रुप ऑफ स्कूल के निदेशक, टाटा स्टील के इंद्रजीत पॉल, रोटरी क्लब के डॉ. अमित चटर्जी, लायंस इंटरनेशनल के पूर्व जिला गवर्नर और विकलांगता प्रबंधन पर राज्य टास्क फोर्स के सदस्य रजनीश कुमार, जमशेदपुर ब्लड बैंक के महाप्रबंधक संजय चौधरी, होटल व्यवसायी और उद्योगपति स्मिता राज पारीख और स्वैच्छिक रक्तदाता संघ के अध्यक्ष सुनील मुखर्जी, त्रिपुरा में इस पर काम कर रहे जितेश कुमार हैं। उपायुक्त ने थैलेसीमिया सोसायटी के सदस्यों को जिला प्रशासन की ओर से परस्पर सहयोग हेतु स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, समाज कल्याण, जनसंपर्क, विवाह ब्यूरो के जिला अधिकारियों की एक जिला कोर टीम का गठन किया गया।

## स्पीड न्यूज



### साढ़े तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाला वैन ड्राइवर गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** 10 अगस्त को मानगो थाना अंतर्गत एक नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी चालक जयश्री तिवारी को घटना में प्रयुक्त स्कूल वैन के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। यह जानकारी सिटी एसपी ऋषभ गर्ग ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। जयश्री तिवारी रोज बच्ची को स्कूल ले जाता था और लौटते वक्त उसके साथ दुष्कर्म करता था जिसकी शिकायत बच्ची ने अपनी मां से की थी। बच्ची की मां ने इसकी जानकारी भाजपा नेता विकास सिंह को दी। विकास ने तुरंत इस मामले को एसपी की नजर में लाया और ड्राइवर को गिरफ्तार कराया।

### झूठी फायरिंग के मामले में शादाब और आलिम गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** ओलीडीह थाना अंतर्गत आजाद बस्ती मुस्लिम कब्रिस्तान रोड नं0-14 में घटित गोली कांड संख्या-222/24 का पुलिस उपाधीक्षक पटमदा ने उद्भेदन करते हुए 02 अपराधियों क्रमशः मो शादाब और आलिम हुसैन को एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस एवं एक वाहन के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। सिटी एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि गोलीकांड की जांच की गई तो पता चला कि मो. शादाब जमीन का खरीद-बिक्री करता है। उस पर काफी कर्ज हो गया है उससे बचने के लिए अपने ही कार पर आलिम से फायरिंग करवा ली। गोली से कार के शीशे में छेद हो गया। छापेमारी दल में ओलीडीह के थाना प्रभारी अमित कुमार, एएसआई हरि महतो, रवि होनहागा, विवेक पाल आदि शामिल थे।

### साकची के दो घरों से गैस सिलेंडर की चोरी

**जमशेदपुर।** साकची थाना अंतर्गत बाराद्वारी स्थित टाटा स्टील के दो क्वार्टर में 8 अगस्त को कुल तीन गैस सिलेंडर की चोरी हो गयी। चोरी की घटना से सहमे हुए टी आर एफ कंपनी के में कार्यरत संजीत सिंह थाने में मुकदमा दर्ज नहीं होने पर भाजपा नेता विकास सिंह को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 8 जुलाई को प्रातः 3 बजे कुछ हल्की आवाज आने पर उनकी नींद खुल गई और वें बिस्तर से उठकर पीछे आंगन की ओर गये तो देखा रसोई घर में रख दो भरा हुआ गैस सिलेंडर गायब है। सूचना दूरभाष से पड़ोसी संजय सिंह को दी। संजय अपने रसोई घर में जाकर सिलेंडर देखा तो उनका भी सिलेंडर मौके से गायब था।

## आवासीय विद्यालय की कक्षा में पंखे और बल्ब तक नहीं, किचन भी बहुत गंदा मिला

# औचक निरीक्षण में अव्यवस्था देख डीसी ने प्रिंसिपल एवं वार्डन को किया शो कॉज

■ हेरिटेज विलेज, चेंगजोड़ा का निरीक्षण कर कार्य प्रगति की ली जानकारी ली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा घाटशिला प्रखंड के ऊपर पावड़ा स्थित राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान उन्होने भवनों की स्थिति, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने क्लास रूम, प्ले ग्राउंड,




विद्यालय का औचक निरीक्षण कर निकलते डीसी अनन्य मित्तल।

किचेन, छात्रावास, स्टोर रूम, कंप्यूटर लैब, शौचालय आदि का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कई क्लास रूम में पंखा और बल्ब नहीं पाये जाने, शौचालय व किचेन में गंदगी, प्लेग्राउंड के उचित रखरखाव का अभाव तथा अन्य व्यवस्थाओं में कमियों पर विद्यालय के प्रिंसिपल एवं वार्डन को कार्यशैली में सुधार लाने तथा सात दिनों के अंदर आवश्यक कदम नहीं उठाये जाने पर कार्रवाई के सख्त निर्देश दिये। साथ ही दोनों को शो कॉज किया गया। उन्होने प्रिंसिपल एवं वार्डन को सभी मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखने, मेन्यू अनुसार बच्चों को पोषाहार, परिसर की साफ-सफाई, पौधरोपण करने तथा अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का निर्देश दिया।

डीसी द्वारा परियोजना निदेशक आईटीडीए एवं जिला कल्याण पदाधिकारी को क्षेत्र भ्रमण के क्रम में सभी आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण किए जाने तथा एसडीओ, बीडीओ एवं सीओ को भी अपने पोषक क्षेत्र के आवासीय विद्यालयों का नियमित निरीक्षण किये जाने का निर्देश दिया गया।

क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने हेरिटेड विलेज, चेंगजोड़ा का भी जायजा लिया। निर्माण कार्य पर उन्होने संतुष्टि जाहिर की तथा पर्यटन को बढ़ावा देने एवं पर्यटकों की सुविधा के दृष्टिकोण से हेरिटेज विलेज का उचित रखरखाव, बेहतर संचालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र गुप्ता, एसडीओ घाटशिला सच्चिदानंद महतो, बीडीओ, सीओ, एसडीपीओ व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा को पंचामृत से कराया गया स्नान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

■ खेलने, कूदने और पढ़ने की उम्र में देश के लिए चूमा फांसी का फंदा : विकास सिंह

**जमशेदपुर।** अमर शहीद खुदीराम बोस का शहादत दिवस मानगो गोल चक्कर में अमर शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा स्थल पर धूमधाम से मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विकास सिंह ने सैकड़ो लोगों के साथ प्रतिमा स्थल पर जाकर अमर शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा को दूध, दही, गंगाजल, शहद और घी से शाही स्नान कराया। खुदीराम बोस अमर रहे के गगन भेदी नारों के बीच उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन समर्पित किया गया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे भाजपा नेता



विकास सिंह ने कहा कि भारत में अनेकों वीर पुरुष हुए जिनकी बदौलत भारत को आजादी मिली लेकिन अमर शहीद खुदीराम बोस वैसे वीर शहीद हैं जिन्होंने पढ़ने, लिखने और खेलने के उम्र में हंसते-हंसते फांसी के फंदे को मात्र 17 वर्ष की उम्र में चूम लिया। ऐसे बलिदानी की कथा सुनने से रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

## यादव समाज को सामुदायिक भवन देंगे मंत्री बन्ना गुप्ता, किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** यादव समाज के लोगों की सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु एक सामुदायिक भवन की बहुत पुरानी मांग थी,जिसे देखते हुए स्वास्थ्य एवं खाद आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने रविवार को यादव समाज के लिए सोनारी में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु यादव समाज के गणमान्य लोगों के साथ भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना कर पूरे विधि विधान से नारियल फोड़ कर शिलापट्ट का अनावरण कर भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता




यादव भवन का शिलान्यास करते मंत्री बन्ना गुप्ता व समाज के लोग।

ने कहा कि क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। यादव समाज के विकास, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए कोई सामुदायिक भवन नहीं था। चुनाव के दौरान यादव समाज के लोगों से किया हुआ वादा आज पूरा कर रही हूं।

## कांवर यात्रा में भूत प्रेत की झांकी रही आकर्षण का केंद्र, लगे बोलबम और हर-हर महादेव के जयकारे

■ साकची बाजार शिव मंदिर कमेटी ने निकाली भव्य कांवर यात्रा

■ कांवर यात्रा में शामिल हुए 1000 से अधिक श्रद्धालु

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सावन माह में रविवार की सुबह साकची बाजार श्री शिव मंदिर कमिटी द्वारा निकाली गयी विशाल कांवड यात्रा में 1000 से अधिक कावड़ियों ने संकल्प के साथ भाग लिया। इस धार्मिक कार्यक्रम में स्वर्णरेखा नदी मानगो से जल उठाकर ढाई किलोमीटर की यात्रा तय कर श्री श्री साकची शिव



कांवरियों को रवाना करते मंत्री बन्ना गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी सुधा जी तथा कांवर यात्रा में भगवान शिव और पार्वती की झांकी का दृश्य।

मंदिर पहुँचकर सभी भक्तों ने कतारबद्ध होकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस कांवड यात्रा में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पत्नी सुधा गुप्ता संग अतिथि के रूप में शामिल हुए। स्वर्णरेखा नदी पर सुधा-बन्ना गुप्ता ने संकल्प पूजा की और पंडित मोहन लाल शर्मा के नेतृत्व में पांच पंडितों ने विधिवत पूजा अर्चना करायी।

## कोल्हान डीआइजी आज होटल गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम का करेंगे शुभारंभ

■ सरायकेला जिले के लिए पर्यटन पुलिस नोडल अधिकारी की नियुक्ति की घोषणा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सरायकेला खरसावां, 12 अगस्त 2024 – सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, कोल्हान के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मनोज रतन चौथे आईपीएस व सरायकेला खरसावां के एसपी मुकेश कुमार लुनायत आईपीएस 12 अगस्त को सरायकेला के होटल क्रूज में होटल गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम का उद्घाटन करेंगे। जमशेदपुर होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन (जेएचआरए) और सरायकेला जिला पुलिस के बीच यह संयुक्त पहल झारखंड में कानून प्रवर्तन के लिए तकनीक के उपयोग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दशार्ती है।

जेएचआरए ने पहले जमशेदपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से होटल मेहमानों के लिए पुलिस सत्यापन प्रक्रिया को सरल बनाने का अनुरोध किया था। मौजूदा प्रणाली बोझिल थी।

## पूरे झारखंड में शिक्षा व्यवस्था बदहाल, शिक्षकों की घोर कमी : शमसूल आलम

■ एआइडीएसओ का दो दिवसीय जिला सम्मेलन प्रतिनिधि सत्र के साथ संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 11 अगस्त को शहीद खुदीराम बोस के शहादत दिवस पर छात्र संगठन एआईडीएसओ का 8वां जिला सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मानगो चौक स्थित शहीद खुदीराम बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण कर हुआ। तत्पश्चात प्रतिनिधि सत्र मानगो गुरुद्वारा हाल में संपन्न हुआ। प्रतिनिधि सत्र का शुरुआत में शहीद बिरसा मुंडा की 125 वीं शहादत दिवस एवं 150वीं




जयंती पर शहीद बिरसा मुंडा की पुस्तक का विमोचन किया गया। सम्मेलन में राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपक कुमार साव ने की और कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव सोनी सेनगुप्ता ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एआईडीएसओ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य शमशुल आलम ने कहा कि पूरे झारखंड में शिक्षा व्यवस्था बदहाल स्थिति पर है। सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षकों का घोर अभाव है। पठन-पाठन की प्रक्रिया पूरी तरह बाधित है । दूसरे तरफ निजी स्कूलों में मनमानी फीस वसूली हो रही है,मध्यम वर्ग एवं गरीब परिवार के छात्र शिक्षा से वंचित रह जा रहे हैं। कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में सत्र विलंब से चल रहे हैं ।ऐसी स्थिति में झारखंड में शिक्षा के पूर्ण रूप से निजीकरण और व्यवसायीकरण की नीति नई शिक्षा नीति को लागू किया जा रहा है जिसके तहत कॉलेज में इंटर की पढ़ाई बंद हो रही है और अफरा तफरी में कुछ सरकारी स्कूलों में प्लस टू की पढ़ाई शिक्षकों और पर्याप्त संसाधनों के अभाव में ही शुरू कर दिया गया है। कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत अभी तक जेनरिक पेपर की परीक्षा नहीं ली गई है,जिसके कारण कई विद्यार्थी नियुक्तियों की परीक्षा में शामिल नहीं हो पा रहे हैं।

## एक नजर में

### आनंदमार्ग ने पटमदा की 150 महिलाओं में बांटी साड़ी



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल जमशेदपुर की ओर से आनंद मार्ग ने पटमदा के रांगाटांड़ गांव में लगभग 150 साड़ी वितरित किया। साड़ी वितरण के पश्चात गांव के लोगों को भक्ति भाव के विषय में बताते हुए सुनील आनंद ने कहा कि अभी खेती का समय है सावन का महीना है सुबह खेत में जाने के पहले 5 मिनट भी कम से कम हरि का कीर्तन करके अपने काम पर जाना चाहिए। हरि का नाम लेकर एवं भाव को लेकर कोई भी कार्य की शुरुआत करने से सफल होता है और कार्य में तामसिकता नहीं रहती। कीर्तन एक उच्चतम और श्रेष्ठतम भावनात्मक अभ्यास है जो हमें अशांति, तनाव और चिंता से मुक्ति दिलाता है। कीर्तन हमें ईश्वर के साथ गहरे संबंध बनाने और अपने आन्तरिक शक्ति को प्रकट करने में सहायता करता है।

### सहारा गार्डन सिटी, आदित्यपुर में भूमि पूजन संपन्न



**आदित्यपुर।** सहारा गार्डन सिटी दुर्गा पूजा समिति, आदित्यपुर ने सुबह 11 बजे दुर्गा पूजा का भूमि पूजन किया, जिसमें काफी संख्या में सहारा वासी उपस्थित हुए। पंडित तारा बनर्जी और यजमान प्रमोद कुमार ने पूजा संपन्न किया। पूजा के बाद सभी क्लब हाउस में बैठे और प्रसाद ग्रहण कर घर लौटे। मुख्य संरक्षक शशांक गांगुली के अलावा संरक्षक उषा देवी, मुन्ना दुबे, रमाशंकर सिंह एवं मनीकांत झा, अध्यक्ष एसके चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव रंजन एवं सौरभ भट्टाचार्जी, महासचिव प्रशांत कांत, सचिव अरविंद कुमार सिंह एवं राकेश रंजन, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार एवं बी दास, ऑडिटर द्वारिका नाथ तथा समन्वयक के रूप में पीएन पांडे, अरविंद दुबे, रितेश शर्मा, प्रभाकर कुमार, जीडी ओझा तथा काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। ज्ञात हो कि सहारा गार्डन सिटी में काफी धूमधाम से पूजा मनायी जाती है जिसमें सोसाइटी की महिलाएं और बच्चों के प्रोग्राम के अलावा बाहर के कलाकार भी कार्यक्रम करते हैं। इस बार समिति श्रद्धा दास को लाने की तैयारी में है। जानकारी प्रशांत कांत, राजीव रंजन और सौरभ भट्टाचार्जी ने दी।

### भाजपा उलीडीह मंडल और मानगो मंडल के सदस्यों ने किया खुदीराम बोस को नमन



**जमशेदपुर।** भारत की आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाले एक महान स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद बालक खुदीराम बोस के शहादत दिवस पर भाजपा मानगो मंडल एवं उलीडीह मंडल ने शहीद खुदीराम बोस चौक मानगो स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सभी भाजपा कार्यकर्तागण अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद खुदी राम बोस चौक मानगो में उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया एवं उनके जीवन पर चलने की ओर मातृत्व प्रेम को अपने जीवन में आत्मसाध करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में भाजपा उलीडीह मंडल अध्यक्ष रवींद्र सिंह सिसोदिया, भाजपा मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय, दिलीप सिंह, संतोष उपाध्याय, मनोज तिवारी, संध्या नंदी, रेणु सिन्हा, राजू प्रजापति, अनिमेष सिन्हा, मुन्ना मोहंती, लाल बाबू, अश्विनी सिंह, प्रसन्नजीत महापात्रा, स्वपन चौधरी उपस्थित थे।

### विधायक सरयू ने दी खुदीराम बोस को श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** वीर शहीद खुदीराम बोस की पुण्यतिथि पर जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय ने भारतीय जनतंत्र मोर्चा उलीडीह मंडल एवं मानगो मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ खुदीराम बोस की मानगो चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्री राय ने वीर शहीद खुदीराम बोस के पराक्रम और वीरता का स्मरण करते हुए कहा कि खुदीराम बोस ने बहुत ही कम आयु महज 18 वर्ष में एक वीर योद्धा की भांति संघर्ष के रास्ते पर चल दिया। कोलकाता से आकर मुजफ्फरपुर में स्वदेशी आंदोलन में शामिल हुए। भाजमो उलीडीह मंडल अध्यक्ष प्रेम सक्सेना के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, कुलविंदर सिंह पन्नू, संजीव आचार्य, धर्मेंद्र प्रसाद, प्रवीण सिंह, आकाश शाह, कन्हैया ओझा, राजन राजपूत, संतोष भगत, शेषनाथ पाठक, राघवेंद्र सिंह, मनकेश्वर पांडे, इंदु शेखर सिंह, नीरज साव, अभिजीत सेनापति, अशोक सिंह, योगेंद्र साहू, सागर दत्ता उपस्थित थे।

### बिरसानगर में कांग्रेस के सहयोग से लगा मेडिकल कैंप, सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ



**जमशेदपुर।** बिरसानगर मंडल कांग्रेस के अंतर्गत बिरसानगर 1-बी, संत रविदास भवन, हरि मंदिर, दासपाडा में मेगा हेल्थ चेकप कैंप एवं सहायता शिविर का आयोजन जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। जिसमें सर्वजन पेंशन योजना के तहत 146 जरूरतमंद लोगों का फॉर्म भरा गया साथ ही सर्वजन पेंशन के अंतर्गत समाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन भरवाने वालों की तादाद काफी संख्या में रही।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# छह पदक जरूर जीते, लेकिन 24 साल बाद ओलंपिक में भारत का रैंक 70 के नीचे पहुंचा, रियो से भी खराब

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 में छह पदक जरूर जीते, लेकिन देश का प्रदर्शन रैंक के मामले में 2016 रियो ओलंपिक से भी खराब रहा। भारत ने इस साल 117 खिलाड़ियों के दल को पेरिस भेजा था। यह संख्या बिल्कुल रियो ओलंपिक के बराबर की थी। हमने पदक जरूर रियो से ज्यादा जीते, लेकिन रैंक में काफी पिछड़ गए। भारत पेरिस में 71वें स्थान पर रहा। ओलंपिक में 24 साल बाद ऐसा हुआ जब भारत का रैंक 70 से नीचे पहुंचा हो। इससे पहले साल 2000 सिडनी ओलंपिक और 1996 अटलांटा ओलंपिक में भारत का रैंक 71वां रहा था। वहीं, रियो 2016 में भारत 67वें और 2004 एथेंस में भारत 65वें स्थान पर रहा था। भारत ने अब तक ओलंपिक में 10 स्वर्ण, 10 रजत और 21 कांस्य समेत कुल 41 पदक जीते हैं। भारत ने पहली बार साल 1900 पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया था और तब दो पदक जीते थे और 17वें स्थान पर रहे थे। 1904 सेंट लुईस, 1908 लंदन और 1912 स्टॉकहोम ओलंपिक में भारत ने हिस्सा ही नहीं लिया था। 1920 एंटवर्प ओलंपिक और 1924 पेरिस ओलंपिक में भारत ने कोई पदक नहीं जीते। 1928 एम्सटरडैम ओलंपिक में भारत ने एक पदक, 1932 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में एक पदक, 1936 बर्लिन ओलंपिक में एक पदक, 1948 लंदन ओलंपिक में एक पदक, 1952 हेलसिंकि ओलंपिक में दो पदक जीते थे। इसके अलावा 1956 मेलबर्न, 1960 रोम, 1964 टोक्यो, 1968 मेक्सिको, 1972 म्यूनिख और 1980 मॉस्को ओलंपिक में भारत ने एक-एक पदक ही जीता। 1976 मॉन्ट्रियल ओलंपिक, 1988 सियोल और 1992 बार्सिलोना ओलंपिक में भारत को कोई पदक नहीं मिला था। 2008 बीजिंग ओलंपिक में भारत ने एक स्वर्ण समेत तीन पदक जीते और भारत का रैंक 50 रहा था। 2012 लंदन ओलंपिक में भारत ने छह पदक जीते और रैंक 55 रहा था। 2020 टोक्यो ओलंपिक में भारत का रैंक 48 रहा था। भारत ने इसमें सात पदक जीते थे और यह पदक के मामले में भारत का सबसे सफल ओलंपिक रहा था। भारत ने ओलंपिक में सबसे ज्यादा पदक फील्ड हॉकी में जीते हैं। इस खेल से देश को आठ स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य समेत 13 पदक मिले हैं। इसके बाद भारत को ओलंपिक में सबसे ज्यादा आठ पदक कुश्ती में मिले हैं। एथलेटिक्स यानी ट्रैक एंड फील्ड में चार पदक, शूटिंग में सात पदक, बैडमिंटन में तीन पदक, भारोत्तोलन में दो पदक, मुक्केबाजी में तीन पदक और टेनिस में एक पदक मिला है। 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत ने हॉकी, एथलेटिक्स, शूटिंग और कुश्ती में तो पदक जीते, लेकिन बैडमिंटन, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और टेनिस में भारत को कोई पदक नहीं मिले।

## ओलंपिक में भारत का सबसे खराब रैंक



| ओलंपिक | पदक | स्थान |
|---|---|---|
| 1996 अटलांटा | 2 | 71 |
| 2000 सिडनी | 2 | 71 |
| 2024 पेरिस | 6 | 71 |
| 2016 रियो | 2 | 67 |
| 2004 एथेंस | 1 | 65 |

## पेरिस ओलंपिक में भारत ने जीते छह पदक



| खिलाड़ी/टीम | स्पर्धा | पदक |
|---|---|---|
| नीरज चोपड़ा | भाला फेंक स्पर्धा | रजत |
| मनु भाकर | 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा | कांस्य |
| मनु/सरबजोत (मिश्रित टीम) | 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा | कांस्य |
| स्वप्निल कुसाले | 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा | कांस्य |
| भारतीय पुरुष हॉकी टीम | कांस्य पदक मुकाबला | कांस्य |
| अमन सहरावत | कुश्ती में फ्रीस्टाइल 57 किग्रा स्पर्धा | कांस्य |

## ओलंपिक में भारत ने किस खेल में कितने पदक जीते



| खेल | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| एथलेटिक्स | 1 | 3 | 0 | 4 |
| बैडमिंटन | 0 | 1 | 2 | 3 |
| मुक्केबाजी | 0 | 0 | 3 | 3 |
| हॉकी | 8 | 1 | 4 | 13 |
| निशानेबाजी | 1 | 2 | 4 | 7 |
| टेनिस | 0 | 0 | 1 | 1 |
| भारोत्तोलन | 0 | 1 | 1 | 2 |
| कुश्ती | 0 | 2 | 6 | 8 |
| कुल | 10 | 10 | 21 | 41 |



## भारत को किन-किन खेलों में मिले पदक

| निशानेबाजी | एथलेटिक्स | कुश्ती | हॉकी |
|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 1 | 1 |



## ओलंपिक में भारत के कुल पदक



| स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|
| 10 | 10 | 21 | 41 |

रैंक 57

## हर ओलंपिक में भारत के पदक और रैंक

| ओलंपिक | खिलाड़ी | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल | रैंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1896 एथेंस | नहीं भाग लिया | | | | | |
| 1900 पेरिस | 1 | 0 | 2 | 0 | 2 | 17 |
| 1904 सेंट लुइस | नहीं भाग लिया | | | | | |
| 1908 लंदन | नहीं भाग लिया | | | | | |
| 1912 स्टॉकहोम | नहीं भाग लिया | | | | | |
| 1920 एंटवर्प | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | - |
| 1924 पेरिस | 14 | 0 | 0 | 0 | 0 | - |
| 1928 एम्स्टर्डम | 21 | 1 | 0 | 0 | 1 | 23 |
| 1932 लॉस एंजिलिस | 20 | 1 | 0 | 0 | 1 | 19 |
| 1936 बर्लिन | 27 | 1 | 0 | 0 | 1 | 20 |
| 1948 लंदन | 79 | 1 | 0 | 0 | 1 | 22 |
| 1952 हेलसिंकी | 64 | 1 | 0 | 1 | 2 | 26 |
| 1956 मेलबर्न | 59 | 1 | 0 | 0 | 1 | 24 |
| 1960 रोम | 45 | 0 | 1 | 0 | 1 | 32 |
| 1964 टोक्यो | 53 | 1 | 0 | 0 | 1 | 24 |
| 1968 मेक्सिको सिटी | 25 | 0 | 0 | 1 | 1 | 42 |
| 1972 म्यूनिख | 41 | 0 | 0 | 1 | 1 | 43 |
| 1976 मॉन्ट्रियल | 20 | 0 | 0 | 0 | 0 | - |
| 1980 मास्को | 76 | 1 | 0 | 0 | 1 | 23 |
| 1984 लॉस एंजिलिस | 48 | 0 | 0 | 0 | 0 | - |
| 1988 सियोल | 46 | 0 | 0 | 0 | 0 | - |
| 1992 बार्सिलोना | 53 | 0 | 0 | 0 | 0 | - |
| 1996 एटलांटा | 49 | 0 | 0 | 1 | 1 | 71 |
| 2000 सिडनी | 65 | 0 | 0 | 1 | 1 | 71 |
| 2004 एथेंस | 73 | 0 | 1 | 0 | 1 | 65 |
| 2008 बीजिंग | 56 | 1 | 0 | 2 | 3 | 50 |
| 2012 लंदन | 83 | 0 | 2 | 4 | 6 | 55 |
| 2016 रियो डी जनेरियो | 117 | 0 | 1 | 1 | 2 | 67 |
| 2020 टोक्यो | 124 | 1 | 2 | 4 | 7 | 48 |
| 2024 पेरिस | 117 | 0 | 1 | 5 | 6 | 71 |
| 2028 लॉस एंजिलिस | आगामी ओलंपिक | | | | | |
| 2032 ब्रिस्बेन | आगामी ओलंपिक | | | | | |
| कुल | | 10 | 10 | 21 | 41 | 57 |

# बुच्ची बाबू टूनार्मेंट में खेलेंगे सूर्यकुमार 15 अगस्त से दिखाएंगे अपना जलवा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज और टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टूनार्मेंट के एक मैच में मुंबई की ओर से खेलेंगे। सूर्यकुमार यादव के एक करीबी सूत्र ने ईटीवी भारत से इस बात की पुष्टि की। मालूम हो रहा है कि दाएं हाथ के 33 वर्षीय सूर्यकुमार यादव मुंबई की टीम की अगुआई नहीं करेंगे। मुंबई की कप्तानी युवा भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान करेंगे। बुची बाबू टूनार्मेंट 15 अगस्त से शुरू हो रहा है। अब चूंकि श्रीलंका के खिलाफ सीरीज खत्म हो गई है, इसलिए भारत कुछ समय तक



कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलेगा। अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र की शुरूआत 19 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से होगी और पहला टेस्ट चेन्नई के एम ए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जायेगा। बुची बाबू लाल गेंद वाला टूनार्मेंट है और इसमें भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली जैसे खिलाड़ी खेल चुके हैं। मुंबई ने अनुभवी बल्लेबाज सिद्धेश लाड और अखिल हेरवाडकर को भी टीम में शामिल किया है। हालांकि, हाल के दिनों में टूनार्मेंट की चमक फीकी पड़ गई है। सूर्यकुमार ने अब तक सिर्फ.एक टेस्ट खेला है जिसमें उन्होंने 8 रन बनाये हैं। यह टेस्ट नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला गया था। हालांकि, मुंबईकर ने 37 वनडे और 71 टी20 खेले हैं और 2024 टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

## अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दिया 298 रनों का लक्ष्य

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन दूसरी पारी को तीन विकेट पर 173 रन पर पारी घोषित कर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 298 रनों का लक्ष्य दिया। दक्षिण अफ्रीका ने आज दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 30 रन से आगे खेलना शुरू किया। टोनी डीजॉर्जी 45 रन एवं एडन मारक्रम 38 रन बनाकर आउट हुये। दोनों ही बल्लेबाजों को जोमेल वारिकन ने आउट किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने 68 रनों की शानदार पारी खेली। उन्हें केमार रोच ने बोल्ड आउट किया। स्टब्स के आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने तीन विकेट पर 173 रन पर पारी घोषित कर दी। और वेस्टइंडीज को पहली पारी की 124 रनों की बढ़त और दूसरी के 173 रनों के आधार पर जीत के लिए 298 रनों का लक्ष्य दिया।

## जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का रांची में 21 को होगा ट्रायल

**रांची।** जालंधर (पंजाब) में 9 से 19 सितंबर तक होने वाली 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 के के लिए झारखंड टीम के चयन के लिए 21 अगस्त को ट्रायल होगा। बताया गया कि झारखंड टीम के गठन के लिए हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 21 अगस्त को रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में होगा। यह चयन ट्रायल 21 अगस्त को प्रातः 9 बजे से होना है। इस चयन ट्रायल में झारखंड के वे हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिनका जन्म 1 जनवरी 2005 को या उसके बाद हुआ हो। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी को अपने साथ पंचायत या नगर निगम से निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, विद्यालय का बोनाफाइड प्रमाण पत्र, उम्र पात्रता प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

# पैरिस ओंलपिक 2024 में भारतीय अभियान खत्म, जानें ओवरऑल कितने मैडल जीते हैं हमने, कौन सी गेम टॉप पर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 में 117 भारतीय एथलीट ने शानदार प्रदर्शन किया और 6 मैडल लाने में सफल रहे। रविवार को जब पैरिस 2024 का समापन हुआ तो भारत ने इसमें एक रजत और पांच कांस्य समेत कुल छह पदक अपने नाम कर लिए थे। मनु भाकर ने इन खेलों में भारत के लिए पहला पदक जीता। उन्होंने कांस्य जीता और इसी के साथ ओलंपिक शूटिंग में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतकर एक ही ओलंपिक संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। स्वप्निल कुसाले ने निशानेबाजी में तीसरा पदक जीता, जो किसी एकल ओलंपिक में इस खेल में भारत का सबसे बड़ा पदक है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने



पेरिस में कांस्य पदक हासिल करके अपनी टोक्यो 2020 की सफलता को दोहराया। नीरज चोपड़ा ने अपनी ओलंपिक विरासत को और आगे बढ़ाया, भाला फेंक में रजत पदक जीता और भारत के सबसे सफल व्यक्तिगत ओलंपियन बन गए। अमन सहरावत कुश्ती में कांस्य पदक के साथ भारत के सबसे कम उम्र के ओलंपिक पदक विजेता बने।

### भारत ने लिया 16 खेलों में हिस्सा

इन उपलब्धियों के बावजूद, भारत को पेरिस 2024 में काफी निराशा का सामना करना पड़ा। देश छह संभावित पदकों से मामूली अंतर से चूक गया, जिसमें लक्ष्य सेन, मीराबाई चानू और मनु भाकर सहित एथलीट अपनी स्पधाओं में चौथे स्थान पर रहे, जो तीसरा पदक हासिल करने के करीब थे। ऐतिहासिक फाइनल से ठीक पहले विनेश फोगट की अयोग्यता ने भी देशवासियों को परेशान किया।

### 71वें नंबर पर रहा भारत

भारत ने टोक्यो ओलिम्पिक में 1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मैडल जीते थे। तब भारतीय दल मैडल टैली में 48वें नंबर पर था। इस बार भारतीय टीम 71वें नंबर पर खिसक गई है। पैरिस ओलिंपिक गेम्स खत्म होने के बाद भी भारत की मैडल टैली बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय रैसलर विनेश फोगाट की अपील पर कैस ने सुनवाई पूरी कर ली है। अगर विनेश यह अपील जीतती हैं तो वे सिल्वर मैडल जीतने वाली देश की पहली महिला रैसलर बन जाएंगी। साथ ही भारत के मैडल की संख्या 7 पहुंच जाएगी।भारतीय एथलीटों ने तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, घुड़सवारी, गोल्फ, हॉकी, जूडो, रोइंग, नौकायन, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस और टेनिस सहित 16 खेलों में 69 पदक स्पधाओं में भाग लिया। भारतीय दल में वापसी करने वाले ओलंपिक पदक विजेताओं में नीरज चोपड़ा, बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु, भारोत्तोलक मीराबाई चानू, मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के चुनिंदा सदस्य शामिल थे।

### 41 मैडल जीत चुका भारत

आज तक भारत ने 41 ओलंपिक पदक जीते हैं। देश की ओलंपिक यात्रा पेरिस 1900 में नॉर्मन प्रिचर्ड के 2 रजत पदकों के साथ शुरू हुई थी। केडी जाधव ने हेलसिंकी 1952 में कुश्ती में कांस्य पदक के साथ एक स्वतंत्र राष्ट्र से भारत का पहला व्यक्तिगत पदक अर्जित किया। कर्णम मल्लेश्वरी अपने भारोत्तोलन कांस्य (सिडनी 2000) के साथ ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। अभिनव बिंद्रा बीजिंग 2008 में अपनी शूटिंग जीत के साथ व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय थे, एक उपलब्धि जो टोक्यो 2020 में नीरज चोपड़ा के भाला स्वर्ण पदक तक बेजोड़ रही।

# भारत की राष्ट्रीय टीम का कोच बनना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा : मार्केज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने कहा कि भारत की राष्ट्रीय टीम का कोच बनना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने कहा कि मैं पहले दिन से भारत से जुड़ाव महसूस कर रहा हूं। पिछले महीने सीनियर पुरुष फुटबॉल राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त होने के बाद मार्केज ने रविवार को नयी दिल्ली में पहली बार मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, मैं बहुत आभारी हूं और मैं अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को मुझ पर भरोसा जताने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद कहना चाहता हूं। यह भारत में मेरा पांचवां सीजन है और अगर आप मुझसे पांच साल पहले पूछते कि मैं भारत में पांच साल बिताऊंगा, तो शायद मुझे लगता कि यह पागलपन है। स्पेन के बाद भारत मेरा देश है। यह वह विदेशी देश है जहां मैंने सबसे



ज्यादा समय बिताया है। लंबे समय से मैं सोच रहा था कि शायद एक दिन मैं राष्ट्रीय टीम का कोच बनूंगा और अब मैं यहां हूं। मैं बहुत खुश हूं और भारत की राष्ट्रीय टीम का कोच बनना मेरे लिए एक सपना है। मार्केज पहली बार 2020-21 इंडियन सुपर लीग सीजन से पहले हैदराबाद एफसी की कमान संभालने के लिए भारत आए थे और भारतीय खिलाड़ियों के साथ उच्छा समय बिताया है। उन्होंने कहा कि मैंने हैदराबाद एफसी के साथ अपने पहले प्रशिक्षण सत्र से ही पहले दिन से भारत से जुड़ाव महसूस किया है। भारतीय खिलाड़ियों के साथ मेरा जुड़ाव बहुत अच्छा है। आप मुझसे पूछ सकते हैं कि वे कहां से हैं, उनके परिवार के कितने सदस्य हैं, खिलाड़ियों के हर राज्य में परंपराएं या विभिन्न प्रकार की संस्कृतियां क्या हैं। एक विदेशी के रूप में, आपको फुटबॉल में भी नई चीजों के साथ तालमेल बिठाना पड़ता है। आपको यह जानना होगा कि भारतीय खिलाड़ी कैसे हैं। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने इगोर स्टिमक की जगह 55 वर्षीय मार्केज को राष्ट्रीय पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था। इसके अलावा मार्केज 2024-25 सत्र के दौरान एफसी गोवा के मुख्य कोच के तौर पर भी अपनी भूमिका जारी रखेंगे। वह क्लब और राष्ट्रीय टीम दोनों की जिम्मेदारियां संभालेंगे। वह 2025 से पूरी तरह से भारतीय टीम की कोचिंग की भूमिका संभालेंगे।


पटना में जलजमाव के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार संप हाउस का निरीक्षण करते

### पटना में सड़क, मकान-दुकान हर जगह पानी ही पानी

# खतरे के निशान को पार कर गयी गंगा नदी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में शनिवार की देर शाम से हो रही बारिश ने राजधानी की बिगाड़ दी है। राजधानी पटना के कई इलाकों में जलजमाव की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है।

पटना के राजेंद्र नगर, दरियापुर, उपाध्याय लेन, लंगर टोली सहित कई निचले इलाकों में घरों में और सड़कों में पानी भर चुका है। सड़कों पर जलजमाव की स्थिति देखकर एक बार फिर से पटना नगर निगम की लापरवाही उजागर हुई है। हालांकि नगर निगम की टीम पानी निकालने के प्रयास में जुटी है। बिहार में लगातार हो रही बारिश के कारण कई नदियों का जलस्तर बढ़ गया है।

राजधानी पटना में गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। पटना में गांधी घाट के पास गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। गंगा नदी खतरे के निशान से 80 सेंटीमीटर ऊपर बह रही। पटना जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बहुत जरूरत होने पर ही गंगा घाट जाएं। लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है।

# बांग्लादेश में जारी हिंसा को लेकर इंडो-नेपाल बार्डर पर बढ़ी चौकसी

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण।** बांग्लादेश में लगातार कई दिनो से जारी हिंसा और उपद्रव के बाद भारत ने नेपाल से सटे सीमा क्षेत्र में चौकसी बढा दी है। इंडो-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सुरक्षा बल के जवानो के साथ ही सीमावर्ती जिला पुलिस को भी सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। लिहाजा सुरक्षा एजेंसी के द्वारा प्रत्येक आने जाने वाली गाड़ियों की सघन जांच की जा रही है। इसके साथ ही पैदल यात्रियो पर पैनी निगाह रखी जा रही है।ऐसी आशंका जतायी गई है कि बांग्लादेश में कई दिनो से जारी हिंसा व उपद्रव के कारण बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी नागरिक देश छोड़कर भारत में घुसने की कोशिशो में जुटे हैं, ताकि उनके जान माल की रक्षा हो सके। इसके लिए ये लोग नेपाल के खुली सीमा का लाभ उठा सकते है। इस आशंका के बाद पूर्वी चंपारण के बॉर्डर पर भी सीमा सशस्त्र बल और जिला पुलिस के जवान लगातार को पैनी नजर बनाए हुए हैं,ताकि कोई घुसपैठिया इस रास्ते से भारत की ओर घुसपैठ न कर सके। एसएसबी के आला अधिकारियो व मोतिहारी एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर भारत-नेपाल की सीमा के प्रमुख मार्गो के साथ ही ग्रामीण रास्तों पर भी जिला पुलिस व एसएसबी के जवान पैनी निगाहबानी कर रहे है। बॉर्डर पर अलर्ट घोषित कर सभी आने-जाने वाले संदिग्ध गाड़ियों साथ ही संदिग्ध लोगों की तलाशी अभियान भी शुरू कर दी गई है।



### रेल कर्मियो ने निकाला कैडिंल मार्च

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रक्सौल-सुगौली रेल खंड के फाटक संख्या 14ए मसनाडीह हाल्ट के फाटक पर कार्यरत गेट मैन पर जान लेवा हमले के खिलाफ ईस्ट सेंट्रल रेलवे यूनियन के मंडल मंत्री के के मिश्रा के नेतृत्व में रविवार को रेल कर्मचारियों ने कैंडिल मार्च निकाला। रेल कर्मचारियों ने कहा कि प्रशासन हमे जान की सुरक्षा दें। बीते दिनों फाटक पर तैनात गेट मैन अंसारुल हक को अपराधियों के द्वारा गोली मार कर बुरी तरह घायल कर दिया गया। वो आज जिंदगी और मौत से लड़ रहा है। हमारे पास सुरक्षा के लिए कुछ नही रहता। वही कर्मचारियों ने अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की भी मांग की है। कैंडल मार्च निकालने के बाद रेल कर्मियो ने गेट मैन अंसारुल हक को जल्द स्वस्थ करने की प्रार्थना की गई। इस दौरान ईस्ट सेंट्रल रेलवे यूनियन के शाखा सचिव उमेश कुमार ने प्रशासन से मांग करते सभी फाटकों पर गेट मैन की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा बल कर्मियो की प्रतिनियुक्ति व सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की मांग की, ताकि रेल कर्मी सुरक्षित रह कर अपना कार्य कर सके। उन्होंने बताया कि सभी गेट मैन भय में अपनी ड्यूटी कर रहे है।

### किशनगंज पुलिस अलर्ट

**किशनगंज।** जिले में स्वतंत्रता दिवस को लेकर और बांग्लादेश की स्थिति को देखते हुए सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया गया है। जिला पुलिस कप्तान सागर कुमार ने बताया कि आगामी स्वतंत्रता दिवस को लेकर जिले के सभी होटल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित अन्य जगहों पर पुलिस की ओर से जांच की जा रही है। इसके साथ ही संदिग्ध लोगों पर निगरानी भी रखी जा रही है।

# शिक्षकों ने लगायी एचएम को दोषमुक्त किये जाने की गुहार


मांग करते शिक्षक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** स्थानीय जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के सभी शिक्षकों ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कहा है कि स्कूल की पूर्व प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला को षड्यंत्र पूर्ण मामले में फंसाया गया है। उन्होंने उक्त दलित आदिवासी महिला को तथ्यों पर विचार करते हुए दोष मुक्त किए जाने का आग्रह किया है। शिक्षकों ने कहा है कि राजकीय कृत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के बच्चों को व्यावहारिक शैक्षणिक भ्रमण पर जाने के लिए प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला के द्वारा राशि दी गई थी। विद्यालय प्रबंधन समिति की सहमति से 56000 रुपए की निकासी के लिए शिक्षक धर्मेंद्र कुमार को वेंडर बनाया गया था। एसएमसी के अध्यक्ष एवं सचिव के हस्ताक्षर से बिल बीआरसी को भेजा गया था।

बिल की छाया प्रति संलग्न की गई है। दिनांक 31 मार्च 2024 को वेंडर शिक्षक धर्मेंद्र कुमार बैठा के खाता संख्या 41429871603 में यह राशि बीआरसी के द्वारा 56000 रुपए जमा किया गया है। बैंक स्टेटमेंट संलग्न है। इसी राशि को मैडम द्वारा मांगे जाने पर शिक्षक धर्मेंद्र कुमार द्वारा बराबर टाल मटोल किया जाता रहा था। इनके द्वारा षड्यंत्र रचते हुए दिनांक 6 अगस्त 2024 को 10000 रुपए स्टाफ के सामने दिया गया है। शेष राशि बाद में देने की बात कही गई है।

## पूरे राज्य में संगठन का होगा विस्तार व सुदृढ़ीकरण

**गढ़वा।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा है कि पूरे प्रदेश में संगठन का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण किया जएगा। इसके तहत गढ़वा में गढ़वा में संयोजक नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछड़ों के हित की जो बात करेगा, पिछड़ों को अधिकार दिलाने का काम करेगा आगामी विधानसभा चुनाव में वैश्य मोर्चा उसके साथ रहेगा। श्री साहू ने तीन दिवसीय गढ़वा प्रवास के दौरान रविवार को सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**एजेंसी**

**नवादा।** आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर रविवार को नवादा जिले के रजौली में भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा रजौली बजरंगबली चौक स्थित भाजपा कार्यालय से निकलकर रजौली पुरानी बस स्टैंड, सोनार पट्टी, रजौली मुख्य बाजार होते हुए विभिन्न पंचायत का भ्रमण करते हुए पुनः भाजपा भाजपा कार्यालय में समाप्त हुई। कार्यकताओं द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा में उत्साहित नौजवानों ने अपने हाथों में तिरंगा थामते हुए भारत माता की जय और वंदे मातरम का नारा लगाकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह भाजपा जिला प्रवक्ता प्रमोद कुमार वरिष्ठ नेता संजय कुमार सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## मानसिक रूप से तैयार कर रहा है ओबीसी एकता अधिकार मंच: ब्रह्मदेव


स्वागत करते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के जागरूकता रथ रविवार को ढबरिया गांव में पहुंची। जहां उसका जोरदार स्वागत किया गया। मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद (उर्फ बी.डी.प्रसाद ने कहा की ओबीसी समाज के लोगों को उनके अधिकारों को प्राप्त करने के लिए मानसिक रूप से तैयार किया जा रहा है।

जिसमें लोगों को अपार जन समर्थन प्राप्त हो रहा है। मात्र एक पंचायत का जो उपस्थिति है यह दशार्ता है कि ओबीसी समाज जागरूक हो चुका है और अपना हक अधिकार जनसंख्या के अनुपात में शैक्षणिक, राजनैतिक एवम विभिन्न सरकारी नौकरियों में लेने के लिए कटिबद्ध हो गया है। सरकार हमारे हक अधिकार में कटौती करती जा रही है। हम इस आंदोलन माध्यम से सरकार को यह बताना चाहते हैं कि हम पूरे देश में 65 प्रतिशत हैं। कोई भी राजनैतिक पार्टी हमे अनदेखा करेगा तो हम उसे उखाड़ फेंकने का काम करेंगे और जो हमारा हक अधिकार देगा उसे सत्ता में बैठाने का कार्य करेंगे चाहे वह राज्य सरकार हो या केंद्र सरकार हो।

## 100 लोग झामुमो में शामिल, फिर बनेगी महागठबंधन की सरकार : मंत्री मिथिलेश


माला पहनकर पार्टी में शामिल करते मंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत बाना पंचायत के एक सौ से अधिक लोग दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। रविवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने माला व पार्टी का पट्टा पहना कर सभी को झामुमो में शामिल किया। बना मुखिया गौरी देवी के नेतृत्व में पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से वार्ड सदस्य दिनेश चौधरी, नागेंद्र उरांव, कमला देवी, प्रतिमा देवी, कुसुम देवी, तबैसुन बीबी, संगीता देवी, रजकलिया देवी, विश्वनाथ राम सहित सौ से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से झामुमो की ओर जनता का रुझान बढ़ा है आने वाले समय में पुनः राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनेगी। मंत्री ने शामिल होने वाले लोगों से कहा कि सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में जा कर राज्य सरकार के कार्यों व पार्टी के नीति सिद्धांतो को जन जन तक पहुंचाएं। साथ ही सरकार की चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाने में मदद करें। मंत्री ने कहा कि पट्टी के नीति एवं सिद्धांतों तथा गढ़वा में किए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर प्रत्येक गांव से काफी संख्या में लोग प्रतिदिन झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं।

## तुलसी जयंती महोत्सव का किया उद्घाटन

**नवादा।** मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, नवादा कुंतीनगर के प्रांगण में विगत वर्ष की भांति इस बार भी रविवार को आयोजित तुलसीदास जयंती महोत्सव में फिर से एक अविस्मरणीय इतिहास रचा गया, जिसमें विश्व प्रसिद्ध धारावाहिक रामायण की सीता की भूमिका निभाने वाली दीपिका चिखलिया तथा लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले सुनील लहरी उपस्थित होकर तालियां पीट बाग हो गए । मॉडर्न स्कूल के 5000 छात्र-छात्राओं ने संगीत में रामायण पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुनील लहरी ने कहा कि इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थी प्रशंसा के पात्र हैं। आज विद्यालय का प्रांगण एक विशिष्ट आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत है।

### परिवर्तन यात्रा के साथ रांका पहुंचे गिरिनाथ सिंह, कहा

# भ्रष्टाचार को करूंगा जड़ मूल से समाप्त


सभा करते गिरिनाथ सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों का दौरा करते हुए पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह की परिवर्तन सह जनसम्पर्क यात्रा रंका प्रखंड में पहुंची। श्री सिंह ने रंका के खपरो, सिरोई में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तन्मयता के मैंने रंका को अनुमंडल बनवाने का काम किया उसके बाद जितने भी जनप्रतिनिधि सत्ता में आये सभी ने अनुमंडल को चारागाह बनाने का काम किया। पूर्व के विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी 10 वर्षो तक फर्जी चेक स्लीप बाटते रहे, जनता को गुमराह किया। वर्तमान के विधायक सह पेयजल मंत्री उनसे कहाँ कम रहने वाले थे इनके 5 साल के कार्यकाल में भी पूरे रंका अनुमंडल में भ्रष्टाचार व्याप्त है।

इनकी सरकार में अल्पसंख्यक भी सुरक्षित नहीं हैं। जिन अल्पसंख्यको के कारण इनकी सरकार सत्ता में आयी उनको भी छलने का काम किया जा रहा है। ना तों अबुआ आवास मिला, ना ही पेयजल की सुविधा मिली, ना ही वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन ही दिया जा रहा। हा एक चीज जरूर हुआ वो है वेंडरगिरी, दलाली, घूसखोरी। आने वाले समय में जनता सभी सवालों का जबाब जरूर देगी।

जनता परिवर्तन के मूड में है। श्री सिंह ने कहा कि मैं आप सबका बहुत आभारी हूँ जो आपने अपना बहुमूल्य समय निकालकर परिवर्तन यात्रा में जुड़े। मैं वादा करता हूं कि जो भी भ्रष्टाचार व्याप्त है उसे जड़ से खत्म करुँगा। यात्रा में डॉ गौरी शंकर प्रसाद, सुनील माली रंका उत्तरी मण्डल अध्यक्ष, सुलपानी सिंह, फजलु रहमान साहब, अनीस अंसारी (हाजी साहब ), कामेश्वर राम, रसीद अंसारी, इदरीश अंसारी, मसीर अंसारी, इस्माईल अंसारी, रामदेव राम, राजमुनि राम, रामनाथ लोहरा, मुन्तजीर अंसारी (उपमुखिया), रामचंद्र भुइया, समसीर अंसारी युवा नेता, मैजूदिन अंसारी, एहसान अंसारी, मो परवेज, अकबर अंसारी, संजय प्रसाद सोनी, प्रयाग भुइया, गरीबुलाह अंसारी, वकील साहब सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## एमडीए अभियान के दौरान सभी करें फाइलेरिया की दवा का सेवन: राज्यपाल

**किशनगंज।** राज्य के 13 जिलों में एमडीए अभियान की शुरूआत 10 अगस्त से हो चुकी है। अभियान को सफल बनाने एवं उसमे सहयोग करने के लिए राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सभी राज्यवासियों से अपील की है। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि फाइलेरिया, जिसे हम हाथीपांव के नाम से भी जानते हैं एक अति गंभीर बीमारी है। यह बीमारी मच्छर के काटने से होती है। फाइलेरिया विश्व की दूसरी ऐसी खतरनाक बीमारी है जिसके कारण लोग पूर्ण रूप से विकलांग हो जाते हैं।

## अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन शतरंज में आरुष, वेदांश, समर्थ, रेयांश और अर्शी ने मारी बाजी

**किशनगंज।** जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में रविवार को इसके लर्निंग पार्टनर चेस क्रॉप्स ने प्रशिक्षुओं के बीच एक निःशुल्क ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें विदेश के 24 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अपने-अपने विभागों में दुबई के आरुष चौधरी, यूएसए के वेदांश शर्मा, कनाडा के समर्थ आनंद, बेल्जियम के रेयांश वैश्य एवं शारजाह के आरशी तिवारी ने बाजी मारी। यह जानकारी जिला शतरंज संघ के वरीय संयुक्त सचिव तथा चेस क्रॉप्स के सीईओ कमल कर्मकार ने दी।

### 40 वर्षीया महिला का मिला कंकाल, बेटी का हत्या का आरोप

# हत्या का मामला प्रतीत होता है, जांच जारी है: कृष्ण कुमार


जांच करती पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बनसानी पंचायत के भुइयां भंवरिया टोला स्थित अकेलवा दामर जंगल में एक महिला का कंकाल मिलने से क्षेत में सनसनी फैल गई। उक्त महिला पिछले सात दिनों से अपने घर से लापता थी। मृत महिला की पहचान भुइंया भंवरिया टोला निवासी सकेंद्र भुइंया की 40 वषीर्या पत्नी सुमीत्री देवी के रूप में हुई। इसकी पुष्टि मृतका की बेटी मीरा देवी ने अपनी मां की साड़ी और पैर की गोदना से की। उधर घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एसआई प्रदीप उरांव, एएसआई नारायण प्रसाद दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा शव का पंचनामा करने के बाद अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेजवाया। जंगल में महिला की कंकाल होने जानकारी उस समय लगी जब शनिवार की शाम कुछ बच्चे अकेलवा दामर के जंगल की तरफ खुखड़ी खोजने गये थे। झाड़ी से बदबू उठने पर बच्चो ने आकर इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। रविवार की सुबह महिला के क्षत विक्षत कंकाल बरामद किया गया। ग्रामीणों ने महिला का बीते 5 अगस्त की रात में ही गला घोटकर हत्या कर दिए जाने की आशंका जताई। मृतका की बेटी मीरा देवी ने पुलिस को बताया कि श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के राजापहाड़ी स्थित विशुनपुर के रहने वाला लेदू खां और उसकी मां सुमीत्री के बीच अच्छा तालमेल था।

# सीपी मेमोरियल स्कूल में तुलसी जयंती पर माता, पिता और गुरु को कभी नहीं भूलने का संदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** स्थानीय सी. पी. मेमोरियल स्कूल, सहिजना, गढ़वा के नवनिर्मित विद्यालय भवन के प्रांगण में संत गोस्वामी तुलसीदास जी की 527वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय के निदेशक अमरेंद्र कुमार पाठक एवं सभी उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा दीप-प्रज्वलन करके किया गया। विद्यालय के शिक्षक विनय कुमार दुबे के द्वारा कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराया गया। तत्पश्चात उपस्थित मुख्य अतिथि श्री प्रेम कुमार चौबे जी ने मंच पर अपने संबोधन में संत गोस्वामी तुलसीदास जी की बाल्यावस्था का वर्णन करते हुए कहा कि उनके बचपन का नाम रामबोला था। उन्होंने आगे कहा कि रामचरितमानस की शिक्षाओं पर चलने की आवश्यकता है। बच्चों को प्रातः उठकर माता-पिता को प्रणाम करना चाहिए। हमें गुरु को नहीं भूलना चाहिए, गुरु के बिना ज्ञान नहीं मिलता। तत्पश्चात विद्यालय के निदेशक श्री अमरेंद्र कुमार पाठक जी ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को संत गोस्वामी


जयंती में अतिथि

तुलसीदास जी के जीवन से सीख लेकर मानवता के साथ नैतिक मूल्यों में जो कमी आई है, उसे दूर करते हुए शिक्षा प्राप्ति का संकल्प लेना चाहिए।

भाई-भाई, स्वामी-सेवक, गुरु-शिष्य के संबंध अटूट होते हैं। मानस के अध्ययन से जीवन में समस्या नहीं आती। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सौरभ कुमार तिवारी ने कहा कि संत गोस्वामी तुलसीदास जी का कथन था-

**सियाराममय सब जग जानी, करऊँ प्रनाम जोरि जुग पानी :** अर्थात सब में राम हैं और हमें उनको हाथ जोड़कर प्रणाम करना चाहिए। साथ ही अपने स्वरचित भजन 'हे तुलसीदास प्रणाम आपके चरणों में' की प्रस्तुति की। तत्पश्चात भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय के चार सीनियर छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वर्ग-8 के छात्र रौशन कुमार दुबे ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में 5 जूनियर छात्र-छात्राओं एवं 7 सीनियर छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में 20 जूनियर छात्र-छात्राओं एवं 2 सीनियर छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि रामअवध सिंह जी (किसान डिग्री कॉलेज, खरौंधी के प्राचार्य) ने कहा कि मन-क्रम-वचन से शिक्षा अर्जित करनी चाहिए। जीवन में माता-पिता और गुरु का स्थान सर्वोच्च है। अगले मुख्य अतिथि आचार्य अभय कुमार त्रिपाठी (सोह, पचपड़वा के संस्कृत के शिक्षक व प्रयागराज के निवासी) ने कहा कि तुलसीदास जी की रचनाएँ पढ़कर जीवन सुधार सकते हैं। मुख्य अतिथि श्री राजेश शर्मा (संस्कृत शिक्षक, ओबरा व राजस्थान के निवासी) ने कहा कि मानस ग्रंथ के दोहों को जीवन में उतारना चाहिए। विद्वान की सर्वत्र पूजा होती है। विद्यालय के संस्कृत शिक्षक विनय कुमार दुबे ने गुरु और शिष्य की एक बहुत ही अच्छी कहानी बच्चों को सुनाई। तत्पश्चात अभिभावक श्री राजेंद्र प्रसाद महतो ने बच्चों को गोस्वामी तुलसीदास जी के जीवन से सीख लेकर शिक्षा प्राप्त करने को कहा। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में तीनों प्रतियोगिताओं के जूनियर तथा सीनियर विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर रामचरितमानस, सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा की पुस्तकें पुरस्कार के रूप में दी गईं। साथ ही विद्यालय के निदेशक अमरेंद्र कुमार पाठक के द्वारा सभी उपस्थित मुख्य अतिथियों एवं अभिभावकों को श्री रामचरितमानस की पुस्तकें भेंट दी गईं। इस कार्यक्रम का समापन आचार्य अभय कुमार त्रिपाठी जी के द्वारा शांति मंत्रोच्चार एवं वैदिक ऋचा के पाठ के साथ किया गया।

## स्मैक के साथ पकड़े गये आरोपी पहचान छुपाकर करते थे कारोबार

**किशनगंज।** स्मैक की बड़ी खेप के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस की पकड़ से बचने के लिए अपनी पहचान छुपा कर स्मैक का कारोबार करते थे। पकड़ा गया गया आरोपी मो. रहमान अंसारी अत्यंत शातिर था। उसने पहचान छुपाने के लिए दो अलग अलग नाम रखे थे। इस मामले में पुलिस को कुछ ऐसे साक्ष्य मिले हैं जो चौकाने वाले हैं। पुलिस को आरोपी के पास से दो अलग अलग पहचान पत्र मिले है, जिसमें दोनों अलग अलग नाम है। इतना ही नहीं पकड़े गए आरोपी इतने शातिर थे की दोनो पहचान पत्र में पिता के नाम भी अलग अलग थे। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसने पुलिस की पकड़ से बचने और अपनी पहचान छुपाने के लिए दो अलग अलग पहचान पत्र बनवाये थे।

## 2 सितंबर को मनायी जाएगी शनि जयंती

**किशनगंज।** शहर के डुमरिया भट्टा स्थित शनि मंदिर में 2 सितंबर को शनि जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर के पुरोहित हीरा लाल भार्गव ने बताया कि इस बार 2 सितंबर को शनि जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जन्मोत्सव के दिन शनिदेव की विशेष पूजा की जाएगी। शनि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा,जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। मंदिर परिसर में भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। जन्मोत्सव को लेकर मंदिर में रंग रोगन का कार्य जारी था। जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने को लेकर तैयारी जोड़ो पर है।

## राज्यरानी एक्सप्रेस का विस्तार करने की मांग की

**सहरसा।** सुपौल सांसद दिलेश्वर कामत ने रेलवे मिनिस्ट्री को पत्र देकर राज्यरानी एक्सप्रेस का विस्तार करने की मांग पर सहरसा वासियों मे रोष देखा गया। इसी क्रम में अपना रोष प्रकट करते हुए युवा समाजसेवी मुकुदं माधव उर्फ रौशन मिश्रा ने रेलवे मिनिस्ट्री को पत्र लिख राज्यरानी एक्सप्रेस का विस्तार नही कर यथावत परिचालन की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा कि सहरसा का लाईफ लाईन है ये ट्रेन। सैकडों मरीज अपने इलाज के लिए जातें है।

स्पीड न्यूज

## प्रियंका की फिल्म द ब्लफ की शूटिंग पूरी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की आने वाली फिल्म द ब्लफ की शूटिंग पूरी हो गयी है। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों फिल्म द ब्लफ को लेकर चर्चा में हैं।इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो गयी है। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर फिल्म द ब्लफ की शूटिंग से जुड़ी तस्वीरें शेयर की हैं और इसके साथ ही एक नोट भी शेयर किया है। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। प्रियंका ने फोटो शेयर करते हुए लिखा कि द ब्लफ पर यह एक पिक्चर रैप है। इसे अपने परिवार और फिल्म को संभव बनाने वाले अविश्वसनीय लोगों की मौजूदगी में करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।यह वाकई में प्यार की मेहनत रही है।

## बांग्लादेश में सुप्रीम कोर्ट भी सुरक्षित नहीं : सजीब

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पुत्र सजीब वाजेद जॉय ने रविवार को दावा किया कि देश में कानून के शासन की जगह भीड़तंत्र लागू हो गया है और यहां सुप्रीम कोर्ट भी सुरक्षित नहीं है। अमेरिका में रह रहे जॉय ने अपने फेसबुक अकाउंट पर कहा कि यह सुधार नहीं है, यह भीड़तंत्र है, देश में सुप्रीम कोर्ट भी सुरक्षित नहीं है।

## सैयद रेफात अहमद बने बांग्लादेश चीफ जस्टिस

**ढाका।** सुप्रीम कोर्ट परिसर में छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शन के बाद जस्टिस ओबैदुल हसन के पद से हटने के कुछ ही घंटों बाद सैयद रेफात अहमद को बंगलादेश का 25वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। जस्टिस हसन ने शनिवार दोपहर को इस्तीफा दे दिया जब भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के एक नेता ने श्री हसन से इस्तीफा देने की मांग करते हुए एक अल्टीमेटम जारी किया।

## विदेशी मुद्रा भंडार 7.53 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और आईएमएफ में पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 02 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7.53 अरब डॉलर बढ़कर 674.93 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.5 अरब डॉलर घटकर 667.4 अरब डॉलर पर रहा था।

## भारत में जल्द लांच होगा एमजी विंडसर

**गुरुग्राम।** भारत में जल्द होने वाले क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल (सीयूवी) - एमजी विंडसर में इस सेगमेंट की पहली एयरो-लाउंज सीटें दी जा रही हैं। ये खास सीटें लग्जरी और कंफर्ट का बेजोड़ मिश्रण हैं। बैठने वालों को बेहतरीन सफर अहसास देगा। विंडसर की खूबी इसकी 135 डिग्री तक रिक्लाइन होने वाली एयरो-लाउंज सीटें हैं। इन सीटों को लग्जरी और सुकून का अहसास कराने के लिए बेहद खास तरीके से डिजाइन किया गया है।

### प्रधानमंत्री ने जारी की फसलों की 109 उच्च उपज देने वाली जलवायु अनुकूल किस्में, कहा

# जैविक खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ी

## पौष्टिक भोजन की ओर बढ़ रहे हैं लोग : मोदी



कृषि अनुसंधान संस्थान में किसानों से बातचीत करते प्रधानमंत्री मोदी व शिवराज सिंह चौहान।

- मोटे अनाज, चारा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, रेशा और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किये गये
- फलों, सब्जियों, रोपण , कंद, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की कई किस्में जारी
- हर महीने विकसित की जा रही नयी किस्मों के लाभों के बारे में किसानों को सक्रिय रूप से सूचित करे केवीके

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में फसलों की 109 उच्च उपज देने वाली जलवायु अनुकूल और जैव-प्रतिबलित किस्मों को जारी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों और वैज्ञानिकों से परस्पर बातचीत भी की। इन नई फसल किस्मों के महत्व पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व पर बल दिया।प्रधानमंत्री ने मोटे अनाजों के महत्व पर चर्चा की और इस बात को रेखांकित किया कि कैसे लोग पौष्टिक भोजन की ओर बढ़ रहे हैं।

उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खेती के प्रति आम लोगों के बढ़ते विश्वास के बारे में भी बात की, उन्होंने कहा कि लोगों ने जैविक खाद्य पदार्थों का सेवन और मांग करना शुरू कर दिया है। किसानों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। किसानों ने कहा कि ये नई किस्में अत्यधिक लाभकारी होंगी क्योंकि इनसे उनका व्यय कम होगा और पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

प्रधानमंत्री द्वारा जारी की गई 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 प्रक्षेत्र फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। प्रक्षेत्र फसलों में मोटे अनाज, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, रेशा और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए गए। बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, रोपण फसलों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में जारी की गईं। किसानों ने जागरूकता पैदा करने में कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) द्वारा निभाई गई भूमिका की भी सराहना की।

प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि केवीके को हर महीने विकसित की जा रही नई किस्मों के लाभों के बारे में किसानों को सक्रिय रूप से सूचित करना चाहिए ताकि उनके लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। प्रधानमंत्री ने नई फसल किस्मों के विकास के लिए वैज्ञानिकों की भी सराहना की।

## रूस के कुर्स्क में यूक्रेन के 230 सैनिक मारे गये

**मास्को।** पश्चिमी रूसी क्षेत्र कुर्स्क पर आक्रमण के प्रयास में पिछले 24 घंटों के दौरान यूक्रेनी सशस्त्र बलों के 230 जवान मारे गये और उसके सात टैंकों सहित 38 बख्तरबंद वाहन नष्ट हो गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। पिछले 24 घंटों में यूक्रेनी सशस्त्र बलों के 230 जवान मारे गये और उसके 38 बख्तरबंद वाहनों नष्ट हो गये, जिनमें सात टैंक, तीन स्ट्राइकर बख्तरबंद कर्मी वाहक, एक पैदल सेना से लड़ने वाले वाहन और 28 बख्तरबंद लड़ाकू वाहन शामिल हैं। मंत्रालय का अनुमान है कि यूक्रेन के सात वाहन, चार फील्ड आर्टिलरी सिस्टम, एक बुक-एम1 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम, तीन लॉन्चर और पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली का एक एएन/एमपीक्यू-65 रडार स्टेशन भी नष्ट हो गया। रूसी सेना ने यूक्रेनी सैनिकों को कुर्स्क क्षेत्र के बेलोव्स्की जिले में घुसने से रोक दिया। सेना ने ओजेरकी और इवानोव्स्की गांवों में दो टैंक, एक बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, एक फील्ड आर्टिलरी बंदूक और दो गोला बारूद वाहनों को नष्ट कर दिया। सेना ने कुर्स्क में अंदर तक घुसने के लिए बख्तरबंद वाहनों का उपयोग करने के मोबाइल समूहों के प्रयासों को विफल कर दिया।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले के खिलाफ व्हाइट हाउस के बाहर प्रदर्शन

### राष्ट्रपति बाइडेन और विदेश एंटनी ब्लिंकन से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं प्रदर्शनकारी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के लिए खिलाफ अमेरिका में वाशिंगटन डीसी स्थित व्हाइट हाउस के बाहर हिंदू समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। अमेरिकी राष्ट्रपति के निवास व्हाइट हाउस के बाहर प्रदर्शन करने वाले लोगों में अमेरिकी हिंदू, भारतीय-अमेरिकन और बांग्लादेशी-अमेरिकन के लोग शामिल हैं। ये लोग बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं के नरसंहार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। व्हाइट हाउस के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोग, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का आरोप पाकिस्तान की सरकार और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई पर लगा रहे हैं और तुरंत हिंसा रोकने की अपील कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और विदेश एंटनी ब्लिंकन से बांग्लादेश मुद्दे पर हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान भारत और दक्षिण एशियाई मूल के करीब 100 से 150 लोग मौजूद थे। उसमें से कुछ 1971 में हुई हिंसा के पीड़ित भी थे। इससे पहले, देशव्यापी हिंसा, अराजकता और अशांति के बीच शनिवार को हजारों हिंदू बांग्लादेश के मध्य में चिट्टागोंग में एकत्र हुए थे। उन्होंने देश के भीतर हिंदुओं पर हो रहे हमले के खिलाफ एक विशाल विरोध रैली निकाली और सुरक्षा तथा समान अधिकारों की मांग की। 5 अगस्त को बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद से बांग्लादेश के 52 जिलों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों, विशेषकर हिंदुओं के उत्पीड़न की घटनाएं सामने आई हैं। चिट्टागोंग के ऐतिहासिक चेरगी पहाड़ चौराहे पर आयोजित विशाल विरोध रैली को लेकर अनुमान लगाया गया कि इसमें सात लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिसमें हिंदुओं के खिलाफ चल रही हिंसा का विरोध किया गया। पिछले कुछ दिनों में कट्टरपंथियों ने हिंदुओं के घरों, व्यवसायों और यहां तक कि मंदिरों पर हमला किया है, जिसमें सैकड़ों हिंदू घायल हो गए हैं।




## पंजाब : पानी में बही कार, नौ की मौत

**होशियारपुर।** पंजाब में होशियारपुर के जैजो गांव की खड्ड में आई बाढ़ में एक इनोवा कार के पानी के बहाव में बह गई जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई, एक बच्चे को बचा लिया गया जबकि एक अभी लापता है। जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला के देहला गांव के एक ही परिवार के लोग शादी समारोह में भाग लेने होशियारपुर के महालपुर जा रहे थे। जैजो गांव के पास लगातार हो रही बारिश से बाढ़ आ गई। मौके पर स्थानीय लोगों ने चालक को आगे जाने के लिए मना किया लेकिन चालक ने कार को पानी से निकालने की कोशिश की लेकिन पानी के तेज बहाव में कार बह गई। दीपक भाटिया को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान महालपुर गांव के सुरजीत, परमजीत कौर, सरूप चंद, बिंदर, शिन्नो, भावना (18), अंजू (20) और हरमीत (12) के रुप में की गयी हैं।

घटना की सूचना पाकर प्रशासन

# पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का निधन, अंतिम संस्कार आज

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया शोक

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पूर्व विदेश मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नटवर सिंह का शनिवार की रात में लंबी बीमारी के बाद हरियाणा में गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। श्री सिंह का अंतिम संस्कार सोमवार को नई दिल्ली में लोधी रोड श्मशान घाट पर किया जाएगा। पूर्व विदेश मंत्री लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने कल रात मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली जहां वह पिछले कुछ हफ्ते से से भर्ती थे। श्री सिंह के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने शोक व्यक्त किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने शोक संदेश में कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री नटवर सिंह के निधन के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। अपने लंबे करियर में, उन्होंने एक प्रतिष्ठित राजनयिक से लेकर एक उत्कृष्ट सांसद तक की भूमिका निभायी। पद्म भूषण से सम्मानित, वह एक प्रसिद्ध व्यक्ति भी थे। उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने एक्स पर जारी एक संदेश में कहा कि नटवर सिंह ने विदेश मंत्री के तौर पर तथा अन्य पदों पर राष्ट्र की सेवा की। वह अच्छे लेखक थे और उन्होंने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्री सिंह ने साहित्य और सार्वजनिक क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया। इसके लिए उन्हें सदैव याद रखा जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने शोक संदेश में कहा कि नटवर सिंह जी के निधन से दुखी हूं। उन्होंने कूटनीति और विदेश नीति की दुनिया में समृद्ध योगदान दिया। वह अपनी बुद्धिमत्ता के साथ-साथ विपुल लेखन के लिए भी जाने जाते थे। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ह्यएक्सह्ल पर एक पोस्ट में श्री सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री सुरजेवाला ने श्री सिंह की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, ह्लपूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह जी के निधन का समाचार दुखद है। ईश्वर उनके परिजनों को यह क्षति सहने की शक्ति दे। श्री सिंह को 1984 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। पूर्व विदेश मंत्री ने विदेश मामलों सहित अन्य विषयों पर कई चर्चित किताबें भी लिखीं, जिनमें ह्यद लिगेसी ऑफ नेहरू : ए मेमोरियल ट्रिब्यूट और ह्यमाई चाइना डायरी 1956-88 शामिल हैं। उनकी आत्मकथा ह्यवन लाइफ इज नॉट इनफ भी काफी सुर्खियों में रही थी। संप्रग सरकार के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल में उन्होंने 2004 से 2005 तक विदेश मंत्री के रूप में सेवा दी थी।

# हसीना को अमेरिका के इशारे पर सत्ता से हटाया गया : प्रचंड



**काठमांडू ।** माओवादी के अध्यक्ष पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' ने दावा किया है कि अमेरिका के इशारे पर उन्हें सत्ता से हटाया गया। प्रचंड ने कहा कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपदस्थ करने में अमेरिका का हाथ है। उन्हें एक महीने पहले से सत्ता से हटाने के पीछे षडयंत्र चल रहा था। माओवादी पार्टी की स्थायी समिति की बैठक में अध्यक्ष प्रचंड ने कहा कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को एक षडयंत्र के तहत हटाया गया। उनका आरोप है कि अमेरिकी प्रभुत्व न मानने के कारण शेख हसीना को सत्ता से हटाकर देश छोड़ने को बाध्य कर दिया गया।

अमेरिकी शर्त नहीं मानने के कारण रातों रात दो विपरीत ध्रुव के राजनीतिक दलों के बीच समझौता करा कर उन्हें पद से हटने पर मजबूर कर दिया गया। प्रचंड ने कहा कि प्रधानमंत्री रहते शेख हसीना पर अमेरिका की महत्वाकांक्षी स्टेट पार्टनरशीप प्रोग्राम (एसपीपी) समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए लगातार दबाब दिया जा रहा था। इस समझौते में नेपाल को शामिल करा कर अमेरिका नेपाल में अपना सैन्य बेस बनाना चाहता है। यह सैन्य बेस भारत और चीन दोनों के लिए खतरा बन जाता, इसलिए उन्होंने अमेरिकी दबाब को कभी स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया में अमेरिकी हस्तक्षेप बढ़ना पूरे क्षेत्र के लिए खतरा है। उन्होंने सभी दक्षिण एशियाई देशों के राजनीतिक नेतृत्व से एकजुट होकर इसका सामना करने का सुझाव भी दिया है।

## सक्रिय राजनीति में लौटेंगे नवजोत सिद्धू

**चंडीगढ़।** आईपीएल मैच की कमेंट्री में व्यस्त नवजोत सिद्धू एक बार फिर से नेता के रूप में सक्रिय होने जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार से दूर रहे नवजोत सिंह ने रविवार को एक वीडियो जारी करके इसके संकेत दिए हैं। नवजोत सिंह सिद्धू ने अपने नए वीडियो में पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने अपनी वीडियो में कहा कि शतरंज का वजीर हो या इंसान का जमीर... गिर गया समझो खेल खत्म...।

दो दिन पहले ही नवजोत सिंह सिद्धू तीन बार विधायक रहे सुरजीत धीमान के घर पहुंचे थे। वह सुरजीत धीमान की पत्नी बलबीर कौर के देहांत के बाद उनसे मिलने व अफसोस करने पहुंचे थे। नवजोत सिंह सिद्धू 2022 में अमृतसर ईस्ट से चुनाव हारने के बाद वे पटियाला शिफ्ट हो गए। इसके बाद लोकसभा 2024 के चुनाव भी आए लेकिन नवजोत सिंह सिद्धू न प्रचार में आए और ना ही किसी उम्मीदवार के लिए प्रचार किया।

# रेस्तरां कर्मियों को टिप पर टैक्स होगा खत्म : कमला

- अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति की उम्मीदवार कमला हेरिस ने किया वादा



**वाशिंगटन।** अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार भारतीय मूल की कमला हैरिस ने वादा किया कि वह रेस्तरां कर्मचारियों एवं अन्य सेवा कर्मचारियों को दिए जाने वाले टिप पर लागू करों को खत्म करेंगी। हैरिस ने नेवादा राज्य के लास वेगास में शनिवार को आयोजित जनसभा में यह घोषणा की। हैरिस ने वादा किया कि वे राष्ट्रपति बनने के बाद भी अमेरिका के कामकाजी परिवारों के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगी। इसमें न्यूनतम वेतन बढ़ाना, सेवा और आतिथ्य कर्मचारियों को दिए जाने वाले टिप पर करों को खत्म करना शामिल है। हैरिस के इस भाषण के कुछ देर बाद रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया के जरिए इस पर प्रतिक्रिया दी। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि हैरिस ने उनकी नो टैक्स ऑन टिप पॉलिसी की नकल की है। ट्रम्प ने लिखा, वह ऐसा कुछ नहीं करेंगी, वह सिर्फ राजनीतिक उद्देश्यों के लिए ऐसा कह रही हैं। उन्होंने दावा किया कि हैरिस के पास कोई विचार नहीं है, वह सिर्फ उनके विचारों की नकल कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि लास वेगास की अर्थव्यवस्था काफी हद तक होटल, रेस्तरां एवं मनोरंजन उद्योगों पर निर्भर है। हैरिस से पहले उनके प्रतिद्वंद्वी ट्रंप भी ऐसा ही वादा कर चुके हैं। दिलचस्प बात यह है कि राष्ट्रपति पद के दोनों उम्मीदवार अपने-अपने चुनाव प्रचार में करीब एक जैसी ही बातें बोल रहे हैं।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# हिमाचल में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त व पांच हाइवे बंद



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में जोरदार बारिश ने तांडव मचा दिया है। बाढ़ व भूस्खलन से कई इलाकों में जनजीवन अस्तव्यस्त है। जनजातीय जिला किन्नौर के पूह तहसील में फ्लैश फ्लड से भयंकर भूस्खलन हुआ है। पूह से रोरिक तक नेशनल हाइवे के कई किलोमीटर हिस्से में भारी भूस्खलन हुआ है। इससे हाइवे पूरी तरह बाधित हो गया है। माना जा रहा है कि बादल फटने के बाद यहां फ्लैश फ्लड आया है। उधर, सिरमौर जिला में बीती रात से हो रही मूसलाधार वर्षा से गिरी, यमुना और मारकंडा नदियों ने रौद्र रूप धारण कर लिया है और प्रशासन ने लोगों को नदी नालों से दूर रहने की सलाह दी है। सिरमौर जिला के मुख्यालय नाहन के बनकलां पंचायत में उफनती नारकंडा नदी तबाही मचा रही है। रविवार की सुबह बनकलां में नदी किनारे बना मंदिर को सैलाब बहा ले गया। पलक झपकते ही मंदिर पानी में समा गया। नाहन इलाके की सलानी कटौला पंचायत में नदी का जलस्तर सलानी पुल तक पहुंच गया है और पुल खतरे की जद में आ गया है। ऊना जिला में देर रात से हो रही तेज बारिश ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। ऊना में कई घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानो में बरसाती पानी घुस गया है। राजधानी शिमला में भी बीती रात से बारिश का दौरा जारी है। जिला के चौपाल उपमंडल ग्राम पंचायत पौड़ियां के गांव तारापुर में धनग नाले में आई बाढ़ में कई बागवानों के सेब के पौधे और सेब की पेटियों के मलबे में दबने से भारी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने अगले 24 घण्टे यानी सोमवार तक 10 जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का ओरेंज अलर्ट जारी किया है।

## 10 जिलों में ओरेंज अलर्ट जारी

**भूस्खलन से पांच एनएच और 288 सड़कें अवरुद्ध :** राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार रविवार सुबह तक राज्य भर में भूस्खलन से पांच नेशनल हाइवे और 288 सड़कें बाधित हैं। मंडी में दो, सिरमौर, कुल्लू और किन्नौर में एक-एक नेशनल हाइवे बंद है। मंडी जिला में सबसे ज्यादा 96 सड़कें बंद हैं। शिमला में 76, कुल्लू में 37, सिरमौर में 33, चम्बा में 26, लाहौल-स्पीति में सात, हमीरपुर में पांच और कांगड़ा व किन्नौर में चार-चार सड़कें बंद हैं।